4 रायपुर संभाग
उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की तैयारियां पूर्ण, 14 नवम्बर से...

6 अभिमत
दो भेडिये और एक मेमना एक बार फिर बनाएंगे नाश्ते का मीनू

09 शिक्षा एवं स्वास्थ्य
शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने निभाई शिक्षक...

10 छत्तीसगढ़
लॉज संचालक सहित दो युवकों पर पीटा एक्ट के...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 13 नवम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-82 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### पीएम मोदी ने इगास पर्व की बधाई दी



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड के लोगों सहित सभी देशवासियों को इगास पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा 'उत्तराखंड के मेरे परिवारजनों सहित सभी देशवासियों को इगास पर्व की बहुत-बहुत बधाई। दिल्ली में मुझे भी उत्तराखंड से लोकसभा सांसद अनिल बलूनी जी के यहां इस त्योहार में शामिल होने का सौभाग्य मिला। मेरी कामना है कि यह पर्व हर किसी के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली लाए।' उन्होंने पोस्ट में कहा 'हम विकास और विरासत को एक साथ लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### जनजातीय गौरव दिवस राज्य स्तरीय आयोजन कल से



**रायपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती-जनजातीय गौरव दिवस पर राजधानी रायपुर स्थित साइंस कॉलेज मैदान में 14 और 15 नवंबर को दो दिवसीय राज्य स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 14 नवंबर को दोपहर 12.30 बजे मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। 14 नवंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे।

### कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजे की चिंता में शेयर बाजार में भूचाल

**मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की संभावित नीतियों की चिंता से विश्व बाजार में आई भारी गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर कंपनियों की दूसरी तिमाही के कमजोर परिणाम और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार जारी पूंजी निकासी से हताश निवेशकों की चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजार में भूचाल आ गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 820.97 अंक अर्थात 1.03 प्रतिशत का गोता लगाकर लगभग तेरह सप्ताह के निचले स्तर 78,675.18 अंक पर आ गया। इससे पहले 06 अगस्त को यह 78,593.07 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 257.85 अंक यानी 1.07 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 23,883.45 अंक रह गया।

# धान खरीदी शुरू होने से पहले समिति प्रबंधकों और कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त

## 6 साल से लंबित मांग 24 घंटे के अंदर हुई पूरी, समितियों के कर्मचारियों के वेतन और भत्तों में बढ़ोत्तरी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



धान खरीदी शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की संवेदनशील पहल पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के प्रबंधकों और कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त हो गई। जानकारी अनुसार समिति कर्मचारियों की 6 वर्षों से लंबित वेतन वृद्धि की मांग को पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा 24 घंटे के भीतर पूर्ण करते हुए समिति कर्मचारियों के वेतन और भत्ते में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। इसके साथ ही अन्य 2 मांगों के संबंध में शासन स्तर पर अंतर्विभागीय समिति का गठन कर उचित कार्यवाही की जा रही है। मुख्यमंत्री साय के पहल पर वर्ष 2018 के बाद पहली बार सहकारी समितियों के लगभग 13 हजार कर्मचारियों के वेतन और भत्तों में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कर्मचारियों की मांगों पर स्वयं संज्ञान लेकर इनके निराकरण के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये थे, इस संबंध में मुख्यमंत्री साय के समक्ष 10 नवम्बर को विभागीय अधिकारियों के साथ सहकारी समितियों के कर्मचारियों की मांगों को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों की मांगों के शीघ्र निराकरण के संबंध में निर्देश दिये।

### कर्मचारियों के वेतन एवं भत्तों में 25 प्रतिशत की वृद्धि

आयुक्त सहकारिता विभाग द्वारा सहकारी समिति कर्मचारी सेवा नियम में संशोधन किये जाने के आदेश 11 नवम्बर 2024 को जारी कर दिये गए। इसमें समिति के कर्मचारियों के वेतन एवं भत्तों में 25 प्रतिशत की वृद्धि स्वीकृत कर दी गई है, जिसमें सभी कर्मचारियों में हर्ष एवं उल्लास व्याप्त है। खाद्य विभाग द्वारा इस आशय का पत्र भी जारी कर दिया गया है कि धान उपार्जन समाप्त होने के एक माह के अंदर धान का उठाव राइस मिलर्स एवं विपणन संघ द्वारा किया जाएगा, यदि इसके पश्चात् भी उपार्जन केन्द्रों में धान शेष रहता है तो खाद्य विभाग द्वारा सहकारी समितियों को धान की सूखत दिये जाने संबंधी प्रस्ताव वित्त विभाग को प्रेषित किया जाएगा। कर्मचारियों की अन्य मांग के निराकरण के संबंध में खाद्य विभाग, वित्त विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग एवं विपणन संघ को शामिल करते हुए एक अंतर्विभागीय समिति का गठन किया गया है, जो कर्मचारी संघ की मांग पर विचार कर निराकरण हेतु प्रस्ताव शासन को प्रेषित करेगी।

### समितियों में वापस लौटे कर्मचारी

सभी कर्मचारी अपनी-अपनी समितियों में कार्य में वापस लौट गए हैं तथा 14 नवम्बर 2024 से प्रारंभ हो रही धान खरीदी की समुचित व्यवस्था में जुट गए हैं। कर्मचारियों द्वारा यह भी आश्वस्त किया गया है कि किसानों को धान उपार्जन के दौरान किसी प्रकार की कोई कठिनाई नही होगी। धान उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक तैयारी 13 नवम्बर 2024 तक पूर्ण कर ली जाएगी। आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं कुलदीप शर्मा द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ धान उपार्जन सुगमतापूर्वक किये जाने के निर्देश सभी विभागीय कर्मचारियों-अधिकारियों को दिये गये हैं। धान उपार्जन के दौरान उपार्जन केन्द्रों का सतत् निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण के निर्देश भी उन्होंने अधिकारियों को दिये हैं। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ द्वारा 4 नवम्बर 2024 से की जा रही हड़ताल मंगलवार को समाप्त घोषित कर दी गई है। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष नरेन्द्र साहू ने समिति कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त घोषित करते हुए कहा है कि समस्त समिति कर्मचारी शासन की समस्त योजनाओं का समिति स्तर से क्रियान्वयन किए जाने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

# रायपुर दक्षिण उप चुनाव के लिए मतदान आज

## सुनील सोनी और आकाश शर्मा के बीच सीधा मुकाबला

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर दक्षिण उप चुनाव के लिए आज मतदान होने है। जिसको लेकर प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। वहीं इस चुनाव में दोनों प्रमुख दल भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला होने जा रहा है। भाजपा की ओर से पूर्व सासंद सुनील सोनी को रायपुर दक्षिण का प्रत्याशी बनाया गया है। यह विधानसभा क्षेत्र भाजपा का गढ़ माना जाता है। रायपुर के वर्तमान सांसद बृजमोहन अग्रवाल यहां से अब तक चुनाव लड़ते आए है। 35 साल बाद भाजपा ने यहां से प्रत्याशी के रूप में सुनील सोनी को मौका दिया है। हालांकि सुनील को बृजमोहन की पसंद बताया जाता है। इस बात पर स्वयं बृजमोहन अग्रवाल ने मुहर लगाया है। पार्टी के साथ ही बृजमोहन और उनकी टीम सुनील सोनी के लिए जमकर पसीने बहा रहे है। वहीं 2008 के बाद कांग्रेस ने फिर से इस क्षेत्र में ब्राम्हण कैंडिडेट पर भरोसा जताया है। कांग्रेस की ओर से एनएसयूआई के अध्यक्ष रहे आकाश शर्मा मैदान में है। इसके पहले कांग्रेस की ओर से ब्राम्हण प्रत्याशी के रूप में 2008 में योगेश तिवारी बृजमोहन अग्रवाल के सामने मैदान पर थे। हालांकि कांग्रेस इस क्षेत्र में लगातार प्रयोग करती रही है। अब तक कांग्रेस की ओर से सबसे ज्यादा वोट पाने वाले उम्मीदवार के रूप में कन्हैया अग्रवाल का नाम शामिल है। वहीं इसके पहले हुए आम चुनाव में महंत रामसुदंरदास की सबसे बड़ी हार हुई थी। लेकिन बृजमोहन के सासंद बनने के बाद अब फिर से इस क्षेत्र में मतदान होने जा रहे है। जिसका फैसला रायपुर की जनता करेंगी। दोनों ही दल अपने-अपने उम्मीदवारों के जीत के दावे कर रहे है। बहरहाल परिणाम क्या होंगे इसका खुलासा 23 नवम्बर को होगा।

# राहुल गांधी के विमान में तकनीकी खराबी, महाराष्ट्र में चिखली की रैली रद्द



**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के विमान में तकनीकी खराबी आने के कारण महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के चिखली में उनकी चुनावी रैली रद्द कर दी गयी। एक वीडियो संदेश के जरिए गांधी ने कहा, मुझे आज चिखली आना था। वहां मुझे सोयाबीन किसानों से मिलना और जनसभा को संबोधित करना था, लेकिन विमान में तकनीकी खराबी के कारण मैं नहीं आ सका। मैं आप सभी से माफी मांगता हूं। मुझे पता है कि महाराष्ट्र में किसानों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। राज्य की भाजपा सरकार सोयाबीन और कपास किसानों को सही कीमत नहीं दे रही है। उन्होंने कहा, मैं आपको बताना चाहता हूं कि इंडिया समूह सत्ता में आयेगी, तो हम आपका ख्याल रखेंगे और आपकी समस्याओं को तुरंत हल करने का प्रयास करेंगे।

# सीआईएसएफ की पहली महिला बटालियन के गठन को मंजूरी

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




गृह मंत्रालय ने महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय सुरक्षा में उनकी भूमिका बढ़ाने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की पहली महिला बटालियन के गठन की मंजूरी दे दी है। सीआईएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि बल उन महिलाओं के लिए पसंदीदा विकल्प रहा है जो केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में देश की सेवा करना चाहती हैं और बल में उनकी हिस्सेदारी 7 प्रतिशत से अधिक है। महिला बटालियन के गठन से देश भर में महत्वाकांक्षी युवा महिलाओं को बल में शामिल होने और देश की सेवा करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इससे बल में महिलाओं को एक नई पहचान मिलेगी। सीआईएसएफ मुख्यालय ने नई बटालियन के मुख्यालय के लिए प्रारंभिक भर्ती, प्रशिक्षण और स्थान के चयन की तैयारी शुरू कर दी है। प्रशिक्षण को विशेष रूप से एक उत्कृष्ट बटालियन बनाने के लिए डिज़ाइन किया जा रहा है जो वीआईपी सुरक्षा और हवाई अड्डों, दिल्ली मेट्रो रेल कर्तव्यों की सुरक्षा में कमांडो के रूप में बहुविध भूमिका निभाने में सक्षम हो। सीआईएसएफ के 53 वें स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देश के अनुरूप बल में सभी महिला बटालियनों के गठन का प्रस्ताव किया गया था।

# हेमंत सरकार सभी मोर्चे पर विफल हर तरफ भ्रष्टाचार : जेपी नड्डा

एजेंसी < गिरिडीह
www.dailypioneer.com



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री जे.पी नड्डा ने झारखंड की हेमंत सरकार को सभी मोर्चे पर विफल करार दिया और कहा कि इस सरकार के कार्यकाल में हर तरफ केवल भ्रष्टाचार है। नड्डा ने गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड के तिवारीडीह मैदान में मंगलवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय जनता दल पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जहां ये तीनो दल मिलकर सरकार बनाए और वहां भ्रष्टचार नहीं हो, ऐसा हो नहीं सकता। इस सरकार के कार्यकाल में माइनिंग में पांच हजार करोड़ रुपए, जल जीवन अभियान में चार हजार करोड़, जमीन में दो हजार करोड़ और मनरेगा में 36 सो करोड़ का घोटाला किया गया है। ऐसे में हेमंत सरकार को चोर सरकार कहना उचित होगा। केंद्रीय मंत्री ने राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठिए का मुद्दा उठाते हुए कहा कि झारखंड की जमीन पर यह घुसपैठिए लगातार कब्जा करते जा रहे है। इससे मुक्ति सिर्फ भाजपा दिलाने वाली है। उन्होंने लोगों से भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनाने का आह्वान करते हुए जमुआ की जनता से मंजू कुमारी को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार लगातार आदिवासियों के हित में करोड़ों रुपए सिर्फ इसलिए खर्च कर रही है उनका जीवन स्तर सुधर सके। देवघर एम्स को लेकर ही जेपी नड्डा ने कहा आने वाले कुछ दिनों में इसी एम्स से हर गंभीर बीमारियों का इलाज होगा।

# ग्लेशियल झीलों के जोखिमों से निपटने के लिए प्रभावी रणनीति जरूरीः डा मिश्रा

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी के मिश्रा ने समुदायों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्लेशियल झीलों से जुड़े जोखिमों से निपटने के लिए प्रभावी रणनीतियों की जरूरत पर बल दिया है। डॉ. मिश्रा ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड (जीएलओएफ) जोखिम न्यूनीकरण के लिए रणनीतियों पर आपदा जोखिम न्यूनीकरण समिति (सीओडीआरआर) की चौथी कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला के आयोजन के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और जल संसाधन विभाग की सराहना करते हुए उन्होंने अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य और अनुभवों, विशेष रूप से भारत के अनुभवों, जोखिमों और संबंधित पहलुओं को कम करने में खामियों और चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया। डॉ. मिश्रा ने कहा कि सिक्किम ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट बाढ़ आपदा पर चर्चा ने चुनौती के पैमाने को सामने ला दिया है। वास्तव में, दक्षिण ल्होनक जीएलओएफ हम सभी के लिए एक चेतावनी थी। उन्होंने ग्लेशियल झीलों से जुड़े जोखिमों से निपटने के लिए प्रभावी रणनीतियों की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया।

# सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व पीएफआई प्रमुख की मेडिकल जांच करने का दिया एम्स को निर्देश

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान को प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष ई. अबूबकर की स्वास्थ्य जांच करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने अबूबकर की मेडिकल आधार पर जमानत के लिए दायर याचिका पर विचार करने के लिए यह आदेश पारित किया और कहा, अगर उन्हें तत्काल चिकित्सा की जरूरत है, तो हम इससे इनकार नहीं कर सकते। पीठ ने कहा कि आगली सुनवाई दो सप्ताह बाद की जाएगी। उनकी स्वास्थ्य की स्थिति का पता चलने के बाद यह विचार किया जाएगा कि क्या मेडिकल आधार पर उन्हें जमानत दी जा सकती है। एम्स को निर्देश दिया गया है कि वह मेडिकल जांच पूरी होने के बाद दो दिनों के रिपोर्ट अदालत के समक्ष पेश करे। शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की उस दलील से सहमत नहीं हुई, जिसमें उन्होंने इस आधार पर उनकी मेडिकल जमानत की याचिका का विरोध किया था कि उन्हें कई बार यहां एम्स ले जाया गया था, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की सलाह नहीं दी। पीठ ने कहा, अगर उन्हें तत्काल चिकित्सा की जरूरत है और हम इसे स्वीकार नहीं करते हैं, तो हम भी जिम्मेदार होंगे। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता को मेडिकल जांच के लिए 'इन-पेशेंट' के तौर पर भर्ती करने के लिए दो दिनों के भीतर एम्स ले जाने का आदेश दिया।पीठ ने कहा, अगर लगातार असहयोग होता है, तो हमारे पास मामले को खारिज करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। पीठ ने कहा, अगर तत्काल चिकित्सा की जरूरत है और हम इसे स्वीकार करने में विफल रहते हैं, तो हम भी जिम्मेदार होंगे। इसलिए, हम इसे डॉक्टरों पर छोड़ देते हैं... (डॉक्टर जो भी कहेंगे) हम उसी के आधार पर जमानत पर आगे विचार करेंगे।' मेहता ने अपनी ओर से दलील दी कि ये सामान्य अपराधी नहीं हैं। इनके खिलाफ आतंकी कृत्य के तहत प्रशिक्षण और कई अन्य सबूत हैं। इस पर पीठ ने कहा, मेडिकल रिपोर्ट आने दीजिए और अदालत इसकी जांच करेगी। हम उसी के आधार पर काम करेंगे। मेहता ने कहा कि पूर्व पीएफआई प्रमुख बाहर आकर वही करना चाहते हैं जो वह पहले करते थे। जिसे सरकार रोकना चाहती है। पीठ ने निर्देश दिया कि जांच पूरी होने के बाद एम्स निदेशक को तीन दिन के भीतर मेडिकल रिपोर्ट भरनी चाहिए। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कामिनी जायसवाल ने कहा कि उन्हें पीईटी स्कैन कराने की जरूरत है और वह गंभीर रूप से बीमार हैं।

## उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए निरंतर अनुकूलन सबसे अच्छी रणनीति है

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए कई पहल की हैं सरकार : राजनाथ सिंह

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार ने तेजी से बदलती दुनिया में नयी चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए बदलते भू-राजनीतिक और तकनीकी परिदृश्य में अनुकूल रक्षा रणनीति की आवश्यकता को पहचानते हुए मजबूत और आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए कई पहल की हैं। सिंह मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन और विश्लेषण संस्थान द्वारा 'अनुकूली रक्षाः आधुनिक युद्ध के बदलते परिदृश्य को नेविगेट करना' विषय पर आयोजित दिल्ली रक्षा संवाद के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि 'अनुकूली रक्षा' एक रणनीतिक दृष्टिकोण है जहां राष्ट्र की सैन्य और रक्षा तंत्र उभरते खतरों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए निरंतर विकसित होते हैं। उन्होंने कहा 'अनुकूली रक्षा' केवल जो हुआ है उसका जवाब देना नहीं है, बल्कि यह अनुमान लगाना है कि क्या हो सकता है, और इसके लिए सक्रिय रूप से तैयारी करना है। संक्षेप में, इसमें अप्रत्याशित और विकसित परिस्थितियों का सामना करते हुए भी अनुकूलन, नवाचार और विकास की मानसिकता और क्षमता विकसित करना शामिल है। उन्होंने कहा कि परिस्थितिजन्य जागरूकता, रणनीतिक और सामरिक स्तरों पर लचीलापन, चपलता और भविष्य की प्रौद्योगिकियों के साथ एकीकरण अनुकूली रक्षा को समझने और बनाने की कुंजी हैं। यह रणनीतिक और परिचालन प्रतिक्रियाओं का मंत्र होना चाहिए। सिंह ने 'अनुकूली रक्षा' को केवल एक रणनीतिक विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे हमारे राष्ट्र के लिए खतरे विकसित हुए हैं, वैसे-वैसे हमारी रक्षा प्रणाली और रणनीति भी विकसित हुई है। हमें भविष्य की सभी आकस्मिकताओं के लिए तैयार रहना चाहिए। यह सिर्फ हमारी सीमाओं की रक्षा करने से कहीं अधिक है, यह हमारे भविष्य को सुरक्षित करने के बारे में है। रक्षा मंत्री ने बताया कि युद्ध की पारंपरिक धारणाएँ उभरती प्रौद्योगिकियों और विकसित होती रणनीतिक साझेदारियों से नया रूप ले रही हैं, साथ ही खतरों और चुनौतियों की बदलती प्रकृति को ध्यान में रखते हुए सशस्त्र बलों में संचालन के नए दृष्टिकोण, सिद्धांत और अवधारणाएँ उभर रही हैं। उन्होंने मौजूदा युग को ग्रे ज़ोन और हाइब्रिड युद्ध कहा, जहाँ बचाव के पारंपरिक तरीकों को चुनौती दी गई है। उन्होंने कहा कि उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए निरंतर अनुकूलन सबसे अच्छी रणनीति है। सिंह ने भारत के सामने आने वाली सुरक्षा चुनौतियों की विविध श्रेणी पर प्रकाश डाला, जिसमें पारंपरिक सीमा-संबंधी खतरों से लेकर आतंकवाद, साइबर हमले और हाइब्रिड युद्ध जैसे अपरंपरागत मुद्दे शामिल हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार ने बदलते भू-राजनीतिक और तकनीकी परिदृश्य में एक अनुकूल रक्षा रणनीति की आवश्यकता को पहचाना है और एक मजबूत तथा आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए कई पहल की हैं। इसमें प्रमुख रक्षा अध्यक्ष की स्थापना, तीनों सेनाओं के बीच संयुक्तता को बढ़ावा देना, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में सुधार करना और दुनिया भर में नई रक्षा साझेदारियाँ बनाना शामिल है।

# स्वदेशी सी-295 की सिम्युलेटर सुविधा का उद्घाटन

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



देश में बनाये जा रहे पहले मालवाहक विमान सी-295 की फुल मोशन सिम्युलेटर सुविधा का उद्घाटन किया गया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि आगरा वायु सेना स्टेशन में इस सुविधा का उद्घाटन स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारी एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने किया। पायलट के प्रशिक्षण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा सिम्युलेटर में किया जा सकता है, जिससे विमान पर उड़ान के कीमती घंटों की बचत होगी। अत्याधुनिक सिम्युलेटर पायलटों को सामरिक एयरलिफ्ट, पैरा-ड्रॉपिंग, पैरा-ट्रूपिंग, मेडिकल निकासी, आपदा राहत जैसे विभिन्न मिशनों का अनुभव कराते हुए लगभग वास्तविक माहौल में प्रशिक्षण के लिए सक्षम बनाता है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि हमारे पायलट युद्ध के लिए तैयार हैं। यह पायलटों को उच्च जोखिम वाली आपात स्थितियों से निपटने में अपने कौशल को निखारने और महत्वपूर्ण निर्णय लेने का भी अनुभव देता है। वायुसेना में सी-295 विमान को शामिल करने से देश के एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा मिलेगा, जो देश में परिवहन विमानों के निजी क्षेत्र के उत्पादन में आत्मनिर्भर भारत की शुरुआत में महत्वपूर्ण पड़ाव है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पेन के अपने समकक्ष के साथ पिछले महीने ही वड़ोदरा में इस विमान को बनाने वाली इकाई का उद्घाटन किया था।

# झारखंड में दिव्यांगों, महिलाओं और बुजुर्गों की पेंशन बढ़ाकर 2500 रुपए कर दी जाएगी : अमित शाह

पायनियर संवाददाता < रांची
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग से एक दिन पहले धनबाद जिले के बाघमारा में झारखंड के लोगों के लिए बड़ी घोषणा की। शाह ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगों की पेंशन राशि बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि 23 नवंबर के बाद झारखंड में भाजपा की सरकार बनेगी, दिव्यांगों, महिलाओं और बुजुर्गों की पेंशन बढ़ाकर 2500 रुपए कर दी जाएगी। उन्होंने 20 नवंबर को बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में कमल के निशान पर बटन दबाकर ढुलू महतो के भाई भाजपा उम्मीदवार शत्रुघ्न महतो को जिताने की अपील की। शाह ने कहा कि 10 साल तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड की भूमि को गरीब कल्याण का माध्यम बनाया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना, मुद्रा योजना, पीएम जनमन योजना जैसी कल्याणकारी योजनाएं झारखंड की भूमि से शुरू की गई। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के अलावा लाखों करोड़ों रुपए झारखंड के विकास के लिए दिए गए।कहा कि 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी ने देश के गरीबों के लिए ढेर सारे काम किए हैं। हर गरीब के घर तक शौचालय पहुंचाया, गैस का सिलेंडर पहुंचाया, घर दिया, बिजली पहुंचाई, पीने का पानी पहुंचा रहे हैं और हर महीने मुफ्त राशन दे रहे हैं।

# विजन डॉक्यूमेंट होगा विकसित मध्यप्रदेश का आधार : यादव

पायनियर संवाददाता ⮜ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विजन डॉक्यूमेंट एड द रेट ऑफ 2047 विकसित मध्यप्रदेश का आधार होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
वर्ष 2047 तक मध्यप्रदेश को विकसित राज्य बनाने के उद्देश्य से 'विकसित मध्यप्रदेश एड द रेट ऑफ 2047 विज़न डॉक्यूमेंट' तैयार किया जा रहा है। डॉ. यादव मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह इस संबंध में नीति आयोग के सीईओ बी.वी. आर. सुब्रमण्यम ने राज्य के प्रमुख अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की थी। उन्होंने मंत्रीगण को अपने-अपने विभागों में विजन डॉक्यूमेंट की तैयारी की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी तीन माह में डॉक्यूमेंट का प्रारूप मंत्रि-परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में वंदे-मातरम् के गान साथ आरंभ हुई। मुख्यमंत्री ने मंत्रि-परिषद के सहयोगियों को प्रदेश में शहरी विकास और शहरी प्लानिंग के संबंध में अपने सुझाव नगरीय विकास एवं आवास विभाग से साझा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश के शहरों को झुग्गी मुक्त किए जाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी सहित अन्य घटकों में कार्य जारी है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में 9 लाख 50 हजार हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सितम्बर 2024 में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 लागू की गई, जिसमें पहले की तरह स्वयं की भूमि पर 2 लाख 50 हजार रूपए तक का अनुदान प्राप्त करना प्रमुख घटक है। डॉ. यादव ने कहा कि 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाने वाली भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर धार और शहडोल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम होंगे, जिन्हें प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअली संबोधित करेंगे।

## हेमंत सरकार के संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठिया गैंग झारखंड में सक्रिय: बाबूलाल मरांडी

**रांची।** झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी ने ईडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज रांची में ईडी की कारवाई के दौरान बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड में बसाने की जिस साजिश का उद्भेदन हुआ है, वह अत्यंत राज्य की आंतरिक सुरक्षा के लिए बेहद चिंताजनक है। कहा कि पहले भी कई बार बता चुका हूं कि घुसपैठियों को अवैध तरीके से भारत में प्रवेश कराने वाला गैंग झारखंड में सक्रिय है। हेमंत सरकार के संरक्षण में यह गैंग बांग्लादेश से प्रवेश कराने से लेकर घुसपैठियों को मदरसों में ठहराने से लेकर उनका वोटर आईडी, आधार कार्ड व पासपोर्ट बनाने तक का जुगाड़ लगाता है। मरांडी ने क्षकहा कि हैरानी है कि झारखंड की सुरक्षा और संप्रभुता के साथ खिलवाड़ कर झामुमो कांग्रेस की सरकार झारखंड को बारूद के ढेर पर ला खड़ा किया है। विगत कुछ सालों के दौरान हुई बेतहाशा घुसपैठ ने झारखंड की मूल पहचान पर संकट खड़ा कर दिया है। कहा कि संथाल परगना के साथ-साथ राजधानी रांची, लोहरदगा, गुमला, चाईबासा समेत कई जिले घुसपैठियों के सेफ जोन बन चुके हैं। कुछ दिनों पूर्व रांची में बांग्लादेशी युवतियों की गिरफ्तारी के बाद रांची पुलिस को ही प्रारंभिक साक्ष्य मिले थे, इसके बावजूद प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। कहा कि इसके विपरीत माननीय न्यायालय के समक्ष घुसपैठ के स्याह सच को छुपाते हुए झूठा शपथ पत्र दायर किया गया, सुप्रीम कोर्ट जाकर घुसपैठ की जांच रुकवाने का प्रयास भी किया गया। मरांडी ने कहा कि वादा उनका संकल्प है कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही पिछले दस से पंद्रह सालों के अंदर बने फ़र्जी वोटर आईडी कार्ड की जांच उसे रद्द किया जाएगा।

# सपा छात्र सभा के महासचिव ने पीसीएस परीक्षा पेपर में परिवर्तन के विरोध में जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन

एजेंसी ⮜ लखनऊ
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रारंभिक परीक्षा 2024 और समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी प्रारंभिक परीक्षा 2023 के पेपर में हुए परिवर्तन के विरोध में समाजवादी छात्र सभा राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने लखनऊ में राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव दिलीप कृष्णा के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। समाजवादी छात्रसभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ इमरान ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की छात्र विरोधी नीतियों का जमकर विरोध किया। समाजवादी छात्र सभा राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा प्रतिनिधि मंडल भेजकर आयोग के सामने होने वाले प्रतियोगी छात्रों के आंदोलन का समाजवादी छात्र सभा राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा समर्थन पत्र सौंपा गया और भरोसा दिलाया कि आंदोलन में हर संभव सहयोग प्रदान करने को तैयार है।

# राजग सरकार लोगों की सेवा के प्रति समर्पित : शाम्भवी

एजेंसी ⮜ समस्तीपुर
www.dailypioneer.com

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की युवा नेत्री एवं बिहार के समस्तीपुर सीट से सांसद शाम्भवी चौधरी ने कहा है कि केन्द्र और राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार लोगों की सेवा के लिए समर्पित है। सांसद शाम्भवी चौधरी पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राजग सरकार लोगों की सेवा के लिए समर्पित है और इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुधवार को दरभंगा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के निमार्ण कार्य का शिलान्यास करना इसका मजबूत प्रमाण है। एम्स के निर्माण से समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि संपूर्ण मिथिलांचल के गरीब परिवारों एवं आमलोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिल सकेगी। चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार को विकसित प्रदेश बनाने में लगे है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार प्रदेश के चौतरफा विकास के लिए हर संभव आर्थिक मदद दे रही है। इस अवसर पर लोजपा(आर) के जिलाध्यक्ष अनुपम सिंह उर्फहीरा सिंह समेत अन्य पार्टी नेता उपस्थित थे।

# फर्रुखाबाद में 1.40 लाख रुपये के नकली नोट जब्त कर चार अभियुक्तों को भेजा जेल

एजेंसी ⮜ फर्रुखाबाद
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले की पुलिस ने एक लाख चालीस हजार के नकली नोटों को बरामद कर चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जिले के मोहम्मदाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, एसओजी प्रभारी उप निरीक्षक सचिन चौधरी तथा सर्विलांस प्रभारी उपनिरीक्षक विशेष कुमार ने दल बल के साथ आज पूर्वाह्न 10 बजे कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जाजपुर गोवा अंडरपास के समीप से, एटा जिले के थाना राजा का रामपुर के ग्राम विलसड के निवासी सर्वेश कुमार तथा उसके साथी फर्रुखाबाद जिले के मेरापुर थाना के ग्राम टिकुरा नगला निवासी विपिन कुमार उर्फ जे.पी. को धरदबोचा। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इन दोनों पकड़े गए अभियुक्तों से पूछताछ और निशानदेही के आधार पर मेरापुर थाना के ग्राम नदौरा के निवासी यज्ञमित्र तथा इसी गांव के उसके साथी दीपक यादव के आवास पर छापा मार कर एक लाख चालीस हजार नौ सौ रुपए के नकली नोट एवं इन्हें बनाने के उपकरणों में एक रंगीन प्रिंटर, 377 पेपर, 5 मोबाइल, कटर मशीन आदि सामान बरामद किया गया।

डॉ सिंह ने बताया कि पुलिस ने यहां छापामारी में नकली नोटों में, 500 रुपये के 180 और 100 रुपय के 503 तथा 200 रुपये के तीन समेत कुल एक लाख चालीस हजार नौ सौ नकदी बरामद करके चारों अभियुक्तों को जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

# जिला स्तरीय जनजाति खेलकूद प्रतियोगिता 14 एवं 15 नवंबर को

एजेंसी ⮜ उदयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के उदयपुर में जिला स्तरीय जनजाति खेलकूद प्रतियोगिताएं 14 एवं 15 नवम्बर को आयोजित की जाएगी। जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने बताया कि राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद जयपुर, जिला प्रशासन एवं क्षेत्रीय खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में यह प्रतियोगिताएं स्थानीय महाराणा भूपाल स्टेडियम उदयपुर में आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं में एथेलेटिक्स में 17 बालक एवं 17 बालिकाएं , फूटबॉल में 16 बालक एवं 16 बालिकाएं , तीरंदाजी में चार बालक एवं चार बालिकाएं, खो-खो में 12 बालक एवं 12 बालिकाएं भाग लेंगे। इसी प्रकार कबड्डी में दस-दस, खो -खो में 12 बालक एवं 12 बालिकाएं, वालीबाल में 12 बालक एवं 12 बालिकाएं एवं हाकी में 16 बालक एवं 16 बालिकाएं भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय जनजाति खेलकूद प्रतियोगिता में चयनित टीम, खिलाडी 25 से 27 नवंबर को महाराणा प्रताप खेलगांव उदयपुर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# चौधरी ने सांसद कोष से नवीनीकृत हुए बार एसोसिएशन सभागार का जीर्णोद्धार के बाद किया लोकार्पण

एजेंसी ⮜ अजमेर
www.dailypioneer.com

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने मंगलवार को अजमेर जिले में किशनगढ़ के न्यायालय परिसर में बार एसोसिएशन के सभागार का जीर्णोद्धार उपरांत लोकार्पण किया। इस परियोजना की 10 लाख रुपये लागत सांसद निधि से प्रदान की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन दीपावली स्नेह मिलन समारोह के रूप में किया गया, जिसमें उन्होंने बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को शुभकामनाएं दीं और उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं के बीच आपसी सौहार्द और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित एडवोकेट प्रीमियर लीग 2024 के विजेताओं और उपविजेताओं को भी सम्मानित किया गया। चौधरी ने प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न और ट्रॉफी देकर उनकी खेल भावना की सराहना की। समारोह में अधिवक्ता समुदाय के साथ गहरा संबंध स्थापित करने और उनके प्रति समर्थन जताने का संदेश दिया गया। चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस सभागार के माध्यम से अधिवक्ताओं को बेहतर संसाधन, आधुनिक सुविधाएं, और विचार-विमर्श के लिए एक सुसज्जित मंच मिलेगा। उन्हें विश्वास है कि यहां से निकलने वाले विचार, बहस और मुद्दे न्यायपालिका को और भी मजबूत करेंगे और हमारे समाज को न्याय दिलाने में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि न्याय प्रणाली हमारे लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। अधिवक्ता बंधुओं का योगदान इस स्तंभ को सुदृढ़ करने में सराहनीय है। उम्मीद है कि यहां से निकले विचार, चिंतन और संवाद, देश और समाज को नई दिशा देने में मददगार होंगे।

## श्वान के हमले घायल राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में श्वान के हमले से घायल राष्ट्रीय पक्षी मोर की उपचार के दौरान मौत हो गयी। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार सबलगढ़ अनुभाग में एक राष्ट्रीय पक्षी मोर (मादा) को अपने अंडे सेते समय ग्राम पिपरघान में एक श्वान ने काट खाया जिससे वह गंभीररूप से घायल हो गई थी। ग्रामीणों ने मोर के घायल होने की सूचना सबलगढ़ के अनुविभागीय दंडाधिकारी को दी। अनुविभागीय अधिकारी ने सबलगढ़ सिविल अस्पताल के सर्जिकल विशेषज्ञ डाक्टर शरद शर्मा को घायल राष्ट्रीय पक्षी का तत्काल उचित उपचार करने के निर्देश दिए। सर्जिकल विशेषज्ञ ने पहली बार पशु चिकित्सक की मदद से उसके पेट की सर्जरी की लेकिन सोलह घंटे बाद आज उसकी मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियों ने मोर के शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पीएम कराए जाने के बाद सम्मान के साथ दाह संस्कार कर दिया हैं।

## किरोड़ी ने जयपुर में पानी की टंकी पर चढ़े दो युवकों को उतारा नीचे

**जयपुर।** राजस्थान के कृषि मंत्री डा किरोड़ी लाल मीणा ने राजधानी जयपुर के हिम्मतनगर क्षेत्र में पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा-2021 को रद्द करने की मांग को लेकर दो दिन से पानी की टंकी पर चढ़े दो युवकों को समझाकर नीचे उतारा और उनका धरना समाप्त कराया। डा मीणा दोपहर में घटनास्थल पर पहुंचे और माइक से दोनों युवकों को नीचे उतारने के लिए समझाने का प्रयास किया लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद डा मीणा खुद टंकी पर चढ़कर इन युवकों के पास पहुंच गए और युवकों से बातचीत एवं उन्हें समझाकर अपने साथ टंकी से नीचे उतारा। मंत्री के समझाने पर युवकों ने अपना धरना समाप्त कर दिया। उल्लेखनीय है कि एसआई भर्ती को रद्द करने की मांग को लेकर ये दोनों युवक रविवार को पानी की टंकी पर चढ़ गए थे।

## सांस्कृतिक धरोहर पुष्कर मेले से अर्थव्यवस्था, पर्यटन और सामाजिक समरसता को मिलता है बढ़ावा-चौधरी

**अजमेर।** केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने देवोत्थान एकादशी के पावन अवसर पर ब्रह्माजी की नगरी पुष्कर में चल रहे ख्यातिप्राप्त अंतरराष्ट्रीय पुष्कर मेले में आध्यात्मिक यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पुष्कर नगर पालिका चैयरमैन कमल पाठक, विभिन्न संप्रदायों के मठाधीश, अनेक समाजों के प्रबुद्ध नागरिक सहित विभिन्न संस्थाएं और सामाजिक संगठन मौजूद थे। चौधरी ने मेला कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मेले, उत्सव और परंपराएं हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं जो विविधता में एकता का संदेश देती हैं। ये परंपराएं हमें अपनी जड़ों से जोड़ती हैं और आने वाली पीढ़ियों को भी यह सीख देती हैं कि हमारी संस्कृति कितनी समृद्ध और विविध है। उन्होंने कहा कि पुष्कर मेले का यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक महत्व रखता है बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था, पर्यटन और सामाजिक समरसता को भी सुदृढ़ बनाता है। आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक इस धरती के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों का अनुभव करते हैं जो केवल भारत में ही संभव है।

## अजमेर बार एसोसिएशन ने दूसरे दिन भी किया कार्य का बहिष्कार

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर जिला बार एसोसिएशन की ओर से एक अधिवक्ता साथ हुई पुलिस अभद्रता को लेकर मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी कार्य बहिष्कार कर जिला एवं सत्र न्यायालय के बाहर प्रदर्शन किया गया। बार एसोसिएशन अध्यक्ष चंद्रभान सिंह राठौड़ ने बताया कि एसोसिएशन की ओर से पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर सिविल लाइंस थाना प्रभारी छोटे लाल मीणा को तुरंत हटाने का आग्रह किया था। लेकिन आज दूसर दिन भी कोई सकारात्मक कार्यवाही सामने नहीं आई। जिससे वकीलों में रोष है। उन्होंने बताया कि वकीलों ने तीन दिन न्यायायिक कार्य बहिष्कार का फैसला लिया है।

# रायबरेली कृषि अधिकारी ने की किसानों से खाद भंडारण न करने की अपील

एजेंसी ⮜ रायबरेली
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के रायबरेली में कृषि अधिकारी ने जिला किसानों से अफवाहों से सावधान रहने और कृषि में प्रयुक्त उर्वरक आदि सामग्रियों के अग्रिम भंडारण न करने की अपील की और कहा कि जिले में पर्याप्त मात्रा में डीएपी, एनपीके और एसएसपी खाद वितरण हेतु गोदाम पर उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी ने जिले के कृषक बंधुओ से कहा है कि चालू रबी सीजन में सोमवार (11 नवंबर) तक जिले में डीएपी 2104 टन, एनपीके 3774 टन एवं एसएसपी 1179 टन वितरण हेतु निजी एवं सहकारी बिक्री केन्द्रों और गोदामों पर उपलब्ध है। चालू रबी सीजन में 01 अक्टूबर 2024 से 11 नवम्बर 2024 तक डीएपी 10038 टन, एनपीके 2776 टन एवं एसएसपी 322 टन की बिक्री हुई है। जबकि विगत वर्ष 01 अक्टूबर से लेकर 11 नवम्बर तक डीएपी 14522 टन एवं एनपीके 2059 टन एवं एसएसपी 762 टन की बिक्री हुई थी। जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि इस प्रकार विगत रबी सीजन की अपेक्षा चालू सीजन में एनपीके 717 टन की अधिक और डीएपी की 4484 टन कम बिक्री हुई है, जिसका मुख्य कारण सितम्बर माह में बारिश का होना है। इसके फलस्वरूप फसलों की बुआई में कुछ देर हुई है। साथ ही फास्फेटिक के रूप में एनपीके की बिक्री विगत वर्ष से अधिक हुई है। इस समय रबी फसलों की बुवाई हेतु फास्फेटिक उर्वरक जिसमें डीएपी एनपीके एवं सिंगल सुपर फ स्फेट का प्रयोग किसान बंधुओं द्वारा किया जा रहा है की समुचित मात्रा उपलब्ध है। किसान डीएपी के स्थान पर अन्य फास्फेटिक उर्वरक जैसे एनपीके, टीएसपी (ट्रिपल सुपर फास्फेट) एवं सिंगल सुपर फास्फेट का प्रयोग गेहूँ, आलू और अन्य फसलों की बुवाई के समय कर सकते हैं। अधिकारी ने बताया है कि विगत वर्षों की भांति उर्वरकों की आपूर्ति हो रही है। जिले में चालू माह में डीएपी उसी तरह से प्राप्त हो रही है जैसे विगत वर्षों में प्राप्त होती थी और आगे भी प्राप्त होती रहेगी। आज (12 नवम्बर 2024) जिले के रैक पॉइंट पर इफको कम्पनी की हाफ रैक डीएपी और एनपीके लगी है जिसमें से जिला रायबरेली को 920 टन डीएपी एवं 344 टन एनपीके 20:20:0:13 प्राप्त हुई है जिसे जनपद के सहकारी क्षेत्रों में साधन सहकारी समितियों और इफको केन्द्रों के माध्यम से वितरित कराया जा रहा है।

# बागपत में ससुरालियों ने लगाया बहू के बेडरूम में हिडन कैमरा, तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

वार्ता ⮜ बागपत
www.dailypioneer.com


उत्तर प्रदेश में बागपत के खेकड़ा थाना क्षेत्र के रटौल गांव में दहेज में 10 लाख रुपये की मांग पूरी न करने पर बहू के बैडरूम में ससुरालियों ने हिडन कैमरा लगाने की जानकारी होने पर बहू अपने पति और सास-ससुर के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस ने इस मामला में तीन के खिलाफ अभियोग दर्ज किया और जांच शुरू कर दी है। दरअसल, दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल में बहू के साथ मारपीट की घटनाएं तो सामने आती रहती थीं, लेकिन खेकड़ा थाना क्षेत्र के रटौल गांव में एक मामला ऐसा भी सामने आया है, जहां पर दहेज की मांग पूरी न होने पर बहू को ब्लैकमेल करने के लिए सास, ससुर और पति ने उसके बेडरूम में हिडन कैमरा ही लगवा दिया। बहू को बेडरूम में कैमरा लगा होने की जानकारी हुई तो मामला थाने पहुंच गया। तीन आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि खेकड़ा कोतवाली क्षेत्र के रटौल गांव की रहने वाली पुष्पा की शादी पांच साल पहले करावलनगर के थाना दयालपुर क्षेत्र के रोशन विहार में जितेंद्र कुमार के साथ हुई थी। लड़की के मायके वालों के अनुसार, शादी में ससुराल पक्ष के लोगों को आल्टो कार, लगभग 25 लाख रुपये के आभूषण, सामान के अलावा नगदी भी दी थी। शादी के कुछ महीने बाद ही पति जितेंद्र कुमार, ससुर सुंदरपाल, सास राजवती, ननद रीना, पुष्पा से दहेज की मांग करने लगे।

## रिश्वत लेते आबकारी अधिकारी व सहायक आबकारी अधिकारी गिरफ्तार

**सिवनी।** मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में जबलपुर लोकायुक्त के दल ने आज शैलेश कुमार जैन, सहायक आयुक्त आबकारी व पवन कुमार झारिया, सहायक जिला आबकारी अधिकारी को 03 लाख 50 हजार रूपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। लोकायुक्त सूत्रों ने बताया कि आवेदक राकेश कुमार वह तीन सिंडिकेट ग्रुप के नौ शराब दुकानों का ठेका संचालन करता है जिससे रिश्वत 5 लाख रुपए की मांग शैलेश कुमार जैन, सहायक आयुक्त आबकारी सिवनी द्वारा की गई, जिसकी शिकायत सत्यापन किया गया।

# पर्यावरण के संरक्षण पर जोर दिया उप राष्ट्रपति ने

वार्ता ⮜ उज्जैन
www.dailypioneer.com



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इस दिशा में सभी को मिलकर प्रयास करना होंगे और महाकवि कालिदास की रचनाओं में भी इस बात को रेखांकित किया गया है। धनखड़ विश्व प्रसिद्ध भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में अखिल भारतीय कालिदास समारोह के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे। धनखड़ ने अपने संबोधन में महाकवि कालिदास की महान कृति मेघदूतम का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें पर्यावरण संरक्षण की बात कही गयी है। यह आज के युग की भी आवश्यकता है। प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पेड़ लगाकर उसकी देखरेख करना चाहिए। अन्यथा, यह सब जानते हैं कि मानव के रहने के लिए कोई और पृथ्वी नहीं है। उन्होंने नागरिकों के अधिकारों के परिप्रेक्ष्य में कहा कि संविधान ने जहां प्रत्येक नागरिक को अधिकार दिए हैं, तो उसके कर्तव्यों के बारे में भी बताया गया है। हमें कर्तव्यों का पालन भी करना चाहिए। अधिकारों और कर्तव्यों में संतुलन आवश्यक है। हम सब भारत के नागरिक हैं और राष्ट्रधर्म ही हमारा सबसे बड़ा धर्म है। उप राष्ट्रपति ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को विश्व में अद्वितीय बताते हुए कहा कि यह हमारे देश को संपूर्ण विश्व में अलग दर्जा दिलाती है। जो देश या समाज अपनी संस्कृति और पहचान को संभालकर नहीं रख सकता है, वह ज्यादा समय तक नहीं टिकता है। उन्होंने सभी से संस्कृति के संरक्षण के लिए कार्य करने का आह्वान भी किया। उन्होंने महाकवि कालिदास की एक अन्य रचना अभिज्ञान शाकुंतलम का जिक्र किया और कहा कि इसमें शकुंतला की चरित्र के बारे में बताया गया है।

## जिला स्तरीय जनजाति खेलकूद प्रतियोगिता 14 एवं 15 नवंबर को

**उदयपुर।** राजस्थान के उदयपुर में जिला स्तरीय जनजाति खेलकूद प्रतियोगिताएं 14 एवं 15 नवम्बर को आयोजित की जाएगी। जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने बताया कि राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद जयपुर, जिला प्रशासन एवं क्षेत्रीय खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में यह प्रतियोगिताएं स्थानीय महाराणा भूपाल स्टेडियम उदयपुर में आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं में एथेलेटिक्स में 17 बालक एवं 17 बालिकाएं , फूटबॉल में 16 बालक एवं 16 बालिकाएं , तीरंदाजी में चार बालक एवं चार बालिकाएं, खो-खो में 12 बालक एवं 12 बालिकाएं भाग लेंगे। इसी प्रकार कबड्डी में दस-दस, खो -खो में 12 बालक एवं 12 बालिकाएं, वालीबाल में 12 बालक एवं 12 बालिकाएं एवं हाकी में 16 बालक एवं 16 बालिकाएं भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय जनजाति खेलकूद प्रतियोगिता में चयनित टीम, खिलाडी 25 से 27 नवंबर को महाराणा प्रताप खेलगांव उदयपुर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर एक कार्मिक निलंबित

वार्ता ⮜ उदयपुर
www.dailypioneer.com




राजस्थान में सलूम्बर विधानसभा उपचुनाव-2024 के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने एक कार्मिक को निलंबित कर दिया है जबकि 15 कार्मिक पोस्टिंग आदेश की प्रतिक्षा में (एपीओ) हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, जिला निवार्चन अधिकारी अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में सोशल मीडिया पर व्यापक निगरानी की जा रही है। इसमें सरकारी कर्मचारियों की गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया एवं अन्य मंचों पर राजनैतिक दल अथवा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार प्रसार की गतिविधियों में संदिग्ध भूमिका पाए जाने पर सोमवार को एक कार्मिक को निलंबित भी किया गया है, वहीं 15 कार्मिक पोस्टिंग आदेश की प्रतिक्षा में हैं। पोसवाल ने मुख्य जिला शिक्षाधिकारी उदयपुर तथा उदयपुर एवं सलूम्बर जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारंभिक एवं माध्यमिक को पत्र प्रेषित कर सभी कार्मिकों के आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के लिए सख्त हिदायत दी है। उन्होंने बताया कि जिला नियंत्रण कक्ष द्वारा सभी कार्मिकों के सोशल मीडिया पर तथा स्थानीय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

# कलेक्टर ने आयोजन के संबंध में समय–सीमा की बैठक में दिए दिशा–निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 15 नवंबर को जिले में भव्य आयोजन होगा, जिसमें मुख्य अतिथि अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं विधायक ललित चन्द्राकर होंगे। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समय-सीमा की बैठक में आयोजन की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जिला स्तर पर राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं एवं उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कलेक्टर दुदावत ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में धान खरीदी की तैयारियों के संबंध में भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी केन्द्रों के लिए सीसीटीव्ही, इलेक्ट्रॉनिक बाट, मॉइस्चर मीटर, बायोमेट्रिक मशीन और आवश्यक पंजीयो की व्यवस्था की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्र के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी केन्द्रों में पे-आउट की व्यवस्था कराने हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने धान खरीदी के दौरान कड़ी निगरानी के लिए चेक पोस्ट में ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर कड़ी कार्यवाही होगी। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों के प्रगति की भी समीक्षा की और अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन अधिकार पत्र धारकों के फौती नामांतरण के प्रकरण का निराकरण प्राथमिकता के साथ करने के लिए भी निर्देशित किया। इसके साथ ही राशन कार्डधारियों के ईकेवायसी कार्य, पशु संगणना कार्य और आंगनबाड़ी केन्द्रों को सक्षम आंगनबाड़ी के रूप में उन्नयन कार्य की प्रगति की भी जानकारी ली।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं

कलेक्टर दुदावत ने समय-सीमा की बैठक के पश्चात जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं भी सुनी। इस दौरान ग्राम रांधना निवासी बिकेश प्रधान ने गुणवत्ताहीन बीज के कारण उत्पादन नहीं होने पर बीज कंपनी एवं बीज विक्रेता दुकानदार पर कार्यवाही की मांग की जिस पर कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारी को जांच हेतु अग्रेषित किया। इसी प्रकार ग्राम बेचा निवासी सुबती बाई ने आवास, ग्राम खड़पड़ी निवासी भागीधर कश्यप हैण्डपंप और भुनेश्वर राठौर ने राजमिस्त्री कार्य को आगे बढ़ाने के लिए ऋण की मांग सहित कई आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर डीएफओ रमेश जांगड़े व गुरूनाथन, जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# दो दिवसीय उन्मुखीकरण सह–मत्स्य पालन प्रशिक्षण सम्पन्न







पायनियर संवाददाता ◀ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर और केंद्रीय मिठाजल जलीय अनुसंधान (सिफा) के संयुक्त तत्वाधान मे दो दिवसीय उन्मुखीकरण सह- मत्स्य पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन 8 और 9 नवम्बर 2024 को कृषि प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन केंद्र ब्रेहबेड़ा मे किया गया था जिसमें 115 कृषको एवं कृषि महाविद्यालय नारायणपुर के 24 छात्र छात्राओं को मत्स्य पालन का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे डॉ. पी के साहू निदेशक सिफा आईसीएआर उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी व्याप्तानंद, सचिव रामकृष्ण मिशन आश्रम नारायणपुर ने किया। विशिष्ट अतिथि डॉ एन के बारीक प्रमुख वैज्ञानिक (सिफा) आई सी ए आर, डॉ के सी दास प्रमुख वैज्ञानिक (सिफा) आई सी ए आर, डॉ पी राउत्रे प्रमुख वैज्ञानिक (सिफा) आईसीएआर, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ रत्ना नशिने, सहायक संचालक मत्स्य पुष्पा विनोदिया, स्वामी अनुभवानंद सहायक सचिव रामकृष्ण मिशन अश्रम नारायणपुर, स्वामी कृष्णामृतानन्द प्राचार्य विवेकानंद विद्यापीठ नारायणपुर, स्वामी अलिप्तात्मानंद प्रभारी उद्यान एवं गौशाला विभाग, स्वामी विश्वपानंद प्रभारी कृषि प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन केंद्र ब्रेहबेड़ा, अन्य अतिथि एवं प्रगतिशील मत्स्य पालक मौजूद रहे। निदेशक सिफा ने नारायणपुर मे उन्नत कार्प मछली पालन किये जाने पर जोर दिया गया एवं आश्रम द्वारा कृषको के लिए किये जाने वाले कार्यो की सराहना की वही रामकृष्ण मिशन आश्रम के सचिव ने समन्वित रूप से मत्स्य पालन कर कृषको को आय मे वृद्धि कर सामर्थवान होने की बात कही साथ ही 100 कृषको को जयंती रोहू का इयरलिंग बीज एवं डिओइल्ड राइस ब्रान प्रदान किया गया।

# किरन्दुल नगरीय निकाय कर्मचारी तीन दिवसीय हड़ताल पर



पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com

नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले फिर से अपने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर 12 नवंबर 2024 से 6 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल में है पूर्व में इस संबंध में अरुण साहू विभागीय मंत्री के द्वारा 26 एवम 27 सितंबर समीक्षा बैठक में 1 तारीख को वेतन भुगतान करने नगरीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश देने के बावजूद भी नगरीय निकायो में आज की स्थिति में 1 तारीख को वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे नगरीय निकाय के कर्मचारियों में रोष है।

ज्ञात हो की समय पर वेतन की मांग को लेकर नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी संगठन ने तीन दिवसीय हड़ताल दो दिवस में संचालक नगरी प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया था इसी कारण विभागीय मंत्री ने समय पर वेतन भुगतान हेतु नगर निगम एवं नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया था उसके बाद भी वेतन समय पर भुगतान नहीं होने पर नवयुक्त कर्मचारी संगठन ने पुनः हड़ताल की घोषणा की है जिसकी शुरुवात आने वाले समय में नगरीय निकाय चुनाव पर असर होगा।नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी संघ दंतेवाड़ा जिले के कर्मचारी मंगलवार दोपहर 01 बजे बारसूर, गीदम, दंतेवाड़ा, बड़े बचेली, किरंदुल के सभी निकाय के कर्मचारी इस हड़ताल में सम्मिलित हुए।

# बस्तर ओलम्पिक 2024 का सुचारू ढंग से आयोजन सुनिश्चित करें : नाहटा

पायनियर संवाददाता ◀ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने कलेक्ट्रेट के डंकनी सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में विभिन्न विकास कार्यो सहित विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की। वहीं उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के कारगर क्रियान्वयन पर जोर देते हुए पात्र सभी लोगों को सेचुरेशन किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से विभागीय गतिविधियों और कार्यो की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विकास कार्यो की प्रगति, जनकल्याणकारी योजनाओं का कार्यान्वियन और समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई। जिला पंचायत सीईओ ने बैठक के दौरान सहकारी समितियों द्वारा पंजीयन का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश। जिले में चल रहे निर्माण कार्यो को तेजी से संचालित कर नियत समयावधि में पूर्ण किए जाने कहा। उन्होंने जिला स्तरीय सभी अधिकारियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होने आय, जाति, निवास, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय हेतु अभियान चलाया जाकर सेचुरेशन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। नक्सली हिंसा पीड़ितों के पुनर्वास हेतु आवास के लिए भूमि की उपलब्धता तथा अन्य सहायता प्रदान किए जाने कहा। सीईओ जिला पंचायत ने जिले के 600 आंगनबाड़ी केन्द्रों का सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में उन्नयन तथा पात्र महतारी लाभार्थियों को उनकी बेटियों के लिए सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित कर उनके बेहतर भविष्य के लिए बचत को प्रोत्साहित किए जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा सखी वन स्टॉप सेंटर के भवन निर्माण की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति रिपोर्ट लेने के निर्देश दिए। जिले के अन्य विभागों द्वारा विद्युत विभाग से संबंधित कार्य के लिए डीडी का भुगतान करने के उपरांत भी विद्युत विभाग द्वारा पूर्ण नहीं किए गए कार्यो की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं इन कार्यो को प्राथमिकता के साथ पूर्ण किए जाने कहा। जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल प्रमाणीकरण की स्थिति, अपूर्ण टंकियों का निर्माण एवं एफएचटीसी कार्यो में अद्यतन प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सभी कार्यालयों में हर महीने के तीसरे शनिवार को साफ-सफाई कर अपशिष्ट पदार्थो को डिस्पोजल किए जाने कहा गया। साथ ही स्वच्छता में अच्छे कार्य करने वालों को सम्मानित भी किए जाने के निर्देश दिए गए। सीईओ जिला पंचायत ने बस्तर के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने, उनके रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को पहचानकर खिलाड़ी के रूप में तैयार करने हेतु जिले में बस्तर ओलंपिक 2024 के सुचारू आयोजन किए जाने कहा और इस दिशा में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। किशोरी बालिकाओं के लिए योजना के समुचित क्रियान्वयन एवं पोषण ट्रैकर एप्प में नियमित डाटा एंट्री करने, एनएमडीसी सीएसआर निधि अंतर्गत स्वीकृत कार्यो का उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं पूर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए जाने हेतु सुनिश्चित करें।

# लिखित परीक्षा उत्तीर्ण छात्र 25 नवम्बर के पूर्व करवा सकते है नाम दर्ज

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय जिला रोजगार अधिकारी के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार भारतीय थल सेना द्वारा अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल 2024 में आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 04 दिसम्बर 2024 से 12 दिसंबर 2024 तक जिला रायगढ़ में आयोजित है। अतः जिले के समस्त अग्निवीर भर्ती लिखित परीक्षा उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है, कि शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु निःशुल्क जिला रायगढ़ जाने हेतु वाहन व्यवस्था कार्यालय के द्वारा किया जावेगा। अतः लिखित परीक्षा उत्तीर्ण छात्र, अभ्यर्थी 25 नवम्बर 2024 के पूर्व कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दंतेवाड़ा में उपस्थित होकर अपना नाम दर्ज करावे।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

**दंतेवाड़ा।** शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 01 जनवरी 2025 तक किया जाना है जिसके व्यापक प्रचार प्रसार हेतु शासकीय दंतेश्वरी महाविद्यालय दंतेवाड़ा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. के. एम. प्रसाद ने छात्र-छात्राओं को अपील किया कि 18 वर्ष या उससे अधिक है मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ने और आसपास के लोगों को जागरूक करने के लिए अपील किया गया। स्वीप नोडल अधिकारी डॉ.दिनेश कुमार लहरी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य नए मतदाताओं का पंजीकरण त्रुटि का सुधार एवं मतदाता सूची को अद्यतन करना है, ताकि सभी योग्य मतदाता आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके महाविद्यालय में इसी कड़ी में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें निबंध रंगोली और चित्रकला में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया और मतदाता सूची और मतदान के प्रति जागरूक रहने हेतु संदेश दिये। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को प्रमाण पत्र तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. रत्नबाला मोहन्ति, धारना ठाकुर, राजीव पानीग्राही, रेशमा एक्का, बंशीधर चौहान, सिद्धार्थ देवांगन दुष्यंत तारम, अमित कुमार साहू, सरला पैकरा, अंजलि मिंज, समस्त अतिथि व्याख्याता और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भाजपा मंडल स्तरीय बैठक में प्रभारियों को बूथ लेवल पर गठन के प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा मंडल स्तर पर बैठक भानुप्रतापपुर स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित हुई। बूथ प्रभारियों एवं कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने के साथ ही बूथों पर संगठन की मजबूती हेतु गठन के लिए प्रशिक्षण दिया गया। भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर के चुनाव अधिकारी एवं प्रदेश आदिवासी मोर्चा भाजपा महामंत्री विजय कुमार मंडावी ने शक्ति केन्द्रो के पोलिंग बूथों में संगठन चुनाव हेतु शक्ति केंद्र संगठन पर्व सहयोगी व सह सहयोगी बनाने की बात कही। उन्होने बताया कि बूथ प्रभारी बूथ में रहकर बूथ कमेटी बनाए। उन्होंने कहा कि कार्यालयों व घरों में बैठकर काम न करें, जितने भी सदस्य हो बूथ स्तर में जाकर ही समिति का गठन करें। भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर के सभी 14 शक्ति केन्द्रो से आए सभी वरिष्ठ जन,कार्यकर्ताओं पदाधिकारी का स्वागत है। उन्होने कहा कि आप सभी के अथक मेहनत का नतीजा है कि हम मंडल में ऑनलाइन व ऑफलाइन सदस्यता बना रहे हैं। हम सब अपने-अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हैं और नए सदस्यों को सक्रिय बनाने के लिए हर वर्ग के पास घर-घर जाकर लोगों से मिलकर प्राथमिक सदस्य बना रहे हैं। आप लोगों के पास अभी 15 नवंबर तक 3 दिन का समय शेष है। जिसमे प्राथमिक सदस्यता जोड़ने का काम कर सकते हैं अभी तक भानुप्रतापपुर मंडल में 73 सक्रिय सदस्य बन चुके हैं। मंडल संगठन चुनाव पर्व सह प्रभारी र`श सिंह ने कहा कि हमें मंडल के 14 शक्ति केंद्रों के हर वर्ग के लोगों को जोड़ना है। आप लोग अच्छा मेहनत कर रहे हैं। हमें आने वाले समय के लिए नई टीम बनानी है हर वोट में शक्ति केंद्रों में महिलाओं और युवा वर्ग को विशेष कर भारतीय जनता पार्टी से जोड़ना है। इस अवसर पर जिला भाजपा महामंत्री बृजेश सिंह चौहान ने भी सभी कार्यकर्ताओं को अपनी जवाब दे ही समझते हुए कहा कि आने वाला समय दृष्टि पंचायत वा नगरी निकाय चुनाव है उसमें भी आप सबको ध्यान देना है नाम जोड़ना कटवाना शिफ्टिंग साथ ही साथ संगठन चुनाव में भी आप लोगों को मिलजुल कर आपसी ताल मेंल बैठकर पूर्ण करना है। इस कार्यशाला बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश कोषाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा छत्र प्रताप दुग्गा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष टीकम डांडिया, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, भाजपा मंडल महामंत्री ज्वाला प्रसाद जैन, डिगेश खापर्डे, मंडल उपाध्यक्ष अरविंद जैन, हेम सोनवानी, मंडल कोषाध्यक्ष ललित गांधी, सहकारिता प्रकोष्ठ जिला संयोजक हेम प्रकाश शिवहरे, आर्थिक प्रकोष्ठ जिला सहयोजक सतीश श्रीवास्तव, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रजिन्दर रंधावा, राजीव श्रीवास, भाजपा कार्यकर्ता अभय पांडे, कस्तूरचंद जैन, संकेत नशीने, भीखम आर्दे, कुंदन साहू, अनीश मिश्रा, जितेंद्र पांडे, भागबल्ली जैन, जग्गा नरेटी, जयराम गावडे, मनुराम परचापी, सुरेंद्र जैन, राममिलन, अनीश मिश्रा, सुरेश प्रजापति, राहुल सिंह धुन्ने, रितेश टांडिया, चैतूराम आचला, लक्ष्मण कुलदीप, अनिल कुमार सिंह, कुशल राम गावड़े, छबिलाल जैन, ऋषि राज हुर्रा, जुगल किशोर शर्मा, हरीश कुमार यादव, सचिन दुबे, ज्ञान सिंह गौर, योगेश सोनवानी, धर्मेंद्र रावटे, संतोष बाजपेई, प्रेम विश्वकर्मा, सर्वजीत विश्वास, राममिलन साहू, बाल सिंह पुजारी, संतोष श्रीवास, जोधन कुमार, सन्तु नुरेटी, वसंत कुमार यादव, मनीष साहू, कमलेश गावड़े, मनोज रावटे, सरिता जोशी, संगीता टंडिया, जयवती मांडवी, जीवराखन सलाम, रमल सिंह कोर्राम, जगन्नाथ साहू, रवि ठाकुर, कैलाश चंद्र दुग्गा, कन्हैया मांडवी, योगेंद्र यादव, शैलेंद्र पुनिया समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बने हरीश जायसवाल




**कोंडागांव।** स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के प्रदेश स्तर का निर्वाचन 10 नवंबर को रायपुर के मैग्नेटो मॉल में रखा गया था, जिसमे प्रदेश अध्यक्ष टार्जन गुप्ता को निर्वाचित किया गया और समस्त प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे कोंडागांव जिला से हरीश जायसवाल को फिर से प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया और संभाग से कांकेर जिला के प्रकाश सिंह को प्रचार प्रसार मंत्री बनाया गया। कोंडागांव जिला से प्रदेश स्तर में हरीश जायसवाल एक अलग छाप है जो की पूरे जिले की स्वास्थ्य विभाग की तरफ से उन्हें बधाई एव शुभकामनाएं देते हैं।

# कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के निपटारे में तेजी लाने के दिए निर्देश

**कोंडागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में राजस्व के विभिन्न लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि, शासन की मंशानुरूप राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा के भीतर करें, ताकि आम नागरिकों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के निपटारे में प्रगति लाने के लिए पूरी गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले के न्यायालयवार राजस्व प्रकरणों पर कार्यवाही की जानकारी ली और सभी अधिकारियों को प्रकरण के निपटारे की दर में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को अपने-अपने न्यायालय क्षेत्रों में लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए उनका निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में विवादित नामांतरण, अविवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन, सीमांकन, डायवर्सन, वृक्ष कटाई, अभिलेख शुद्धता, ई-नामांतरण पंजी, स्वामित्व योजना, भू अर्जन सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित सभी एसडीएम और तहसीलदार उपस्थित रहें।

# नगर समेत क्षेत्र में देवउठनी एकादशी पर घर घर मे की गई तुलसी विवाह, विधि विधान से हुई पूजा अर्चना

पायनियर संवाददाता ◀ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com





नगर समेत आसपास के क्षेत्रों में तुलसी विवाह का पर्व देवउठनी एकादशी पूरे उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। गन्ने के मंडप तले शालिग्राम तुलसी की पूजा अर्चना के साथ विधि विधान से विवाह हुआ। धार्मिक परंपरा के साथ तुलसी व शालिग्राम विवाह देवउठनी में कराया गया। इस दौरान लोगो ने अपने घरों के द्वार व पूजा मंडप पर रंगोली की कलाकृति भी बनाई। देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु, मां लक्ष्मी और तुलसी की विशेष पूजा का महत्व है। इस दिन तुलसी विवाह का आयोजन किया जाता है जिसमें तुलसी का विवाह भगवान शालिग्राम से विधिपूर्वक किया जाता है। यह विवाह का प्रतीक है जो मांगलिक कार्यों के शुभारंभ का प्रतीक भी माना जाता है। भक्तों द्वारा व्रत रखकर भगवान विष्णु का जागरण किया जाता है और अगले दिन सूर्योदय के बाद पारण किया जाता है।

**देवउठनी एकादशी, गन्ने की हुई बिक्री**

देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह का पर्व 12 नवंबर को उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। शहर सहित ग्रामीण अंचल के चौक-चौराहों में गन्ने की बिक्री हुई। बाजार में गन्ना 50 से 150 रुपये जोड़ी के भाव से बिका। देवउठनी पर्व के साथ ही मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो जाएगी।

दिवाली पर्व मनाने के बाद देवउठनी पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा था। इसे छोटा दिवाली भी कहा जाता है। शुभ लग्न के लिए यह पर्व महत्वपूर्ण है, इस दिन का लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। देवउठनी पर्व के चलते शहर समेत ग्रामीण अंचलों में लोगों में उत्साह रहा। पर्व का लेकर गन्ना व्यवसायियों ने शहर व ग्रामीण अंचलों में पर्व के एक दिन पहले ही बाजार सजा लिया था ताकि उन्हें अच्छा दाम मिल सके और खरीद समय से पहले हो सके। शास्त्रों के अनुसार देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु चार माह के योग निद्रा से जागते है। इसी दिन से लोग अपने शुभ कार्यों की शुरुआत करते हैं। मांगलिक कार्यों के लिए देवउठनी एकादशी के बाद शुभ मुहूर्त शुरू हो जाते हैं। देवउठनी एकादशी के दिन माता तुलसी का विवाह शालिग्राम (भगवान विष्णु) से कराने की परंपरा है। धार्मिक मान्यता है कि देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु का पूजन और दान-पुण्य करने से घर में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है। इस पावन दिन पर व्रत करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। विशेषकर तुलसी पूजन और तुलसी विवाह का आयोजन करने से वैवाहिक जीवन में सुख और सौभाग्य बढ़ता है। देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु का जागरण कर उनकी पूजा करने से पूरे साल के पाप और कष्टों से मुक्ति मिलती है। जानकारी हो आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को भगवान विष्णु चार माह के लिए सो जाते हैं और कार्तिक शुक्ल एकादशी को जगते हैं। चार माह की इस अवधि को चतुर्मास कहते हैं। देवउठनी एकादशी के दिन चतुर्मास का अंत हो जाता है और शादी-विवाह शुरू हो जाते हैं। हिंदू धर्म में एकादशी व्रत का बहुत बड़ा महत्व है।

# युवती के साथ बर्बरतापूर्वक दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने 72 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

## मिस कॉल के जरिये पीडिता को अपने जाल में फंसाकर आरोपी फिरोज अहमद गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



पीडिता की मां ने थाना कोतवाली कोंडागांव आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि, इनकी बेटी (पीडिता) को फिरोज अहमद नाम का व्यक्ति शादी का झूठा प्रलोभन देकर पीड़िता के साथ माकड़ी मे शारीरिक संबंध बनाकर अश्लील फोटो खींचकर उस फोटो को सोशल मीडिया में पोस्ट करने का दबाव बना कर अपने साथ मुम्बई धारावी लेकर चला गया था। जहां पर भी पीड़िता के साथ कई बार उसकी मर्जी के बिना बल पूर्वक शारीरिक संबंध बनाकर दुष्कर्म किया है।

पीड़िता अपने आप को बताते हुए अपने गृह जिला कोंडागांव पहुंची जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। परिजनों की ओर से थाना कोतवाली में जीरो एफआईआर (अपराध क्र. 00/2024 धारा 376 (2) (ड) 366, 506/64 (2) (ढ) 87, 351 (3) बीएनएस) दर्ज कर थाना माकडी में असल नम्बरी अपराध क्रमांक 68/2024 धारा 376 (2) (ढ),366,506 भादवि / 64(2) (ढ), 87,351 (3) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक में थाना माकड़ी से तत्काल टीम गठीत कर आरोपी को पकड़ने हेतु रवाना हुई। 10 नवंबर को आरोपी फिरोज अहमद उर्फ शहरोज को हिरासत में लेकर पुछताछ कर अपराध करना कबूलने से गिरफ्तार कर जिला सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश में न्यायालय के समक्ष पेश कर ट्रांजिस्ट रिमांड लेकर कोंडागांव लाया गया, जिसे न्यायालय कोंडागांव में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया।

# उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की तैयारियां पूर्ण, 14 नवम्बर से 129 समितियों के अंतर्गत 166 उपार्जन केन्द्रों में शुरू होगी खरीदी

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियां जिले में पूर्ण कर ली गई है। खरीदी कार्य 14 नवम्बर 2024 से शुरू होकर 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। खरीदी केन्द्रों के नोडल अधिकारियों का अंतिम प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभाकक्ष में संपन्न हुआ। उन्हें विस्तार से उनके दायित्व को बताया गया और कठोरता से इनका पालन करने के निर्देश दिए गये। इस दफा नोडल अधिकारियों को पूरे समय खरीदी केन्द्र पर बैठकर नजर रखना होगा। हर दिन खरीदी की शुरूआत उनकी मौजूदगी से होगी और समापन भी उनके द्वारा किया जायेगा। अपर कलेक्टर की उपस्थिति में खाद्य अधिकारी अमित शुक्ला ने धान खरीदी के संबंध में राज्य शासन के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। राजस्व् विभाग के पटवारी एवं कृषि विभाग के आरएईओ को इस बार नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिले में 166 धान खरीदी केन्द्र बनाये गये हैं। इन केन्द्रों पर 1 लाख 67 हजार 787 किसान अपना धान बेच पाएंगे। जो गत वर्ष की 6970 किसान अधिक है। समर्थन मूल्य में धान बेचने को लेकर किसानों में उत्साह देखा जा रहा है। वे बेसब्री से खरीदी शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। प्रशिक्षण में बेचने लाने वाले धान सहित अन्य नियम कायदों की जानकारी दी गई। बताया गया कि धान में 17 प्रतिशत से अधिक नमी नहीं रहनी चाहिए। इसके अलावा निम्न श्रेणी के धान का मिश्रण 6 प्रतिशत, डेमेज एवं डिस्कलर 5 प्रतिशत, अधपका एवं सिकुड़ा धान 3 प्रतिशत, बाह्य पदार्थ 1 प्रतिशत एवं कार्बनिक 1 प्रतिशत तक मान्य होगा। केवल पंजीकृत किसानों से उन्हें जारी टोकन के अनुसार धान खरीदा जायेगा। पुराने वर्षो से धान की खरीदी नहीं की जायेगी। सात दिवस पूर्व इस साल टोकन जारी किये जाएंगे। सीमांत एवं लघु किसानों को टोकन जारी करने में प्राथमिकता दी जायेगी। इलेक्ट्रानिक कांटा-बांट का धान तौल में उपयोग किया जायेगा। एक बोरे में 40 किलोग्राम धान की भरती किया जायेगा। उपार्जन केन्द्रों पर धान का भण्डारण एवं सुरक्षा अच्छी तरह किया जाए। बारदाने की व्यवस्था के अंतर्गत आधा-आधा पुराने और नये बारदानें उपयोग में लाये जाएंगे। धान की ढेरी स्टेक प्लान के बारे में भी बताया गया। सभी तहसीलदारों को अपने तहसील का नोडल अधिकारी बनाया गया है। वे हर दिन निरीक्षण कर कलेक्टर को रिपोर्ट करेंगे। गड़बड़ी करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## पुलिस ने किया ग्राम खपराडीह में जुआ खेलने वाले 06 आरोपी जुआरियों को गिरफ्तार



**बलौदाबाजार।** ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना सुहेला पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले असमाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा जैसे अंवैधानिक कार्यो में लिप्त आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में थाना सुहेला की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर ग्राम खपराडीह में रात्रि के समय जुआ खेलते हुए 06 आरोपी जुआरिओं को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 52 पत्ती ताश, नगदी 8380 जप्त किया गया। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना सुहेला में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 03(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

## साहित्यकार एवं शिक्षक कौशिक मुनि त्रिपाठी 'हिंदी काव्य शिरोमणि' मानद सम्मान से सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के साहित्यकार कौशिक मुनि त्रिपाठी को हिंदी काव्य शिरोमणि मानद सम्मान से सम्मानित किया गया है। लेखक एवं कवि कौशिक मुनि त्रिपाठी द्वारा साहित्य के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी लगातार नवाचार के माध्यम से विद्यार्थियों में शिक्षा के स्तर को बढ़ाया गया है। कौशिक मुनि त्रिपाठी पिछले 17 वर्षों से शिक्षकीय एवम 20 वर्षों से लेखन कार्य से जुड़े हुए हैं। ये एम एस सी (भौतिकी), एम एस सी( गणित ), एम ए (अंग्रेजी), बी एड के साथ-साथ पीएचडी अध्यनरत हैं। इन्हे बचपन से ही पठन-पाठन एवं लेखन कार्य में रुचि थी। वर्तमान में ये स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, लाहोद में प्राचार्य के पद पर पदस्थ हैं। इनकी अभी तक तीन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं भावनाएं एवं अभिव्यक्तियां 2009, अनंत की ओर 2017 एवं मन के धागे 2020. इनकी अगली पुस्तक अनंत की ओर भाग 2 प्रकाशाधीन है और माह फरवरी 2025 तक बाजार में उपलब्ध होगी। पुस्तकों के साथ-साथ इनकी कई कृतियां पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से प्रकाशित हो चुकी हैं, जिनमें से कुछ विशेष कृतियों निम्न हैं, मृत शरीर कहलाता है, रक्षाबंधन, गुरु की महिमा, कुछ बाते अनकही, अनंत की ओर, प्रेम की अभिव्यक्ति, क्यू रचना संसार को, वो दोस्त होना है जरूरी, तू अडिग रहना अपने पथ पर, निः स्वार्थ भाव की सेवा है, हिंदी हैं हम, जीवन के संघर्षों में, ये धरती मांगे खून नहीं इत्यादि। हिंदी प्रचार-प्रसार में इनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। ये हिंदी भाषा लेखन में गद्य एवं पद्य दोनों विधाओं का प्रयोग करते हैं अर्थात ये गद्य एवम पद्य दोनों विधाओं में लेखन का कार्य करते हैं।शिक्षा के क्षेत्र में इनका कार्य उल्लेखनीय रहा। इन्होंने कोरोना महामारी की कठिन परिस्थितियों में छत्तीसगढ़ शिक्षा विभाग के 'पढ़ई तुंहर द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत ऑनलाइन कक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों की पढ़ाई को निरंतर जारी रखा ।इन्होंने ऑनलाइन के साथ-साथ 'मोहल्ला कक्षा' की शुरुआत की, जिसके लिए इनके द्वारा 'कैंपेन टू हंड्रेड परसेंट' अभियान चलाया गया, जिसका उद्देश्य ऑनलाइन माध्यम से न जुड़ पाने वाले विद्यार्थियों को ऑफलाइन माध्यम से जोड़ना था। इनके इस कार्य के लिए शिक्षा विभाग द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया साथ ही साथ जिला कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। इनके द्वारा 'डोर परियोजना' का सफलता पूर्वक क्रियान्वन किया गया। इस डोर प्रोजेक्ट का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को निः शुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। वर्ष 2022 में इनके इस प्रोजेक्ट के माध्यम से विद्यालय के तीन विद्यार्थियों का चयन पीएटी में गवर्नमेंट सीट में हुआ । वर्ष 2023 में पांच विद्यार्थियों का चयन हुआ। इस प्रकार चयनित विद्यार्थियों की संख्या बढ़ती गई। इस परियोजना के अंतर्गत हर वर्ष लगभग 25 विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग दी जाती है। इनके द्वारा मार्गदर्शन विद्यार्थियों का प्रतिवर्ष चयन इंस्पायर अवार्ड के लिए होता है। ये विज्ञान के क्षेत्र में हमेशा सक्रिय रहते हैं।विज्ञान प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला में इसके द्वारा मार्गदर्शित विद्यार्थियों का चयन राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर हो चुका है। इन्हें वर्ष 2017 में नवभारत द्वारा उत्कृष्ट शिक्षक द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही साथ विज्ञान संगोष्ठी में कई बार पुरुस्कृत हो चुके हैं। इनके द्वारा वर्ष 2023 में विद्यालयीन पत्रिका 'डोर' का सफलता पूर्वक प्रकाशन किया गया। शिक्षा से वंचित विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने का कार्य इनके द्वारा निरंतर किया जा रहा है।अब तक इन्होंने निम्न सम्मान प्राप्त किए हैं, नवभारत द्वारा उत्कृष्ट शिक्षक समान 2017, कोरोना महामारी में शिक्षा के क्षेत्र में सबसे अधिक वर्चुअल कक्षा लेने पर विशेष योगदान सम्मान 2020, कोरोना महामारी के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे कार्य करने वाले शिक्षकों का आर्टिकल लिखने के लिए सम्मानित 2020, शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान सम्मान 2023, साहित्य श्री सम्मान 2024, कर्मयोगी शिक्षक सम्मान 2024, हिंदी काव्य रत्न मानद उपाधि सम्मान 2024, साहित्य सेवा सम्मान 2024 इत्यादि। देवनागरी लिपि के सरंक्षण, नेपाल भारत मैत्री सम्बंध मजबूत बनाने, हिंदी भाषा साहित्य के विकास तथा साहित्यिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन नेपाल द्वारा आयोजित की गई अंतरराष्ट्रीय स्तर की वैश्विक हिंदी अंतर्राष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता में हिंदी काव्य शिरोमणि मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया है। शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन नेपाल द्वारा आयोजित वैश्विक हिंदी अंतर्राष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता में 1240 रचनाकारों ने अपनी कविता के माध्यम से सहभागिता जताई थी जिसमें से उत्कृष्ट 100 रचनाकारों को काव्य लेखन में उत्कृष्ट रचनाकार घोषित कर हिंदी काव्य शिरोमणि मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया है।

## तत्कालीन कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ा आत्मानंद स्कूल : ताराचंद साहू

पायनियर संवाददाता ◂ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

महासमुंद जिले में स्वामी आत्मानंद स्कूल स्थापना के नाम पर विद्यालय अधोसरंचना विकास कार्य हेतु लाखों रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप युवा भाजपा नेता जनपद सदस्य व पालक संघ अध्यक्ष ताराचंद साहू ने लगाया है। उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार व जिला खनिज संस्थान द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल विद्यालय अधोसरंचना विकास कार्य को लेकर वर्ष 2022- 23 जिला खनिज न्यास व अन्य मद की राशि 28 लाख रु स्वीकृत कर उसका भरपूर दुरुपयोग किया गया है। स्कूल में निविदा नियमों को ताक पर रखकर अपने चहेतों को काम देकर बाजार दर से अधिक मूल्य पर निम्न स्तरों के समानों की खरीदी की गई है। वर्तमान में उन सामग्रियों की स्थिति अत्यंत खराब है। क्रय समिति के सदस्यों द्वारा मनमाने ढंग से निर्णय लिया गया है,एवम जोरदार भ्रष्टाचार किया गया है, स्वामी आत्मानंद स्कूलों के फाल सीलिंग, वाल पुट्टी, ऑयल पेंट रंगाई पुताई व इलेक्ट्रिक सामग्रियों का क्रय के नाम पर भरपुर भ्रष्टाचार किया गया है। विद्यालय में सिर्फ रंगाई पुताई कर लाखों के बजट की हेर फेर की गई है। विद्यालय में फाल सीलिंग गिरने की स्थिति में है। कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है, कांग्रेस शासनकाल में कांग्रेसी विचार धारा के अधिकारी जमकर लूट मचाएं हैं, उन्होंने विद्या के मंदिर को भी नही छोड़ा, स्कूल में पुट्टी ,ऑयल पेंट, फ्लेक्स का काम हुआ ही नहीं है, और जो काम हुआ है वो बहुत ही निम्न स्तर का गुणवत्ताहीन कार्य हुआ है बाजार मूल्य से कई गुना दाम पर बिल बनाकर लाखों रुपए का भ्रष्टाचार किया गया है, जिसमे स्कूल के प्राचार्य एवम् जिम्मेदार शिक्षको की संलिप्तता स्पष्ट नजर आ रही है, धरातल में कार्य न होने के बावजूद भी प्राचार्य द्वारा संतुष्टि प्रमाण पत्र दिया गया है, उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी-कर्मचारी व ठेकेदार के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज करते हुए राशि की वसूली किए जाने के लिए निर्देशित किया जाए। अंग्रेजी माध्यम का कक्षा के नाम पर यहां अंग्रेजी के शिक्षक ही उपलब्ध नहीं हैं। सक्रिय बीजेपी नेता ताराचंद साहू ने कहा की कांग्रेस शासन काल में पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल के अधोसंरचना विकास कार्य व सामग्री सप्लाई में भारी भ्रष्टाचार किया गया है। सामग्री निम्न स्तर का सप्लाई किया गया है। जिसके कारण आत्मानंद स्कूलों की स्थिति बहुत खराब हो चुकी है। स्तरहीन सामग्री सप्लाई की जांच राज्य स्तर पर समिति बनाकर पूरे प्रदेश में जांच करें। पालक संघ अध्यक्ष होने के नाते उन्होंने सभी पालकों से विनम्र अपील किया है की छात्र छात्राओं के हित में सभी पालक एकजुट होकर आगे आएं।

## छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन का तिल्दा-नेवरा मे जिला स्तरीय बैठक संपन्न



पायनियर संवाददाता ◂ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन का जिला स्तरीय बैठक तिल्दा-नेवरा नगर में संपन्न हुआ। रायपुर, जिला स्तरीय बैठक छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के प्रदेश संरक्षक टी एस सिंह कंवर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। बैठक की शुरुआत निर्धारित समय में की गई। तिल्दा-नेवरा नगर के विश्राम गृह में आहूत बैठक में प्रदेश संरक्षक टी एस सिंह कंवर के अलावा प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश रात्रे, प्रदेश उपाध्यक्ष वेदभूषण सनेही के अलावा अन्य पदाधिकारी शरीक हुए। जिला स्तरीय बैठक में पत्रकार हित को लेकर विशेष चर्चा किया गया, वहीं शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रिंट, इलैक्ट्रोनिक व सोशल मिडिया के माध्यम से जनता तक पहूचाने पर बल दिया गया। बैठक के शुरूआत के पूर्व अतिथियों का पुष्पहार व शाल भेंटकर सम्मानित किया गया वहीं पदाधिकारियों व सदस्यों को नियुक्त पत्र एवं सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। गौरतलब हो कि छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन जो कि पत्रकारों व कलाकारों का महासंघ है, जो शासन के योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम करती है। खबर प्रकाशन के साथ-साथ शासन व जनता के मध्य सेतु का काम करने वाले छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन जनहितकारी योजनाओं से जनता को लाभ मुहैया कराने के प्रति भी कटिबद्ध है। जिलास्तर बैठक में धरसीवां, खरोरा, सिमगा सहित अन्य ब्लांक के पत्रकारगण शरीक हुए वहीं छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश रात्रे, प्रदेश उपाध्यक्ष वेदभूषण सनेही, प्रदेश संयोजक दशरथ साहू, प्रदेश स्वास्थ्य सलाहकार डॉ. संजय निराला, राज्य शिष्टाचार अधिकारी टोपेश ध्रुव, प्रदेश समन्वयक मनजीत सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह राजपूत, जिला महासचिव ज्योतिष कुमार साहू, जिला सचिव चंद्रशेखर यदू, जिला मिडिया प्रभारी अजय नेताम विधानसभा अध्यक्ष रोहित वर्मा, विधानसभा कोषाध्यक्ष प्रेम कोशले ब्लांक अध्यक्ष अविनाश वाधवा, सिमगा ब्लांक अध्यक्ष थानेश्वर साहू, ब्लांक उपाध्यक्ष तिल्दा प्रकाश जोशी, ब्लांक कोषाध्यक्ष हरिराम मार्कंडेय, ब्लांक महासचिव सौरभ यादव, सिमगा ब्लांक उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, ब्लांक कोषाध्यक्ष ओंकार साहू, ब्लांक महासचिव मनीषा टंडन, पंकज साहू, राजेन्द्र वर्मा, रामेश्वर जांगड़े, हेमंत साहू, विनय वर्मा, अभिषेक वर्मा, प्रेम वर्मा, अनील निर्मलकर, करण यदू, राज्यवर्धन बिनकर सहित अन्य पत्रकार गण शरीक हुए।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओ तथा ईसीसीई के तहत् बच्चों को किया जा रहा है सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◂ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष 14 नवंबर को आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के सम्मान के लिए दिवस मनाया जाएं। राज्य में कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के सम्मान के लिए कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस तारतम्य में 9 नवंबर से 11 नवंबर के बीच प्राप्त कैलेंडर अनुसार कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकस विभाग अंतर्गत विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में अच्छे कार्य करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को उसके कार्यो व परिणामों को जनमानस के ध्यान में लाकर आंगनबाड़ी सेवाओं के प्रति सकरात्मक माहौल प्रदान करने हेतु ग्राम पंचायत स्तर,माननीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को सम्मानित किया गया है। सम्मानित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की निम्नानुसार है एकीकृत बाल विकास परियोजना लवन से पंचायत खैरा से सुत्रिता बंजारे, सावित्री धृतलहरे, सरिता पैंकरा एवं सहायिका में रामेष्वरी शर्मा गिरजा साहू, दुलारी पैंकरा ग्राम पंचायत तुरमा से आं.बा. कार्यकर्ता में चमेली साहू, राजेश प्रजापति, शांति साहू, सावित्री साहू, लक्ष्मीन पटेल तथा आंगनबाड़ी सहायिका में सोनाबाई पैंकरा, नंदनी बंजारे, चित्ररेखा साहू, शांता बंजारे, संतोषी पटेल सम्मानित किए गए। एकीकृत बाल विकास परियोजना भाटापारा से कार्यकर्ता में ममता चंचल हथनीपारा, दुर्गा पाटकर दीनदयाल उपाध्याय, शिवकुमारी वर्मा, रेशम मिरी, आशा सिन्हा, संगीता वर्मा, माया सिंह, सहोद्रा गर्ग, शैल बंजारे, टिकेश्वरी ध्रुव दीपक आंगनबाड़ी सहायिका में कैलाश साहू, सीमा सोनवानी, मिथिला वर्मा, पुन्नी चर्तुवेदी, गनेशी सोनवानी, भुनेश्वरी, संती ध्रुव, राही यादव, तिरिथ बाई साहू, चंपा वर्मा को सम्मिानित किए। एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदाबाजार रेवता, श्यामबती पूर्णिमा नीरूपमा, कला, जानकी नोनी लता टंडन, ललिता उहरयि हेमिन गर्ग, लक्ष्मी बाई, शांति मांडले, बेला पाटले अनामिका धृतलहरे, निर्मा बाई सादव सुशीला भारद्वाज, मीना पैंकरा निरूपमा पैंकरा, मुध श्रेया, विर्मा वर्मा गंगोत्री। सहायिका में सहायिका में जना, कला आनंद रूखमणी, सावित्री डहररिया, श्यामकली धृतलहरे, अमरौतिन बाई डहरिया, उतरी कुर्रे, गंगा बाई, मनीशा बाई रात्रे इत्यादि सम्मानित किए गए है। जिला कार्यक्रम अधिकारी जाटवर ने बताया कि आज 12 नवंबर से 13 नवंबर के मध्य प्रत्येक बाल विकास परियोजना स्तर पर सभी पर्यवेक्षक क्षेत्र की एक-एक कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा एवं 14 नवंबर 2024 को जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। राज्य स्तर पुरस्कार के लिए 09 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं 9 सहायिकओं का नामांकन प्रेषित किया गया है। शशि, टंडन, दतान 6, रेवती वर्मा कुकुरदी 02, सुमन निराला, कुम्हारी 02, सुलोचना वर्मा, अकोली 02, श्वेता दुबे तुलसी क्र. 02, कौशिल्या साहू, मड़कड़ा 01, गायत्री साहू देवगांव तथा आंगनबाड़ी सहायिका में श्यामा मनहरे बलौदाबाजार केन्द्र 1 ब तेरस धीवर पलारी 3, धनेश्वरी साहू, मुण्डा 01, नर्मदा ध्रुव, परसाडीह, गंगा वर्मा बनसांकरा 02, भुनेश्वरी यादव भड़ोरा, सरिता श्रीवास नया खर्वे 02 का नामांकन प्रेषित किया गया है। इसी प्रकार प्रत्येक बाल विकास परियोजना स्तर पर 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों का विभिन्न विधाओं पर दिनभर एक्टीविटी का आयोजन होगा। इसके साथ ही बच्चों के द्वारा इसका प्रदर्शन भी किया जा रहा है आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के द्वारा लगभग दो घंटे ईसीसीई एक्टीविटी का प्रदर्शन करना है उदाहरण स्वरूप बच्चों का नृत्य, बाल गीत, पेंटिंग, प्रहसन इत्यादि का बच्चों की रूचि व क्षमता के अनुसार प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है जिससे पालक अपने बच्चों की मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक, साानात्मक एवं भाषाई विकास का स्वयं आंकलन कर रहे है। स्कूल शिक्षा विभाग के साथ समन्वय कर इस कार्यक्रम में बच्चों के पालक स्थानीय विधायक एवं पंचायतीराज/नगरीय निकाय के सदस्यों आमंत्रित किया गया।

## आम जनमानस के समस्याओं की निराकरण में कोताई बर्दाश्त नहीं कलेक्टर अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◂ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



ग्रामीणों की समस्या और शिकायत का त्वरित निराकरण कराने के लिए जिला प्रशासन आम जनता के बीच जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के रूप पहुंच रही हैं इसी तर्ज़ पर आज जिले के छुरा विकासखण्ड के ग्राम मुड़ागांव में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व, पंचायत, कृषि, क्रेडा, वन स्वास्थ्य, पीएचई महिला एवं बाल विकास, आदिवासी सहित अन्य विभागों द्वारा आमजनों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए स्टॉल लगाए गए रह शिविर में लोगों के समस्याओं से संबंधित 345 आवेदन प्राप्त हुए शिविर में अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। लंबी प्रक्रियाओं वाले एवं उच्च कार्यालयों के मार्गदर्शन से संबंधित आवेदनों के निराकरण के बारे में आवेदकों को अवगत कराया गया। शिविर में जिला अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को जागरूक होकर अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। शिविर में कलेक्टर दीपक अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। उन्होंने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। साथ ही हितग्राहियों को विभागीय योजना के तहत सामग्री वितरण कर मौके पर ही लाभान्वित किया इस दौरान कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीणजनों की विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है इसी तारतम्य में आज मुड़ागांव में शिविर का आयोजन किया गया उन्होंने क्षेत्र अंतर्गत गांवों में समस्याओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों का जिला प्रशासन द्वारा तत्परता से निराकरण किया जायेगा कलेक्टर अग्रवाल ने बताया कि शासन के मंशानुप जिले में प्रत्येक माह 2 बार जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाता है ग्रामीण क्षेत्र के जो लोग जिला मुख्यालय नहीं पहुंच पाते है उन लोगों के लिए यह शिविर काफी लाभदायक है। शिविर में सभी विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणजनों की मांग, समस्या एवं शिकायतों को सुनकर उनका अधिक से अधिक शिविर स्थल पर ही निराकरण करने का प्रयास करते है। गरियाबंद जिले को शत प्रतिशत सेचुरेशन के लिए चयनित किया गया है। जिसका ग्राम पंचायतवार छूटे हुए लोगों का सर्वे कर लिया गया है। जिसमें 37 प्रकार की हितग्राहीमूलक सेवाएं शामिल है।

## शिक्षक एलबी संवर्ग द्वारा अपनी मांगो को लेकर अधिकारियों को दिया ज्ञापन




पायनियर संवाददाता ◂ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन बसना की टीम के द्वारा अपनी विभिन्न मांगो को लेकर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बसना को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय संगठन मंत्री पूर्णानंद मिश्रा जिलाकार्यकारी अध्यक्ष सादराम अजय, जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र नर्मदा, जिला पदाधिकारी अनिल सिंह साव, गजानंद भोई हेमंत दास, बसना ब्लॉक संयोजक हीराधर साव, ब्लॉक अध्यक्ष गजेंद्र नायक, ब्लॉक सचिव वारिश कुमार, करमुलाल चौहान (कार्यकारी अध्यक्ष), मनोरंजन साहू पद्मलोचन पटेल (उपाध्यक्ष) डिजेन्द्र कुर्रे (ब्लॉक मिडिया प्रभारी) प्रमोद भोई, नरेश मिश्रा, कौशल्या चौहान (महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष) विजया दास वैष्णव उर्मिला मिश्रा, मुकेश साहू, धोबालाल पटेल, प्रेमचंद भोई, नीलाम्बर चौधरी, देवेन्द्र पटेल रमेश पटेल पुरंदर डडसेना, छबीमन्यु षणँगी, प्रेमानन्द भोई, उत्तरा चौधरी, श्रीकांत प्रधान, त्रिलोचन पटेल अखिलेश साहू, विजय विशाल आदि सक्रिय सदस्य के साथ सहायक शिक्षक फेडरेशन संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शरण दास एवं उनकी टीम अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रमुख माँग में मोदी जी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करना।समस्त एल बी संवर्गो को क्रमोन्नत वेतनमान देना। पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त एल बी संवर्गो को पुरानी पेंशन को लागु करना है एवं और कई विभिन्न मांगो को लेकर समस्त पदाधिकारी एवं शिक्षकगण के द्वारा शासन प्रशासन को अवगत कराया है। उक्त मांगो पर किसी प्रकार के विचार नहीं करने पर सामूहिक रूप प्रदेश भर के लाखों शिक्षक हड़ताल में आ जाएंगे। जिससे शिक्षा गुणवत्ता निश्चित रूप से प्रभावित होगी। अतः शिक्षक के विभिन्न जायज माँग पर सरकार विशेष ध्यान दे। एवं उनकी मांगो को पूरा करें।उक्त जानकारी मिडिया प्रभारी डिजेन्द्र कुर्रे के द्वारा दिया गया।

## पार्षद ने किया नगरीय प्रशासन मंत्री से गौरव पथ की जाँच की मांग

पायनियर संवाददाता ◂ सरायपाली
www.dailypioneer.com



नगर पालिका क्षेत्र अन्तर्गत निर्माणधीन गौरव पथ जिसमें भारी अनियमिताएं देखने को मिल रही है। नगर पालिका के पार्षद गुंजन अग्रवाल ने शिकायत की प्रति देते बताया कि नगरी निकाय के संचालक द्वारा उप अभियंता को निलंबित किया गया है और निलंबन पत्र में स्पष्ट किया गया है कि ठेकेदार द्वारा डिवाइडर की ऊंचाई जो 90 सेंटीमीटर होनी थी उसे मात्र 60 सेंटीमीटर बनाया गया है. ठेकेदार द्वारा मनमानी करते हुए नालियों को अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे झिलमिला का तालाब दूषित हो रहा है, एस्टीमेट के अनुसार नाली 1*1 मीटर होनी चाहिए जिसे ठेकेदार द्वारा लाभ पाने के लिए जगह जगह बिना अप्रूवल के अपने मनमानी करते हुए 2*1 मीटर का बना दिया गया है। जिस जगह नाली की ऊंचाई ज्यादा की गई है वहां सड़क को ज्यादा काटना पड़ेगा और ठेकेदार को उसका खर्च ज्यादा वहन करना पड़ेगा उस वजह से ठेकेदार द्वारा नाली की ऊंचाई को बढ़ा दिया गया है.नाली की ऊंचाई जो कि लगभग 3 फीट की होनी थी उसे अपना लाभ कमाने के लिए लगभग 7 फीट कर दिया गया है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण देखा जा सकता है. बिना किसी अप्रूवल और गुणवत्ता के नाली की ऊंचाई को यूं बढ़ा देना कई दुर्घटनाओं को निमंत्रण देना है, इस वजह से ठेकेदार द्वारा आम जनता की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जगह जगह रोड एवं नाली के लिए सड़क को काट कर छोड़ दिया गया है जिस वजह से रोज़ दुर्घटना हो रही है. धुल की वजह से अस्थमा एवं चर्म रोग जैसी भयंकर बिमारीयो से ग्रसित हो रहे है और गिट्टी डाल कर छोड़ दिए जाने से मोटर साइकिल से चलने वाले लगातार दुर्घटना के शिकार हो रहे है. पूर्व में भी शासन द्वारा जाँच की कार्यवाही की गयी थी जिसमे कई अनियमितताए पाई गयी थी उसके बाद भी ठेकेदार के द्वारा निम्न स्तर का काम किया जा रहा है। किसकी शह पर इनके हौंसले बुलंद है ये समझ से परे है। ठेकेदार द्वारा इस तरह का कृत्य किए जाने से आमजन मे अत्याधिक रोष है साथ ही और भ्रष्टाचार से छत्तीसगढ़ शासन की छवि को धूमिल किया जा रहा है और शासन का भी करोड़ों रुपए का नुकसान किया जा रहा है. ऐसा प्रतीत होता है की साजिश के तहत छत्तीसगढ़ शासन को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।

# शबरी धाम में त्रिवेणी संगम के रामघाट स्थित छठ घाट पर छठ महापर्व भव्य व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com





भगवान जगन्नाथ स्वामी की मूल-भूमि, माता शबरी की जन्मभूमि तथा धन-धान्य की अधिष्ठात्री देवी मां अन्नपूर्णा जी की सुवासित-भूमि पावन धाम में शिवरीनारायण के ख्यातिलब्ध हलवाई घराने तथा नगर के नागरिकों ने छठ के महापर्व के पहले चित्रोत्पला-गंगा तटीय रामघाट के समीप छठ घाट को दीयों, आकर्षक बैलूनों और लाइटिंग से सजाया गया। बुधवार को छठ व्रतियों ने खरना के साथ ही निर्जला व्रत रखा और शाम को छठी मैया के लिए विशेष प्रसाद तैयार किए गए। गुरुवार शाम को छठ व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिए। निर्जला उपासना के इस महापर्व की विशेषता है कि यह पूरी भक्ति और संकल्प के साथ मनाया जाता है। यह पर्व न केवल पारिवारिक समृद्धि के लिए होता है बल्कि जीवन की सभी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए भी मनाया जाता है। इसमें स्त्री और पुरुष समान रूप से भाग लेते हैं। हलवाई घराने के सतीश गुप्ता ने बताया कि छठ महापर्व की शुरुआत नहाए खाए के अनुष्ठान से प्रारंभ हुई। जिसमें व्रतियों ने सात्विक प्रसादी ग्रहण किया। दूसरे दिन बुधवार को खरना के साथ विशेष प्रसादी बनाया गया। इसके साथ व्रतियों का 36 घंटे का कठिन व्रत भी शुरू हुआ और सात नवंबर शुक्रवार की शाम डूबते सूर्यदेव को अर्घ्य दिया गया। छठ पूजा के प्रसाद और फल को एक बांस की टोकरी जिसे दउरा-सूपा कहा जाता है, गन्ना मंडप-देवकारी में रखकर पूजा प्रारंभ किया गया और सूप में नारियल, पांच प्रकार के ऋतु फल और अन्य पूजन सामग्रियां रखी गई। पूजन-अर्चन विधि-विधान अनुसार इसे घर का एक सदस्य अपने सिर पर रखकर श्रद्धा से छठ घाट की ओर जाते हैं,तट पर निकलने से पहले पवित्रता बनाए रखने के उद्देश्य से दउरा को सिर पर उठाकर ले जाते हैं। विगत अनेकों वर्षों से धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में छठ महापर्व पर्व हलवाई घराने के द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।इस वर्ष भी यह महापर्व काफी भक्ति भावना, हर्षोल्लास तथा आतिशबाजी के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर माता छठ देवी की पावन गीत मगधी भाषा में महिलाओं द्वारा गीत संगीत के साथ गया गया। इस पावन बेला पर नगर के नर- नारी बड़े बुजुर्ग बच्चे काफी संख्या में उपस्थित होकर पूजन अर्चन में भाग लिये। इस पावन अवसर पर हलवाई घराने के रासबिहारी गुप्ता, सतीश गुप्ता, अशोक गुप्ता, सविता गुप्ता, दुर्गा गुप्ता, नीतू गुप्ता, शिल्पा केसरवानी, शिवानी गुप्ता आर्यन गुप्ता,सनी गुप्ता सरला केसरवानी, मीरा भट्ट, फुलवारी बाई चौहान, अभिलाषा गुप्ता, लक्ष्मी भट्ट, उर्मिला गुप्ता, गणेश गुप्ता, हृदय गुप्ता, राजकुमारी गुप्ता,प्रार्थना गुप्ता, लाली, पूजा गुप्ता, मनोज भाई, सोनमती चौहान सहित विशेष रूप से नगर पंचायत शिवरीनारायण के पूर्व अध्यक्ष डॉ. शांति कुमार कैवर्त्य, पूर्व विधायक प्रतिनिधि विक्की ठाकुर, अरुण प्रभुवा, राकेश भट्ट, आदि उपस्थित थे। इस दौरान छठ घाट पर आरक्षी केंद्र शिवरीनारायण के प्रभारी सागर पाठक द्वारा पुलिस की अच्छी सुरक्षा व्यवस्था की गई।वे स्वयं भी छठ घाट में सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते नजर आए।

# रिलायंस नर्सिंग कॉलेज लिमतरा ने सार्थक स्कूल में कार्यशाला आयोजित की

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com




धमतरी के रिलायंस नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र सार्थक स्कूल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज के 59 छात्र-छात्राएं सहभागी हुए। सार्थक के विशेष बच्चों ने स्वागत गीत गाकर कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर आशीष साहू एवं मीनाक्षी साहू एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया। रिलायंस के छात्र-छात्राओं ने सार्थक के भारती और दिशा के साथ गुड और बैड टच का डेमो देकर सिखाया, किए बच्चों को अपनी सुरक्षा स्वयं कैसे करनी चाहिए। दूसरे ग्रुप में हाथ धोने की विधि को सार्थक के बच्चे एकलव्य के साथ डेमो देकर सभी बच्चों को समझाया और बताया कि हाथ धोना कितना आवश्यक है और नहीं धोने से हमें कौन कौन सी बीमारियां हो सकती है। तीसरे ग्रुप में योग में सूर्य नमस्कार, प्राणायाम ताड़ासन आदि योग द्वारा स्वस्थ रहने के तरीकों को बताया और नियमित योग करने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया। इसके अलावा कॉलेज की छात्राओं ने भक्ति गीत, प्रेरणा गीत, छत्तीसगढ़ी नृत्य, सुवा नृत्य द्वारा बच्चों का मनोरंजन किया। तत्पश्चात सार्थक के बच्चों ने भी योग प्रशिक्षक देविका दीवान के निर्देशन में सूर्य नमस्कार की सुंदर प्रस्तुति दी और कुलदीप बंजारे ने एकल डांस की मनमोहक प्रस्तुति दी जिसे देख कॉलेज के छात्र- छात्राओं ने प्रसन्न होकर तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साह वर्धन किया। छात्राओं द्वारा विशेष बच्चों को म्यूजिकल गेम भी खेलाया गया जिसमें बच्चों ने आउट होने पर अपनी अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। विशेष बच्चों का टैलेंट देख सभी अचंभित हो गए और कॉलेज के दोनों असिस्टेंड प्रोफेसर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामान्य बच्चों को संभालने में हमें परेशानी होती है पर प्रशिक्षकों के धैर्य, साहस और ट्रेनिंग के फलस्वरूप, विशेष बच्चे बहुत बेहतर प्रदर्शन कर रहे है और अपनी कार्यशाला का उद्देश्य बताया कि सभी छात्र फर्स्ट ईयर के हैं और इन्हें थर्ड ईयर में मानसिक स्वास्थ्य की पढ़ाई करनी होती है इसीलिए फर्स्ट ईयर में इन बच्चों को विशेष बच्चों को मिलने और उनकी गतिविधियों को करीब से जानने के लिएए लाया जाता है। सार्थक सचिव स्नेहा राठौड़ ने बच्चों की गतिविधि के बारे में बताते हुए ऑटिज्म, डाउन सिंड्रोम, सेरेब्रल पाल्सी वाले सार्थक के बच्चों के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों ने सार्थक के बच्चों से मिलकर बहुत कुछ सीखकर जाने की प्रसन्नता जाहिर करते हुए धन्यवाद दिया और संस्था को योग और न्यूट्रीशियन का चार्ट भेंट किया तथा सभी बच्चों के लिए ड्राइंग कॉपी और कलर पेंसिल का उपहार दिया। अंत में छात्र-छात्राओं ने बच्चों के साथ डांस कर खूब एंजॉय किया एवं उनके साथ सेल्फी लेकर सार्थक की यादें अपने साथ ले गए। बच्चों ने हाथ हिलाकर दीदी, भैया को बाय कहा। इस अवसर पर प्रशिक्षक मैथिली गोड़े, सुनैना गोड़े, सखीना बाघमारे उपस्थित थे।

# कार्ययोजना बनाकर की जा रही है उद्यानों की साफ-सफाई

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित उद्यानों का कार्ययोजना बनाकर की जा रही है साफ-सफाई। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में लगभग 150 उद्यान है, जिसका संधारण एवं रखरखाव उद्यान विभाग के श्रमिक लगाकर कराया जाता है। सभी उद्यानों में फलदार, फूलदार, छायादार पौधे, फूलो की क्यारी, खेल सामग्री एवं घूमने के लिए पाथवे भी बनाया गया है। जहां प्रतिदिन आस-पास के वरिष्ठ नागरिक टहलने एवं बच्चे खेलने आते रहते है। उनकी सुविधा को देखते हुए उद्यानों की साफ-सफाई कराई जा रही है। नगर निगम भिलाई के उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू प्रतिदिन उद्यानों की मॉनिटरिंग करते है। जिन उद्यानों के घॉस, किनारे के पेड़ बड़े हो जाते है डाली इधर-उधर फैल जाते है उसे श्रमिकों की टीम लगाकर कटाई-छटाई कराया जाता है। जिससे आने वाले नागरिको एवं बच्चो को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। निगम के पॉचो जोन क्षेत्र में उद्यान बनाया गया है, जहां पर आवश्यकतानुसार श्रमिक लगाकर साफ-सफाई कराया जा रहा है। साथ ही पौधो एवं क्यारी में पानी की सिंचाई, खाद इत्यादि डालकर पौधो को हरा-भरा रखा जा रहा है। रोड के बीच बने डिवाइडरो में टेंकर के माध्यम से पानी की सिंचाई भी कराई जा रही है, जिससे सभी पेड़-पौधे जीवित रहे। नगर निगम भिलाई द्वारा प्रयास किया जा रहा है। उद्यानों में टहलने घूमने आने वाले सभी नागरिकों एवं बच्चों से यह भी अनुरोध है कि गार्डन में फूल पौधों को नुकसान ना पहुंचाएं, किसी प्रकार का गंदगी न करें, कोई दूसरा करता है तो उसे भी रोकने का प्रयास करें। इससे हमारा गार्डन और खूबसूरत रहेगा।

# भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को जिताने नांदेड़ महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार कर रही है रंजना साहू

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी प्रदेश प्रवक्ता एवं धमतरी पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में नांदेड़ दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर विधानसभा चुनाव प्रभारी के रूप में दायित्व का निर्वहन कर रही है, जहां पर महाराष्ट्र उपचुनाव नांदेड़ लोकसभा क्षेत्र के भाजपा समर्थित महायुति के उम्मीदवार संतुकराव मारोतराव एवं नांदेड़ दक्षिण विधानसभा भाजपा प्रत्याशी आनंद राव पाटिल को विजय श्री दिलाने के लिए कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किए व प्रचंड मतों से विजय श्री दिलाने के लिए चुनाव प्रचार कर रही है। उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा एक ही लक्ष्य है जीत। प्रत्येक बुथ में कार्यकर्ता डोर.टू.डोर सम्पर्क कर मतदाताओं से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बहुजन हिताय कार्यों को पहुंचाए। जो कहा वो किया यही भाजपा की पहचान है, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास विचारधारा से देश की समृद्धि और विकास भारतीय जनता पार्टी का सिद्धांत है और निरंतर देश हित के कार्य कर रही है, मोदी जी ने अनेक योजनाएं लाई है जिसका लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंच रहा है। भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता अपने अपने बूथ में सक्रियता से कार्य कर रहे हैं जो की जीत के आगाज का शुभारंभ है।

# स्टॉक प्राप्त होने के बाद भी चावल जमा नहीं करने वाले राईस मिलों की जांच की गई



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में खाद्य विभाग द्वारा राईस मिलों की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में बीते 9 नवम्बर को विभागीय अमला द्वारा नगरी विकासखण्ड के तहसील बेलरगांव स्थित श्री गजराज एग्रो इण्डस्ट्रीज गढ़डोंगरी मा. द्वारा स्टेक प्राप्त होने के बाद भी लम्बे समय से चावल जमा नहीं करने के कारण उक्त राईस मिल की जांच की गई। जांच में श्री गजराज एग्रो इण्डस्ट्रीज गढ़डोंगरी मा. से धान का भौतिक सत्यापन करने पर स्टॉक में 19014 क्विंटल 11 किलोग्राम धान कम पाया गया। इसके मद्देनजर श्री गजराज एग्रो इंडस्ट्रीज गढ़डोंगरी मा द्वारा 15 दिनों से अधिक अवधि तक स्टेक प्राप्त होने के बाद भी चावल जमा नहीं करने पर भौतिक सत्यापन कर छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की कंडिकाओं का उल्लंघन पाए जाने के कारण 1194 क्विंटल 40 किलोग्राम धान तथा 846 क्विंटल चावल जप्त कर लिया गया।

# शुभ मुहूर्त का पर्व देवउठनी एकादशी की पार्षद मोटवानी ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



देवउठनी एकादशी के पावन पर्व पर आमापारा वार्ड के पार्षद एवं युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मोटवानी ने नगरवासी तथा क्षेत्र के लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि प्रत्येक हिंदुओं को इस स्थिति का इंतजार रहता है क्योंकि इस दिन से शुभ मुहूर्त की शुरुआत होती है श्री मोटवानी ने आगे कहा है कि देवउठनी एकादशी का त्यौहार सृजन का परिचायक है इस दिन से विवाह के शुभ मुहूर्त के साथ मानव जीवन के प्रत्येक पीढ़ी को आगे बढ़ाने हेतु पवित्र तिथि का शुभारंभ होता है दूसरे अर्थ में कहा जाए तो मंगलमय जीवन की कामना का यह दिवस है जो सभी के लिए खुशी उल्लास उमंग लेकर आता है और यही भावना सबके लिए मैं इस पर्व पर समर्पित करता हूं।

## अविनाश मिश्रा का निधन



**रायपुर।** बिलासपुर निवासी अविनाश मिश्रा अधिवक्ता (गीधा लिम्हा) वाले का निधन 12 नवंबर को हो गया है। अंतिम संस्कार आज उनके गृह ग्राम गीधा (मुंगेली) में हुआ। अविनाश मिश्रा ,डॉ. विनय कुमार मिश्र एवं स्व. शैल बाला मिश्रा के पुत्र, स्व. आशुतोष मिश्रा, डॉ. अल्पना शुक्ला के बड़े भाई, डॉ.शशांक के पिता एवं शोभित मिश्र (अधिवक्ता) के बड़े पिताजी थे।

# जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियां करें प्रारंभः कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नम्रता गांधी ने समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय गतिविधियों और प्रगति की समीक्षा की। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत आगामी 14 नवम्बर से शुरू हो रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के सुचारू संपादन के लिए नोडल अधिकारियों को उपार्जन केन्द्र में रहना सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने बताया कि धान खरीदी कार्य सुबह 9 बजे से शुरू हो जाएगा, संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों को समय पूर्व खरीदी केन्द्रों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। उन्होंने कहा कि शासन की शासन के गाइडलाइन अनुसार और वास्तविक उत्पादन के आधार पर ही धान खरीदी करें। बैठक में आयुक्त नगर निगम धमतरी प्रिया गोयल, अपर कलेक्टर जी आर मरकाम सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इसके साथ ही बाल दिवस के अवसर पर 14 नवम्बर को जिले के स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुसार कलेक्टर ने इस दिन जिले के सभी स्कूलों में बच्चों को न्यौता भोज कराने कहा। आगामी 19 नवम्बर को स्कूलों में अध्ययनरत बच्चे शेडो ऑफिसर की भूमिका का निर्वहन करेंगे। इस दौरान बच्चे एक दिन के अधिकारी के रूप में कलेक्टर, सीईओ, पुलिस अधीक्षक, डीएफओ इत्यादि की भूमिका निभाएंगे और विभिन्न विभागों की कार्यशैली, गतिविधियों को करीब से जानने और समझने का प्रयास करेंगे, जिससे उनके व्यक्तित्व का विकास तो होगा ही, साथ ही भविष्य में उनके कैरियर में भी फायदा मिलेगा। इसके मद्देनजर कलेक्टर गांधी ने जिले के अधिकारियों को उनके दायित्वों से शेडो ऑफिसर बच्चों को अवगत कराने कहा। आगामी 15 नवम्बर को जिले के नगरी विकासखण्ड स्थित ग्राम सांकरा में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, इस दौरान विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं उपलब्धियों संबंधी स्टॉल भी लगाए जाएंगे। कलेक्टर गांधी ने इसके लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए कार्यक्रम की तैयारियां सुनिश्चित् करने के निर्देश दिए। आगामी 13 नवम्बर को नगरी विकासखण्ड के ग्राम बेलरगांव में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को सुबह 11 बजे उक्त शिविर में उपस्थित रहकर आमजनों की समस्याए शिकायत और मांग संबंधी आवेदनों का अधिक से अधिक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# पाटन ब्लाक के शिक्षकों ने विभिन्न मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ शासन को सौंपा ज्ञापन

## मोदी की गारंटी के तहत शिक्षकों ने वेतन विसंगति दुर करने की मांग

■ पाटन ब्लाक के सभी संगठन के पदाधिकारी एक साथ सौंपे ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ सैलूद
www.dailypioneer.com



शिक्षक एलबी संवर्ग के विभिन्न मांगो को लेकर पाटन ब्लाक के सभी शिक्षक संघो ने शासन के नाम से पाटन एस डी एम तहसीलदार पाटन बी इ ओ पाटन को ज्ञापन सौपा जिसमें मुख्य मांगो में मोदी के गारंटी के तहत, सहायक शिक्षको के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एल.बी. संवर्ग के शिक्षको को क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान करना समतुल्य वेतनमान (पुनरीक्षित वेतनमान) में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण करना पूर्ण सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एल.बी. संवर्ग के पुरानी पेंशन की निर्धारण करें एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान करना माननीय उच्च न्यायलय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक - /261/2024 में डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय दिनांक 28/02/2024 के तहत सभी पात्र एल बी संवर्ग के शिक्षको के लिए क्रमोन्नति / समयमान वेतनमान का विभागीय आदेश करना। शिक्षक व कर्मचारियों को केन्द्र के समान 1 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिया जाए तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर मंहगाई भत्ते के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ / सीजीपीएफ खाता में करना। इस अवसर पर पाटन ब्लाक संयोजक वेतन परिहार वेदराम जांगडे सालिक राम ठाकुर जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा प्रदेश पदाधिकारी ओम प्रकाश पांडे घनश्याम मंडावी कृष्ण राज पांडे बलराम वर्मा गुनेश्वर वर्मा हिरेन्द्र वर्मा योगेन्द्र साहू अशोक सिन्हा टिकेश्वर यदु सनत नेताम एच एन कश्यप उपस्थित रहे।

## असंवैधानिक गतिविधियों पर नियंत्रण लगाना सभी अधिकारियों की संयुक्त जिम्मेदारी-एसपी

# अधिकारी आपसी समन्वय से सूचना तंत्र को करें मजबूत : कलेक्टर

■ कलेक्टर एवं एसपी ने ली कानून व्यवस्था दुरूस्त बनाए रखने के संबंध में बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



आगामी 14 नवम्बर से प्रदेश सहित जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, नगरीय निकाय त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन सहित जिले में अतिक्रमण, असंवैधानिक गतिविधियों, ओव्हरलोडिंग, अवैध रेत उत्खनन सहित विभिन्न गतिविधियां पर निगाह रखने और जिले में कानून व्यवस्था दुरूस्त बनाए रखने के संबंध में कलेक्टर नम्रता गांधी एवं पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त बैठक ली। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आहूत इस बैठक में उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को जिले के संवेदनशील धान खरीदी केन्द्र का चिन्हांकन कर नियमित पेट्रोलिंग करने तथा आपसी समन्वय बनाकर बाहरी राज्यों से धान नहीं आने पाए, यह सुनिश्चित करने कहा। साथ ही जिले की सीमाओं पर सतर्कतापूर्वक निगाह रखने के निर्देश दिए। जिले में आगामी नगरीय निकाय एवं त्रि स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 की सुचारू तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशानुरूप निर्वाचन कार्यक्रमों के दौरान संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय से कानून व्यवस्था बनाते हुए सतर्कता से कार्य करें। उन्होंने इसके लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, पुलिस प्रशासन के अधिकारी, तहसीलदार और थानेदारों को संयुक्त रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ इस दौरान कलेक्टर ने अब तक अधिकारियों द्वारा किए गए बेहतर प्रदर्शन की सराहना की और संवाद कर सूचना तंत्र को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि अधिकारी अतिक्रमण, अवैध खनन, हाथी प्रभावित क्षेत्र जैसे विषयों पर गंभीर एवं सतर्क रहें। कलेक्टर ने अवैध रेत खनन पर नियमानुसार संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन क्षेत्रों में हाथी विचरण कर रहे हैं, वहां के नागरिकों को मुनादी के माध्यम से सतर्क रहने की हिदायत देने भी कहा। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल, अपर कलेक्टर आर मरकाम, एडिशनल एसपी मणिशंकर चन्द्रा सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर गांधी ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी अधिकारी सजगता एवं सतर्कता के साथ कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को जिले में आने वाले पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के सामाजिक समस्या को चिन्हांकित कर शासन के नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए, जिससे आगे चलकर इनसे किसी प्रकार की लोक शांति भंग होने की स्थिति निर्मित ना हो। कलेक्टर ने अनुविभागवार लॉ एंड ऑर्डर की समस्याओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत रहने कहा। साथ ही लॉ एंड आर्डर की समस्या उत्पन्न करने वाले विवादों के कारणों का पता कर समस्याओं का तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में घटित होने वाली छोटी-बड़ी घटनाओं एवं कानून व्यवस्था का उल्लंघन की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए लापरवाही नहीं बरतने एवं उस पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए, जिससे कोई भी छोटी घटना बड़ा रूप न ले सके। उन्होंने संवेदनशील मामलों में नजर रखकर त्वरित कार्यवाही करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन को आपसी समन्वय बनाकर रखने तथा सूचनाओं का आदान.प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी टीम के रूप में एक-दूसरे को सहयोग करेंगे तभी समस्याओं का सुचारू समाधान होगा।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरूआत 15 नवम्बर को

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बीते दो अक्टूबर को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया गया। जिले में यह कार्यक्रम आगामी 15 नवम्बर से शुरू होगा। इस अभियान का उद्देश्य जनजातीय बाहुल्य ग्रामों तथा जनजातीय परिवारों के लिए विभिन्न योजनाओं पक्का घर, सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य की सुविधाओं का विस्तार आदि में सेच्युरेशन कर जनजातीय समुदायों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति में सुधार लाकर जनजातीय ग्रामों का समग्र विकास करना है। उल्लेखनीय है कि इस अभियान में जिलें के ऐसे अनूसूचित जनजाति ग्राम शामिल है, जहां अनूसूचित जनजाति की जनसंख्या 500 से अधिक अथवा 50 प्रतिशत अनूसूचित जनजाति बाहुल्य है। जिले के चयनित अनूसूचित जनजाति के चारों विकासखंड अंतर्गत 97 ग्राम पंचायतों के 108 अनूसूचित जनजाति बाहुल्य ग्रामों के 17 हजार 282 परिवारों के 76 हजार 560 जनसंख्या शामिल है। यह अभियान 05 वर्षों के लिए होगा, इसमें 17 मंत्रालयों द्वारा क्रियान्वित किये जाने वाले 25 विभाग शामिल हैं। जिसमें ग्रामीण विकास, जल शक्ति, विद्युत, नवीनकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, महिला और बाल विकास, शिक्षा, आयुष, दूरसंचार, कौशल विकास और उद्यमिता, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि और किसान कल्याण, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी, पंचायती राज पर्यटन और संस्कृति तथा जनजातिय मंत्रालय शामिल है।

## संपादकीय

# समृद्ध विरासत
# डीवाई चन्द्रचूड़ का कार्यकाल

**मुख्य न्यायाधीश** डीवाई चंद्रचूड़ का कार्यकाल 10 नवंबर को समाप्त हो गया। उनके प्रभावशाली निर्णयों की भारत की प्रगति और विकास की यात्रा पर उनके द्वारा छोड़े गए स्थायी निशान की बारीकी से जांच की जाएगी। वह 8 नवंबर, 2022 को 50वें सीजेआई बने। एक न्यायाधीश और सीजेआई के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, चंद्रचूड़ संविधान पीठ के फैसलों सहित 700 से अधिक निर्णयों में शामिल रहे हैं, जिनमें से कई को उन्होंने लिखा, असहमति जताई और सहमति व्यक्त की। उनका कार्यकाल हाल के वर्षों में सबसे प्रभावशाली कार्यकालों में से एक है, जो साहसिक न्यायिक सुधारों, महत्वपूर्ण फैसलों और संवैधानिक अधिकारों को बनाए रखने के लिए एक स्थायी प्रतिबद्धता की विशेषता है। कार्यालय में उनका समय न्यायपालिका को और अधिक सुलभ, पारदर्शी और तकनीकी रूप से कुशल बनाने के लिए नया रूप देने के प्रयास से चिह्नित था। न्यायशास्त्र के प्रति उनका दृष्टिकोण संवैधानिक सिद्धांतों और कानून की प्रगतिशील व्याख्या में दृढ़ता से निहित था। उनके कार्यकाल को भारत के कुछ सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों को संबोधित करने वाले ऐतिहासिक फैसलों द्वारा परिभाषित किया गया है। किसी भी लोकतंत्र के लिए मौलिक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और असहमति का अधिकार उनके दिल के बहुत करीब थे।



उनके नेतृत्व में, सर्वोच्च न्यायालय ने बार-बार व्यक्तियों के असहमति जताने और सत्ता पर सवाल उठाने के अधिकारों की पुष्टि की, खासकर उन मामलों में जहां सरकार के अतिक्रमण का आरोप लगाया गया था। राजद्रोह कानूनों और अन्य औपनिवेशिक युग के प्रतिबंधों को चुनौती देने वाले मामलों में उनके फैसलों ने सेंसरशिप पर अंकुश लगाने के लिए न्यायिक प्रतिबद्धता को दर्शाया। चंद्रचूड़ ने न्यायपालिका को और अधिक सुलभ और कुशल बनाने के लिए न्यायपालिका के भीतर महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति की शुरुआत की। डिजिटलीकरण और आभासी अदालती कार्यवाही के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने इसे सभी के लिए सुलभ बना दिया। केस बैकलॉग को सुव्यवस्थित करने, वंचित समुदायों के अधिकारों को प्राथमिकता देने और न्यायिक प्रणाली को आधुनिक बनाने के उनके प्रयासों ने एक स्थायी प्रभाव छोड़ा है। उन्होंने न्यायिक स्वतंत्रता की वकालत की और अक्सर एक गैर-राजनीतिक न्यायपालिका की आवश्यकता पर जोर दिया। इन सुधारों ने भविष्य के मुख्य न्यायाधीशों के लिए आधार तैयार किया है। हालांकि, चंद्रचूड़ को कुछ हाई-प्रोफाइल राजनीतिक मामलों, खासकर राज्य की निगरानी और सत्ता के कथित दुरुपयोग से जुड़े मामलों को संभालने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। इनमें से कुछ मामलों को प्राथमिकता देने में उनकी अनिच्छा को कुछ लोगों ने सरकार से टकराव की अनिच्छा के रूप में व्याख्यायित किया, जिससे न्यायिक स्वतंत्रता पर उनके अन्यथा दृढ़ रुख पर असर पड़ा। विवादास्पद कॉलेजियम प्रणाली में पारदर्शिता लाने के उनके प्रयासों को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। वास्तव में, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के कार्यकाल को भारतीय न्यायशास्त्र और न्यायिक प्रक्रियाओं के विकास में महत्वपूर्ण योगदान के रूप में याद किया जाएगा। अधिकार-आधारित निर्णयों, तकनीकी आधुनिकीकरण और सुलभता सुधारों के प्रति डीवाई चंद्रचूड़ की प्रतिबद्धता न्यायपालिका में उनके स्थायी योगदान को दर्शाती है।

# सत्ता व्यापार और वफादारी की राजनीति

बहुत ज़्यादा प्रभाव वाले टेक दिग्गज एलन मस्क ने ट्रम्प के लोकलुभावन संदेश को अपनाया है, और विनियमन और मुक्त बाज़ारों पर उनकी नीतियों की प्रशंसा की है।



संतोष मैथ्यू
(लेखक, एसोसिएट प्रोफेसर हैं)



**निवेश** बैंकिंग की दुनिया में एक कहावत है- अपमान एक निवेश है। यह विचार सरल है – जिन लोगों को कम आंका जाता है और अनदेखा किया जाता है, वे अक्सर सबसे सफल कदम उठाते हैं, भीड़ के पकड़ने से पहले कम कीमत पर स्टॉक खरीदते हैं। राजनीतिक दृष्टि से, यह रणनीति इस बात को दर्शाती है कि 2020 के चुनाव के बाद अपमानित और दरकिनार किए जाने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी हार को एक शक्तिशाली वापसी में कैसे बदल दिया। लेकिन ट्रम्प का पुनरुत्थान केवल राजनीतिक समझदारी का मामला नहीं है – यह गठबंधनों के बारे में भी है, जो राष्ट्रीय सीमाओं को पार करते हैं और सत्ता संरचनाओं को फिर से परिभाषित करते हैं।

ऐसा ही एक गठबंधन व्लादिमीर पुतिन के साथ उनका रिश्ता है, जिसे ऐतिहासिक दृष्टि से देखने पर यह अतीत के जटिल राजनीतिक गठबंधनों जैसा लगता है। पुतिन के प्रति ट्रम्प के दृष्टिकोण को एक तरह से ट्रम्प कार्ड के रूप में देखा जा सकता है। पुतिन के नेतृत्व में निरंकुश शासन के तहत एक नई विश्व व्यवस्था एक ऐसा परिदृश्य है जो तेजी से संभव होता दिख रहा है। इन बदलते वैश्विक ज्वार के बीच, एक समूह है जिसे ट्रम्प ने बचाने का वादा किया है- हिंदू। जबकि भारत के प्रधान मंत्री मोदी उनके रक्षक होने का दावा कर सकते हैं, ट्रम्प की दिवाली पर दुनिया भर में हिंदुओं की सुरक्षा करने की प्रतिज्ञा एक अलग तस्वीर पेश करती है। कुछ लोगों के लिए, यह एक बड़ा वादा लग सकता है, लेकिन दूसरों के लिए, यह एक ऐसी दुनिया में एक महत्वपूर्ण जीवन रेखा के रूप में देखा जाता है जहाँ भू-राजनीतिक गठबंधन पहले से कहीं अधिक मायने रखते हैं।

इस बीच, कनाडा के साथ भारत का रिश्ता इस विकसित हो रही कहानी में सबसे संवेदनशील फ्लैशपॉइंट में से एक है। कनाडा, जो अमेरिका का एक करीबी सहयोगी है, पहले से ही कई मुद्दों पर भारत के साथ मतभेद में है, खासकर जब प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो के प्रशासन ने भारत विरोधी रुख अपनाया है। चूंकि ट्रूडो की नीतियां संभावित रूप से सिख उग्रवाद को बढ़ावा देती हैं, इसलिए अस्थिरता बढ़ सकती है, जिससे भारत की भू-राजनीतिक स्थिति और जटिल हो सकती है।

अगर सिख उग्रवाद को बल मिलता है, तो उसे पाकिस्तान के रूप में अप्रत्याशित सहयोगी मिल सकते हैं, क्योंकि इस्लामी उग्रवाद और सिख अलगाववाद एक खतरनाक गठबंधन बनाने की धमकी देते हैं – एक ऐसा संयोजन जो भारत की आंतरिक सुरक्षा को कमजोर कर सकता है। यह परिदृश्य पूरी तरह से उस दुनिया से अलग नहीं है जिसका हेनरी फोर्ड ने एक बार समर्थन किया था, हालांकि एक अलग युग और संदर्भ में। फोर्ड मोटर कंपनी के संस्थापक फोर्ड, एडॉल्फ हिटलर और नाज़ियों के प्रति अपनी प्रशंसा के लिए बदनाम हो गए। फोर्ड के व्यापारिक हित नाजी शासन के साथ जुड़े हुए थे, जिसमें आकर्षक अनुबंध शामिल थे, जिससे फोर्ड की जर्मन सहायक कंपनी, फोर्ड-वर्के को लाभ हुआ। जबकि फोर्ड का हिटलर से संबंध वैचारिक था, यह वित्तीय भी था, एक व्यावहारिक गठबंधन जिसने राजनीतिक और आर्थिक दोनों तरह के लाभ दिए। आज की बात करें, तो हम फोर्ड के हिटलर के समर्थन और मस्क के ट्रम्प के समर्थन के बीच एक उल्लेखनीय समानता देखते हैं।

**ट्रम्प के साथ मस्क का रिश्ता शायद विचारधारा में उतना ही निहित न हो जितना फोर्ड का हिटलर के साथ था, लेकिन राजनीतिक और व्यावसायिक गणनाएँ अजीब तरह से समान हैं। फोर्ड की तरह, मस्क भी ट्रम्प में अपने व्यावसायिक हितों को एक शक्तिशाली राजनीतिक व्यक्ति के साथ जोड़ने का अवसर देखते हैं।**

बहुत ज़्यादा प्रभाव वाले टेक दिग्गज एलन मस्क ने ट्रम्प के लोकलुभावन संदेश को अपनाया है, और विनियमन और मुक्त बाज़ारों पर उनकी नीतियों की प्रशंसा की है। ट्रम्प के साथ मस्क का रिश्ता शायद विचारधारा में उतना ही निहित न हो जितना फोर्ड का हिटलर के साथ था, लेकिन राजनीतिक और व्यावसायिक गणनाएँ अजीब तरह से समान हैं। फोर्ड की तरह, मस्क भी ट्रम्प में अपने व्यावसायिक हितों को एक शक्तिशाली राजनीतिक व्यक्ति के साथ जोड़ने का अवसर देखते हैं। मस्क द्वारा हाल ही में ट्विटर खरीदना, ट्रम्प के लिए उनका मुखर समर्थन और सार्वजनिक चर्चा को नया रूप देने के लिए अपने प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करने की उनकी इच्छा रणनीतिक कदम हैं, न कि केवल व्यक्तिगत विश्वास।

इस गतिशीलता के मूल में एक सरल सत्य है- फोर्ड और मस्क दोनों ने, अपने-अपने समय में, आर्थिक और व्यावसायिक शक्ति को सुरक्षित करने में राजनीतिक संरेखण के मूल्य को पहचाना। फोर्ड ने हिटलर के प्रति अपनी प्रशंसा को एक खंडित यूरोप में वित्तीय लाभ के मार्ग के रूप में देखा। इस बीच, मस्क ट्रम्प के प्रति अपने समर्थन को अपने साम्राज्य के अनुकूल नीतियों को सुनिश्चित करने के साधन के रूप में देखते हैं, जैसे विनियमन, कम कर और सामाजिक कल्याण पर व्यवसाय को प्राथमिकता देना।

जिस तरह नाजी शासन के साथ फोर्ड के संबंधों ने यूरोप में उनकी कंपनी की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उसी तरह ट्रंप के साथ मस्क के संबंध मौजूदा वैश्विक अर्थव्यवस्था में उनके व्यावसायिक हितों को मजबूत कर सकते हैं। ट्रंप के प्रति मस्क का दृष्टिकोण भी व्यक्तिगत ब्रांडिंग का एक रूप है। दोनों ही लोगों ने बड़े पैमाने पर सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों की सोच को बेहतर बनाया है और दोनों ही विवादों की ताकत को समझते हैं।

जिस तरह फोर्ड अपने व्यावसायिक कौशल और अपने राजनीतिक जुड़ावों के माध्यम से लोगों की धारणा को प्रभावित करने में सक्षम थे, उसी तरह मस्क अपने मंच- ट्विटर, जो अब एक्स है- का उपयोग राजनीतिक चर्चा को आकार देने के लिए करते हैं। ट्रंप के लिए मस्क का समर्थन भी फोर्ड की 20वीं सदी की शुरुआत की राष्ट्रवादी बयानबाजी को दर्शाता है। जबकि फोर्ड का राष्ट्रवाद स्पष्ट रूप से नस्लीय था, ट्रंप के साथ मस्क का जुड़ाव आधुनिक ब्रांड के लोकलुभावनवाद को दर्शाता है, जो राष्ट्रवाद, अमेरिका प्रथम नीतियों और सत्ता-विरोधी बयानबाजी पर केंद्रित है। हालांकि, अंतिम प्रश्न बना हुआ है- क्या होता है जब व्यापार और राजनीति इस तरह से आपस में जुड़ जाते हैं कि यह लोकतांत्रिक संस्थानों के मूल ढांचे को ही खतरे में डाल देता है? हिटलर के लिए फोर्ड के समर्थन ने फासीवाद के वैश्विक उदय में योगदान दिया, और पुतिन जैसे लोगों के साथ ट्रम्प के गठबंधन ने लोकतंत्र और वैश्विक स्थिरता के भविष्य के बारे में चिंताएँ पैदा कीं। इस राजनीतिक नाटक में मस्क की भूमिका या तो इतिहास में एक फुटनोट हो सकती है या कॉर्पोरेट शक्ति और राजनीतिक स्वतंत्रता के बीच चल रहे संघर्ष में एक प्रमुख अध्याय हो सकती है। लोकलुभावनवाद का उदय, पारंपरिक गठबंधनों का टूटना, और मस्क और ट्रम्प जैसे शक्तिशाली व्यावसायिक व्यक्तियों की अप्रत्याशित कार्रवाइयाँ सभी एक ऐसे भविष्य की ओर इशारा करती हैं जहाँ वैश्विक स्थिरता खतरे में पड़ सकती है। भविष्य अनिश्चित है, लेकिन एक बात स्पष्ट है- जैसा कि इतिहास ने दिखाया है कि जब फोर्ड या मस्क जैसे शक्तिशाली व्यवसायी विवादास्पद राजनीतिक व्यक्तियों के साथ जुड़ते हैं, तो परिणाम दूरगामी और परिवर्तनकारी हो सकते हैं। चाहे अच्छे के लिए हो या बुरे के लिए, उनका प्रभाव निर्विवाद है, और उनके गठबंधन, चाहे कितने भी व्यावहारिक हों, आने वाले वर्षों में दुनिया को आकार देंगे।

# दो भेडिये और एक मेमना एक बार फिर बनाएंगे नाश्ते का मीनू



नितिन सिंघवी
पर्यावरण प्रेमी, रायपुर

भेडियों और मेमनों में बहुमत अगर भेडियों का हो तो नाश्ते का मीनू भेडिये ही चुनेंगे, मेमना ही मारा जायेगा। ऐसी ही हालात जलवायु संकट से निपटने के लिए हो गई है। 11 तारीख से पेट्रोल उत्पादक देश अज़र्बेजान के बाकू में जलवायु परिवर्तन की 29वीं कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टी चालू हुई है, 200 देश भाग लेंगे। अध्यक्ष आयोजक देश का होता है, इस बार भी राष्ट्रीय आयल कंपनी के लिए कार्य कर चुके मंत्री अध्यक्ष है। 28वीं कॉन्फ्रेंस पेट्रोल उत्पादक देश यूएई के दुबई में वहां के आयल व्यापार से जुड़े मंत्री की अध्यक्षता में हुई थी जिसमें बहुत देशों ने मांग की कि जीवाश्म ईंधन को फेस आउट (खत्म) करने की शर्त डाली जावे। परंतु अंतिम दिन पेट्रोल उत्पादक देशों के दबाव से जीवाश्म ईंधन को फेस आउट करने की शर्त को ख़त्म करके जीवाश्म ईंधन से दूर रहने की कार्यवाही तेज करने की शर्त डाल दी गई। अजरबेजान भी पेट्रोल उत्पादक देश है, अध्यक्ष उन्ही का है और यहां पर भी वही होगा जो दुबई में हुआ। पेट्रोल उत्पादक देश दबाव डाल कर निर्णय लेंगे और एक बार फिर भेडियों को मन पसंद नाश्ता मिलेगा। जलवायु संकट ने हमें किस स्थिति लाकर छोड़ दिया है इसके ज्वलंत उदाहरण हाल ही में स्पेन के चीवा में आई बाढ़ है जिसमें 8 घंटे में 500 मिमी पानी गिरा। स्पेन के बहुत बड़े इलाके में तबाही ला दी। और दूसरा उदाहरण है सऊदी अरेबिया के अल जाफइलाके के रेगिस्तान में बर्फ, पानी और ओले गिरे। औद्योगिक युग चालू होने के बाद से वर्ष 2024 आज तक का सबसे गर्म वर्ष होने जा रहा है।



दो घटनाएं और गौर करने वाली है जो कम से कम भारत के अर्थशास्त्री और जीडीपी प्रेमियों को तो खुश करेंगी। वर्ष 2023 में दुनिया में भारत की ग्रीन हाउस उत्सर्जन की बढ़ोतरी दर सबसे ज्यादा रही, बिना इसे बढ़ाये जीडीपी की दर नहीं बढाई जा सकती। दूसरी अमेरिका में सत्ता परिवर्तन, जो इस जलवायु संकट के दौर में रॉकेट में आग लगाने का काम करेगा। पहली बार जब पूंजीवादी ट्रंप आए तो वह पेरिस एग्रीमेंट से हट गए थे, बाईडेन आए तो जुड़ गए और इस बार भी चुनाव में ट्रंप ने कहा जलवायु परिवर्तन को नकारते हुए समुद्र जल स्तर बढने पर कहा वू द हेल केयर्स अर्थात किसको परवाह है।

कॉप 29 में कोई ठोस कदम उठाये जायेंगे इसकी संम्भावना कम है परन्तु अविकसित और भारत सहित विकासशील देश, विकसित देशों से जलवायु संकट से निपटने के लिए धन की पुरानी मांग दोहराएंगे परन्तु खुद पुराने समझोतों के अनुसार ग्रीन हाउस उत्सर्जन कम करने की बात नहीं करेंगे। विकसित देश खुद जलवायु संकट से नहीं निपट पा रहे है और आपको पैसा देंगे इसे भूल जाना चाहिए। क्या इतनी बड़ी त्रासदी झेल चुका स्पेन खुद अपने नुकसान की भरपाई करेगा या आपको धन देगा? कॉप 29 में पैसा मांगने वाले सभी देश बड़े बड़े आश्वासनों के साथ लौट जायेंगे और ब्राजील में होने वाली कॉप 30 तक भूल जायेंगे। इस बीच विश्व जलवायु संकट की नई नई त्रासदियां झेलेगा। हमें नहीं भूलना चाहिए की मानसून पर आधारित 145 करोड़ की जनसंख्या वाला हमारा देश जलवायु संकट के मामले में सबसे ज्यादा असुरक्षित है और हमें ग्रीन नेता चाहिए जो विकास के पीछे न भागें और जलवायु संकट को समझें।



## आप की बात

### मुफ्त रेवड़ियों की घोषणा

**सुप्रीम कोर्ट** ने राजनीतिक पार्टियों को चुनावी वादों में मुफ्त रेवड़ियां बांटने से मना किया था किन्तु हर राजनीतिक पार्टी अपने चुनावी घोषणा-पत्रों में मतदाताओं से मुफ्त रेवड़ियों के वादे बड़े जोरशोर से कर रही है। फिर चाहे झारखंड हो या महाराष्ट्र, अगर हमारी सरकार आई तो कोई महिलाओं को 2100 तो कोई 3000 प्रतिमाह व बेरोजगारों को 4 हजार प्रतिमाह, 25 लाख तक का मुफ्त स्वास्थ बीमा आदि अन्य सुविधाएं भी देने की खुले आम घोषणाएं कर रहा है। मजेदार बात यह है कि जिसकी सरकार कुछ प्रदेशों में है, वे उन्हें पूरा नहीं कर पा रही हैं और उनके नेता आर्थिक तंगी के चलते मुफ्त घोषणाएं ना करने की सख्त चेतावनी भी दे रहे हैं। कांग्रेस पूर्व में भी लोकसभा चुनाव के वक्त 8000 रुपए जुलाई से प्रतिमाह खटाखट देने का लिखित में वादा करके मतदाताओं से नजर चुरा चुकी है। अब फिर महाराष्ट्र व झारखंड में होने वाले चुनावों हेतु वो बड़े-बड़े लुभावने वादे कर रही है. हालांकि भाजपा भी मुफ्त रेवड़ी बांटने के वादे करने में पीछे नहीं है. ऐसा लग रहा है मुफ्त रेवड़ी बांटने की जैसे राजनीतिक दलों में प्रतिस्पर्धा ही चल रही हो जबकि प्रदेश और देश के विकास में जनता की गाढ़ी कमाई से प्राप्त टैक्स का सदुपयोग होना चाहिए। किन्तु वे तो जनधन का अपने स्वार्थ के लिए मृगतृष्णी वादे पर वादे हर चुनाव में करते ही जा रहे हैं।

**-शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### दलित वोटों पर दृष्टि

**आज के** चुनावी माहौल में राजनीतिक दलों से लेकर प्रत्याशी तक दलित आदिवासी, ओबीसी वोट के लिए संविधान, आरक्षण, आदिवासी एवं शाहू फुले अंबेडकर की वैचारिक क्रांति का पक्षधर दिखाई देता है। महाराष्ट्र में तो इस बार बाकायदा राजनीतिक दलों की प्रेस कॉन्फ्रेंस तक में शाहू फुले, अंबेडकर की विरासत की चर्चा की गई थी ताकि महाराष्ट्र में दलित, बौद्ध और ओबीसी समुदाय की वोट को अपनी तरफ कर किया जाए. लेकिन वास्तविक धरातल पर देखा जाए तो दलितों के गंभीर मुद्दों पर भी राज्य सरकारों के कार्य और प्रयास नाकाफी साबित हुए है। यह कड़वा सच है कि राज्य में उपेक्षित समुदाय पर अत्याचार लगातार बढ़ रहे हैं। अमानवीय घटनाक्रम समाचार पत्रों की सुर्खियां बनी हुई हैं। राज्य सरकारे दलितों पर अत्याचार रोकने में नाकाम रही हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति और भी भयानक है। लोक सभा चुनाव में संविधान बदलने की चर्चा और संविधान को बचाने का बड़ा मुद्दा थी और जिसका असर भी महाराष्ट्र में और उत्तर प्रदेश में देखा है। इसलिए महाराष्ट्र और झारखंड और उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में भी राहुल गांधी के द्वारा संविधान की दुहाई दी जा रही है. जिसका फायदा होगा या नुकसान यह चुनाव परिणाम वाले दिन पता लगेगा।

**-वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### ट्रम्प की जीत

**ट्रम्प के** दोबारा सत्ता में काबिज़ होने पर वो कौन लोग हैं जो खुश हैं और खुशी मना रहे हैं ? सिर्फ और सिर्फ वो लोग जो उग्र राष्ट्रवाद एवं धूर दक्षिणपंथी रूढ़िवादी विचारधारा के पक्षधर हैं, वे ही आज नाच गा रहे हैं। मगर वे लोग जो अंतराष्ट्रीय राजनीति एवं कूटनीति के नियमों को समझते हैं, जो जलवायु परिवर्तन वाले अवधारणा को मानते हैं, जो लोग आप्रवासियों का अर्थव्यवस्था में योगदान के बारे में गहरा अनुसंधान प्रतिवेदन को पढ़ा है वे सब के सब, ट्रम्प की वाइट हाउस में वापसी से, बेहद खौफ़ज़दा हैं। पहला चिंता का कारण ये है की अपने पहले कार्यकाल से ही और अभी भी उनका मानना यही है कि नाटो संघ से वो अमेरिका को बाहर निकालेंगे। मतलब ये की यूरोप का सुरक्षा को खतरे से अब बचा पाना मुश्किल है। सोवियत संघ का मुकाबला करने के लिए द्वितीय विश्व युद्ध के बाद और शीत युद्ध की शुरुआत में स्थापित नाटो का एक प्रकार से अंत की शुरुआत कह सकते हैं। दूसरी बड़ी उलटफेर ये होने जा रहा है क्योंकि ट्रम्प तानाशाह पुतिन के कहने के हिसाब से काम करने जा रहे हैं। यानी यूक्रेन को किसी तरह का सैन्य और आर्थिक मदद को वे बंद करने पर आमादा हैं। यानी रूस और उसके सहयोगी चीन और उत्तर कोरिया जो चाह रहे थे ट्रम्प ने वही करने का इरादा व्यक्त किया है।

**-जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### आधार कार्ड पर इलाज हो

**आयुष्मान** कार्ड की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग बुजुर्गों द्वारा की जा रही है। सरकार से अनुरोध है कि 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए आधार कार्ड के आधार पर ही इलाज दिया जाए। बहुत से ग्रामीण बुजुर्ग आयुष्मान कार्ड से स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। इसलिए आयुष्मान कार्ड बनाने की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए। आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में आधार कार्ड की अनिवार्यता होने के बावजूद इलाज में देरी हो रही है। इससे नागरिकों को परेशानी हो रही है। आधार कार्ड पर इलाज देने से नागरिकों को समय पर इलाज मिलेगा और आयुष्मान कार्ड बनाने की झंझट से मुक्ति मिलेगी। सरकार से अनुरोध है कि आयुष्मान कार्ड की अनिवार्यता समाप्त करें। आधार कार्ड के आधार पर इलाज दें। आधार कार्ड लिंक सभी कार्डों से लिंक है। और जिस पर डेट ऑफ बर्थ भी लिखी है । इससे इलाज की प्रक्रिया को सरल और तेज बनाएं। इससे नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं तक आसानी से पहुंच मिलेगी और आयुष्मान कार्ड की झंझट से मुक्ति मिलेगी।

**-विभूति बुपक्या,** खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# लिखित आश्वासन मिलने के बाद हड़ताल वापस, आज से काम मे लौटेंगे समिति कर्मचारी, कल से धान खरीदी का होगा श्रीगणेश

## पहले दिन 14 नवंबर के लिए 2,347 टोकन जारी, 1 लाख 56 क्विंटल धान की होगी खरीदी



### इतिहास में पहली बार बालोद जिले को मिला 80 लाख क्विंटल से अधिक का लक्ष्य

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

अनिश्चितकालीन आंदोलन महासंघ के तीन सूत्रीय मांगो को लिखित आदेश मिलने के बाद आंदोलन को स्थगित किया गया है। लिखित आश्वासन मिलने के बाद आज से समिति कर्मचारी काम में वापस लौटेंगे और कल से विपणन वर्ष 2024-25 धान खरीदी का श्रीगणेश होगा। एसीएस ऋचा शर्मा ने प्रदेश के सभी संभागायुक्त और कलेक्टर को पत्र लिख कहा है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी की अंतिम तिथि के पश्चात् मार्कफेड द्वारा खरीदी केन्द्र में भण्डारित समस्त धान को एक माह के भीतर मिलर एवं परिवहनकर्ताओं के माध्यम से उठाव कराया जायेगा, यदि एक माह के पश्चात भी खरीदी केन्द्र में धान शेष रहता है, तो उठाव हेतु शेष धान की मात्रा पर समिति को सूखत प्रदाय करने के लिए खाद्य विभाग द्वारा प्रस्ताव वित्त विभाग को प्रेषित की जावेगी। वही आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं कुलदीप शर्मा ने सचिव सहकारिता विभाग को पत्र लिख सहकारी समितियों के आंदोलनरत कर्मचारियों की मांग के निराकरण के सम्बंध में कमेटी गठन किये जाने हेतु अनुरोध किया है।

### वेतन में 25 प्रतिशत की गई वृद्धि : नरेंद्र साहू

प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र साहू ने पायनियर को बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील पहल से समिति प्रबंधकों की हड़ताल समाप्त हुई ही। मुख्यमंत्री के समक्ष मंगलवार को विभागीय अधिकारियों के साथ प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के कर्मचारियों की हड़ताल के संबंध में सकारात्मक चर्चा हुई। उनके द्वारा त्वरित कार्यवाही का भरोसा दिया गया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की सराहनीय पहल पर समिति कर्मचारियों की 6 वर्षो से लंबित वेतन वृद्धि की मांग को पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा 24 घंटे के भीतर पूर्ण किया जाकर समिति कर्मचारियों के वेतन में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई। इसके साथ ही अन्य 2 मांगों के संबंध में शासन स्तर पर अंतर्विभागीय समिति का गठन कर उचित कार्यवाही की जा रही है। अतः हड़ताली समिति कर्मचारी संघ की मुख्य मांगों के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री के आश्वासन पर सहकारिता विभाग द्वारा सकारात्मक पहल कर त्वरित कार्यवाही से संघ संतुष्ट है। इसलिए समिति कर्मचारियों की जारी हड़ताल समाप्त घोषित की जाती है।

### एक लाख 54 हजार 146 किसानों ने कराया पंजीयन

विपणन खरीफ वर्ष 2024-25 में कुल 1 लाख 54 हजार 146 किसानों ने अपनी उपज समर्थन मूल्य पर बेचने पंजीयन कराया है। इस वर्ष जिले के किसानों ने एक लाख 64 हजार 131.21 रकबा में धान की फसल लगाई है। वही छत्तीसगढ़ और बालोद जिला बनने के बाद पहली बार इतिहास में 80 लाख क्विंटल से अधिक की धान खरीदी की जाएगी। इस खरीफ वर्ष 2024-25 में 82 लाख 66 हजार 170 क्विंटल का लक्ष्य रखा गया है। जो कि बीते वर्ष की अपेक्षा साढ़े 7 लाख क्विंटल ज्यादा है। बीते वर्ष 2023-24 में एक लाख 44 हजार 481 किसानों से 74 लाख 87 हजार 146 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। इस वर्ष धान बेचने 4 हजार 985 नए किसानो ने पंजीयन करवाया है। वर्ष 2023-24 में एक लाख 49 हजार 161 किसानों ने पंजीयन करवाया था तो इस खरीदी वर्ष 2024-25 में एक।लाख 54 हजार 146 किसानों ने पंजीयन करवाया हैं। वही बता दे कि कल 14 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत होने वाली हैं। पहले दिन के लिए समिति और एप्प (ऑनलाइन) के माध्यम से 2 हजार 347 टोकन जारी किया जा चुका है, जिसमें लगभग एक लाख 56 हजार क्विंटल धान खरीदी की जावेगी।

### नही करेंगे कस्टम मिलिंग, राइस मिलर नही करा रहे कस्टम मिलिंग हेतु पंजीयन

जिले के राइस मिलरों का कहना है कि उन्हें शासन से अभी पुराना पैसा ही लेना है और पैसे नहीं मिलने से काफी परेशानी हो रही है। राइस मिलरों को शासन से वितीय वर्ष 2022-23 के करोड़ो की राशि वसूलनी है। इसके साथ ही विभिन्न मुद्दों को लेकर सोमवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन की बैठक भी संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश के सभी 33 जिलों के करीब 200 प्रतिनिधि शामिल हुए थे।वही बीते दिनों जिला राइस मिल एसोसिएशन ने दीपावली मिलन समारोह का आयोजन गुरुर में किया था। जहां भी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और जिस तरह कस्टम मिलिंग की राशि 60 रुपये प्रति क्विंटल की गई है, उसपर नाराजगी व्यक्त कर इस ख़रीदी वर्ष कस्टम मिलिंग हेतु पंजीयन नही करवाने का निर्णय लिया गया है। वही जिलाध्यक्ष ताराचंद सांखला ने बताया कि कुछ दिनों में मुख्यमंत्री से इस विषय में चर्चा होनी है, हमें विश्वास है कि हमारी मांगो को वे पूरा करेंगे। वही कुछ राइस मिलरों का कहना है कि जब तक उन्हें पुराना पैसा न मिल जाए, तब तक वर्ष 2024-25 का कस्टम मिलिंग नहीं करेंगे।

# नगरीय निकाय अधिकारी कर्मचारी संघ के हड़ताल को कांग्रेस का मिला समर्थन



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश नगरीय निकाय अधिकारी कर्मचारी संघ के द्वारा समस्त छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में तीन दिवसीय हड़ताल किया जा रहा है। हडताली कर्मचारियों को समर्थन देने के लिए उनके धरना स्थल पर दल्ली राजहरा के कांग्रेस जनों ने जाकर उनकी जायज मांगों का समर्थन किया। कांग्रेस जनों ने एक स्वर में कहा कि नगरीय निकाय के समस्त कर्मचारियों को 1 तारीख को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भुगतान करना शासन की जिम्मेदारी है, यह आवश्यक रूप से किया जाना चाहिए । प्लेसमेंट कर्मचारियों को जो एक लंबे समय से कार्य कर रहे हैं उन्हें भी नियमित कर्मचारियों के रूप में दर्जा दिया जाना चाहिए। शासन के विभिन्न विभागों में अनुकंपा नियुक्ति का भी प्रावधान है इस प्रावधान को नगरीय निकाय के कार्यरत कर्मचारी पर भी लागू किया जाना चाहिए, ताकि उन्हें संभाग स्तर पर रिक्त पदों पर नियुक्त करके प्रभावित परिवार को मदद किया जा सके। समर्थन देने गए कांग्रेस नेताओं को हडताली कर्मचारियों ने बताया की छठवें एवं सातवें वेतनमान के एरियर्स का भुगतान करना चाहिए। दल्लीराजहरा के कांग्रेसजनों ने नगरीय निकाय के कर्मचारियों के मांगों का पुरजोर समर्थन किया एवं शासन से मांग किया है कि शीघ्र ही इनकी मांगों को पूर्ण कराया जाए। समय पर उनकी मांगों को पूरा नहीं करने पर कांग्रेस नगरीय निकाय कर्मचारी संघ के मांगों के समर्थन में उनके इस आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर आंदोलन को गति प्रदान करेगी ऐसा आश्वासन कांग्रेस के पदाधिकारी ने दिया। समर्थन करने गए कांग्रेस जनों में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय विधायक श्रीमती अनिला भेड़िया के प्रतिनिधि रतिराम कोसमा, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रवि जायसवाल, जिला कांग्रेस कमेटी के सह सचिव के. ईश्वर राव, पूर्व पार्षद चिन्नामल गुंडू, राजेश निषाद, पूर्व पार्षद राकेश जायसवाल, पूर्व एल्डरमैन महिंद्रन अप्पू, पार्षद चंद्र प्रकाश बोरकर, कांग्रेस नेता अजय नोनहारे एवं कांग्रेसजन धरना स्थल पर जाकर समर्थन किया।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान समारोह का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

महिला बाल विकास विभाग परियोजना दल्ली राजहरा के तत्वावधान में बाल्यावस्था देखभाल शिक्षा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान समारोह का आयोजन नगर पालिका के मंगल भवन में किया गया। मुख्य अतिथि शीबू नायर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद थे, विशेष अतिथि पार्षद गण रूखसाना बेगम, श्रुति यादव, विजयलक्ष्मी राव, टी. ज्योति एवं रेखू राम साहू स्वास्थ्य सुपरवाइजर थे। कार्यक्रम का स्वागत भाषण पर्यवेक्षक दिव्या मानिकपुरी द्वारा संबोधित किया गया, कार्यक्रम की रुपरेखा पर्यवेक्षक किरण नायक द्वारा बताया गया, रेखू राम साहू ने बाल्यावस्था के विषय में बताया यह अवस्था बहुत ही नाजुक होती है, इस उम्र में बच्चों को खेल के माध्यम से एवं सामाग्री दिखा कर व्यवहारिक ज्ञान करवाना है ऐसी स्वास्थ्य विभाग से संचालित योजना की जानकारी दी गई। छः जानलेवा बीमारीयों के बचाव के लिए टीकाकरण की जानकारी दिया। गर्भवती माताओं के लिए संचालित स्वास्थ्य सेवा के विषय में विस्तार से जानकारी दिया। नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर ने कहा सम्मान से संबंधित आयोजन से कार्यकर्ताओं का मनोबल में वृद्धि होती हैं, कार्य में प्रगति आता है, एक दूसरे के विचार जानने का अच्छा मौका मिलता है, विभाग के द्वारा सम्मान मिला, मेरे तरफसे आप सभी को शुभकामनाएँ देता हूँ। आयोजन में समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं समस्त सहायिकाओं का सम्मान अतिथियों के द्वारा किया गया, विभाग के ओर से लक्ष्मी के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# देव उठनी एकादशी पर तुलसी विवाह धूमधाम एवं श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रो में देव उठनी एकादशी के अवसर पर तुलसी विवाह धूमधाम एवं श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। इस पर्व में पूजा के उपरांत कई लोगो ने जमकर आतिशबाजी कर अपनी खुशी जाहिर किया दीपावली के ग्यारहवें दिन तुलसी विवाह करने का नियम है इस संबंध में मान्यता है कि चार माह तक भगवान विष्णु निंद्रा से जागते है। इसी कारण इस तिथि को देव उठनी कहा जाता है। इस दिन शाम को घर की साफ सफाई के बाद विभिन्न कलात्मक रंगोली बनाया गया इसके साथ ही दिन ढलते ही तुलसी के पौधे के उपर गन्ने का मंडप बनाया गया था। जहां श्रद्धालुओ के द्वारा तुलसी के नीचे भगवान शालिग्राम को आसन में स्थापित किये थे और दोनो की पूजा जल अक्षत, कुमकुम, गुलाल, सिंदूर



लगाये और बिही, सिंघाड़ा, चना भाजी, आवंला भट्टा बोईर सहित अन्य फल अर्पित किये गये इसके साथ ही घर में बनाये गये विभिन्न पकवानो को भोग भी लगाये तदउपरांत आरती कर आर्शीवाद लिया । हिन्दू धर्म के मान्यता के अनुसार कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष के ग्यारवे दिन भगवान विष्णु चार महिने के निन्द्रा के बाद जागते है और इसके साथ ही सभी शुभ मांगलिक कार्यक्रम शुरू हो जाता है।

### क्यौ मनाते हैं प्रबोधिनी एकादशी व्रत

धार्मिक शास्त्रों के अनुसार आषाढ़ शुक्ल पक्ष में एकादशी तिथि को शंखासुर दैत्य मारा गया। अतः उसी दिन से आरम्भ करके भगवान चार मास तक क्षीर समुद्र में शयन करते हैं और कार्तिक शुक्ल एकादशी को जागते हैं। पुराण के अनुसार यह भी कहा गया है कि भगवान हरि ने वामन रूप में दैत्य बलि के यज्ञ में तीन पग दान के रूप में मांगे। देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु 4 महीने की योगनिद्रा के बाद जागते हैं और इसके बाद शुभ-मांगलिक कार्य फिर से शुरू हो जाते हैं। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को देवउठनी या प्रबोधिनी एकादशी मनाई जाती है। इस दिन से सभी शुभ कार्य, विवाह, मुंडन, गृहप्रवेश आदि की शुरुआत की जाती है जो देवशयन एकादशी (चातुर्मास) के समय रुके रहते हैं। इसलिए इस एकादशी को बेहद खास माना जाता है। इस दिन भक्त भगवान विष्णु के निमित्त व्रत रखते हैं, उनकी पूजा करते हैं और खुशियां मनाते हैं।

### देवउठनी पर बाजार में पुजा समान सजी

देवउठनी एकादशी पर्व पर पूजा में उपयोग होने वाले समान की जमकर बिक्री हुई इसमें विशेष रूप से गन्ना की मांग सर्वाधिक रही बाजार में गन्ना की जोड़ी 40-50 रुपए रहा वही गेंदा फूल 40-50 रुपए पांव था सीताफल बड़ा वाले 30 रुपए पाव रहा जबकि चना भाजी, सिंघाड़ा, बही, बोईर, बही, आंवला कांदा का एक सेट 30-40 रुपये में बेचा गया।

# जिला स्तरीय परख -2024 अभ्यास पुस्तिका का निर्माण पी. एल. सी. का विमोचन

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

एनसीईआरटी द्वारा सरकारी एवं निजी स्कूलों में बच्चों की सीखने में उपलब्धियां का आकलन करने के लिए परख परीक्षा दिसंबर माह में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाएगा जिसे पहले नेशनल अचीवमेंट सर्वे के नाम से जाना जाता था इस परीक्षा में छत्तीसगढ़ के बच्चों की उपलब्धि को बेहतर बनाने हेतु बेमेतरा जिला पीएलसी समूह द्वारा आगामी परीक्षा 2024 की तैयारी एवं अभ्यास हेतु मॉक टेस्ट प्रश्न पत्र एवं अभ्यास पुस्तिका का निर्माण एवं संयोजन का कार्य किया जा रहा है गणित विषय पीएलसी टीम के सदस्यों द्वारा अभ्यास प्रश्न पत्र का निर्माण कर राज्य को प्रेषित किया जा रहा है इस हेतु जिला स्तरीय परख - 2024 अभ्यास पुस्तिका का निर्माण पी. एल. सी. बेमेतरा ( गणित ) द्वारा किया गया जिसका विमोचन सहायक संचालकएस. पी. कोशले एवंसुनील झा द्वारा किया गया! इस अवसर मेंकोशले एवं झा के द्वारा परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण की तैयारी सभी विद्यालयों में बच्चों को गंभीरतापूर्वक एवं रोचकता के साथ प्रश्न का अधिक से अधिक अभ्यास कराने हेतु प्रेरित किया, निर्धारित समय में प्रश्नों की समझ सही ढंग से हो इनके लिए अभ्यास की निरंतर आवश्यकता है!इस अवसर में पीएलसी नोडल शिक्षिका रेणुका अग्रवाल, ज्योति बनाफर, सुकन्या राजपूत, पुष्पा वर्मा,भूपेंद्र साहू, डोमेन्द्र पाण्डेय, नीलेश सोनी, प्रकाश सोनी, अशोक साहू, देवेंद्र साहू एवं लोमश पटेल उपस्थित रहे!

# शिक्षक संघर्ष मोर्चा पांच सूत्रीय मांगों को लेकर विकासखंड में सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन कर रहा है। पांचवें चरण के आंदोलन में 11 नवंबर को दुर्ग विकासखंड के एसडीएम तहसीलदार व विकासखंड शिक्षा अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। शिक्षक संघर्ष मोर्चा के ब्लॉक संचालक किशन देशमुख, प्रताप धनकर, मनीष साहू पदाधिकारियों ने बताया कि मांगों में मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत समयमान वेतनमान प्रदान किया जाए। समतुल्य वेतनमान, पुनरीक्षित वेतनमान में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जाए, पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग का पुरानी पेंशन को निर्धारित करने एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान, उच्च न्यायालय द्वारा याचिका में डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय के तहत सभी पात्र एलबी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति, समयमान का विभागीय आदेश जारी करने, शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 1 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता, जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ सीजीपीएफखाता में समायोजित करने जयपन दिया गया। शिक्षक मोर्चा द्वारा आगामी 2 माह का चरणबद्ध आंदोलन पूर्व सेवा गणना मिशन अभियान में तय किया गया है। इसके तहत 14 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालय में ज्ञापन दिया गया।

# भाजपा सरकार किसानों के धान खरीदी में कर रही है हील हवाला : छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



आशीष छाबड़ा ने भाजपा सरकार द्वारा घोषित 14 नवंबर से धान खरीदी किए जाने को भा जा पा का किसानों के साथ छल बताया है पूर्व विधायक का कहना है कि किसानों के धान कटकर लगभग एक माह से ब्यारे में पड़े हुए हैं जिसमें पानी गिरने तथा धान के खराब होने की संभावना बनी हुई है साथ ही साथ भाजपा के द्वारा जो 14 नवंबर से धान खरीदी की बात कही जा रही है वह भी आधी अधूरी है जबकि सोसाइटियों के कर्मचारी हड़ताल पर जा चुके हैं वहीं राइस मिलर भी हड़ताल में जाने की तैयारी कर रहे हैं तथा संबंधित धान खरीदी केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में धान के बोरों की सप्लाई नहीं की गई है ऐसे में भाजपा सरकार किस तरीके से धान की खरीदी करेगी समझ से परे है पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने भाजपा के द्वारा धान खरीदी को महज एक ढोंग करार दिया है उनकी तैयारी कुछ भी नहीं है किसानों को धोखा देने की नीयत से 14 नवंबर से धान खरीदी की बात कही जा रही है जबकि संबंधित धान खरीदी केंद्रों में काम करने वाले कर्मचारी सरकार के रवैया से नाराज हैं तथा हड़ताल पर है ऐसे में धान खरीदी कौन करेगा यह एक सवालिया निशान है साथ ही साथ धान खरीदी के पश्चात मिलिंग करने वाले राइस मिलर्स भी पूर्व में जो कांग्रेस सरकार के द्वारा राइस मिलर्स को मिलिंग राशि प्रदान की जाती थी उसमें भी कटौती किए जाने से मिलर भी हड़ताल में जाने तथा मिलिंग न करने की बात कह रहे हैं ऐसे में सोसाइटियों में धान जाम होना स्वाभाविक सी बात है रही बात मौसम लगातार करवट बदल रहा है किसानों के धान उनके बाड़ी में पड़े हुए हैं जो खुले में मौसम की मार झेल रहे हैं मौसम की नरम गरम होने से धान खराब हो सकते हैं किंतु किसान विरोधी भाजपा सरकार को इस बात की चिंता नहीं है पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने बेमेतरा जिले में कांग्रेस सरकार के समय प्रतिवर्ष नये धान खरीदी उप केंद्र खोले जाते रहे हैं जबकि भाजपा सरकार आने के बाद से एक भी धान खरीदी उप केंद्र की वृद्धि न किया जाना भाजपा के किसान विरोधी रवैया को दर्शाता है। आशीष छाबड़ा ने धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू रूप से निर्विघ्नता से किए जाने की मांग भाजपा सरकार से की है, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार से कोई परेशानी का सामना न करना पड़े, अन्यथा कांग्रेस ऐसी स्थिति में मूकदर्शक बनी नहीं रहेगी। किसानों के हित में वह जमीन की लड़ाई लड़ने को तैयार है।

# जय सतनाम युवा मंच की जिम्मेदारी फिर डीआर गुलशन को, कार्यकारिणी भी वही



पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

जय सतनाम युवा मंच रिसाली की आमसभा समाज के प्रबुद्धजन एवं संत समाज के उपस्थिति में वर्तमान अध्यक्ष दुजराम गुलशन के द्वारा अभिवादन व अपने कार्यकाल के उपलब्धि के साथ आय व्यय को समाज के समक्ष रेखांकित करते हुए प्रारंभ हुआ। आमसभा में वर्तमान समिति का कार्यकाल को पूर्ण होने पर नये कार्यकारिणी का गठन का प्रस्ताव समाज के बीच लाया गया। समति गठन के इस प्रक्रिया को सम्पन्न कराने समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के रूप में टी आर कोसरिया, रामलाल चतुर्वेदानी, एस एल मिर्चे, आर सी देशलहरा एवं सुशील कुमार सूर्यवंशी को जिम्मेदारी दिया गया। मनोनयन समिति द्वारा आमसभा में उपस्थित सभी सदस्यों का मनोनयन हेतु आम सहमति लिया गया। सभा में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा वर्तमान में कार्यरत समिति को अगले कार्यकाल चलाने हेतु आम सहमति दिया गया। आम सहमति के साथ मनोनयन समिति द्वारा वर्तमान कार्यरत समिति के निम्नांकित पदाधिकारी दुज राम गुलशन अध्यक्ष, राजकुमार चतुर्वेदी उपाध्यक्ष, गंगा प्रसाद राय महासचिव, किशन टंडन कोषाध्यक्ष एवं नेतराम बारले संरक्षक के रूप में मनोनीत किया गया एवं अन्य कार्यकारिणी पदाधिकारियों का मनोनयन हेतु अध्यक्ष एवं उनके समिति को विकल्प दिया गया। आमसभा में पोषण लाल चतुर्वेदी, मनोहर मार्कंडेय, भजन दास बंधे, मोतीलाल बंजारे, मोतीलाल मार्कंडेय, हिमाचल बंजारे, मुंगेश कुरे, कृष्ण बंजारे, प्रीतलाल देशलहरा, रमेश नारंग, सुरेश जोशी के साथ संत समाज उपस्थिति थे।

# एक परमिट में दौड़ रहे कई वाहन, परिवहन विभाग कार्यवाही करने में सक्षम नहीं



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिला मुख्यालय से अमरकंटक, उज्जैन, नागपुर, पुणे, हैदराबाद सहित अन्य राज्य को चलने वाले बहुत से बसे हैं और इन बस संचालकों के पास एक नही अनेक बसे है। परमिट किसी एक बस के नाम से लेकर अलग-अलग बसे को सड़को पर दौड़ते हैं। कई बार हादसा होने के बावजूद संचालकों के द्वारा मनमानी करते है। परिवहन विभाग कभी कभार खानापूर्ति के लिए स्थानीय बस पर कार्यवाही करते है। क्षेत्र में चलने वाली यात्री बसें नियम कायदे को ताक में रखकर संचालित हो रही है। अनफिट एवं खटारा बसे धड़ल्ले से सड़कों पर दौडा रहे है। जिन पर आरटीओ अधिकारी कार्रवाई के बजाय उदासीन होकर मुकदर्शक बने हुए है। शायद विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतजार है। वैसे भी विभाग तब तक सर्तक नहीं होता जब तक की देश-प्रदेश एवं जिले में कोई बड़ी दुर्घटना नहीं घट जाए, हादसा होने के बाद चंद दिन विभाग को नियम कायदो का पालन कराना जरूर याद रहता है। जिन्हें कुछ ही दिन बाद पुरानी यादों की तरह भुला दिया जाता है। नियमो की बात करें तो बसों में नियमानुसार आपातकालीन खिड़की, दो दरवाजे, फिटनेस सर्टिफिकेट, रूट एवं समय सारणी, किराया सुची, शिकायत पेटी, फर्स्ट एड बॉक्स, इमजेंसी नंबर भी होना चाहिए। लेकिन कबीरधाम मुख्यालय से आने-जाने लगभग सभी बसों में यह नियम ताक पर रखे हुए है। साथ ही बस स्टाप युनिफार्म में होने चाहिए, लेकिन सारे नियमो की धज्जियां उड़ रही है।

### भेड़ बकरी की तरह ठूसते है सवारी

बसों के कंडक्टर संचालकों द्वारा मनमर्जी से रोज-रोज बदल दिए जाते है, जिससें आए दिन कंडक्टर एवं यात्रियों के बीच कहासुनी होना आम बात है। महिला व विकलांग सीट के आरक्षण का पालन भी इन बसों में नहीं हो रहा है। भेड़-बकरी की तरह वाहनों में सवारी भरने के पश्चात बस स्टाप द्वारा उनके साथ र्दुव्यवहार किया जाता है।

### इन नियमों की भी उड़ रही धज्जियां

बस संचालक निर्धारित स्थानों के बजाय पूरे रास्ते मनमर्जी से सवारी उतारते-चढ़ाते हैं। जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। बस चालक मुख्य बस स्टैंड पर पहुंचने के लिए अंधाधुंध गति से बसे दौडाते है। जबकि शहर के मध्य से नेशनल हाईवे गुजरा है इससे यात्रियों को हर समय दुर्घटना का भय बना रहता है।

### परमिट कहां का और कहां दौडती है बसें

कई यात्री बसों एवं अन्य यात्री वाहनों के परमिट वनांचल और ग्रामीण क्षेत्रों का है, लेकिन ये वाहन हाईवे पर दौडते नजर आते है। इसके अलावा कई वाहन 15 साल पुराने अनफिट की श्रेणी में होने के बाद दौडते देखे जा सकते है।

### अंदर खचाखच, गेट पर लटकाते सवारी

जिला मुख्यालय से जुडे रूट पर चलने वाली यात्री बसों के चालक परिचालकों द्वारा बेहद चतुराईपूर्वक शहर से बाहर से ही गेट पर सवारियां बैठा ली जाती है। वहीं शहर आते समय इन संवारियों को शहर के समीप ही गेटो से अंदर कर लिया जाता है। बताया गया है कि कई यात्री वाहन बिना फिटनेस और वैधता के चल रहे है। परमिट किसी गाड़ी का और परिचालन किसी अन्य गाडी का कर रहे है।

# पांच वर्षों में सोरेन सरकार ने जितनी घोषणाएं नहीं की उससे ज्यादा भ्रष्टाचार और घोटाले किये हैं : भावना बोहरा

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



झारखंड में 13 और 20 नवम्बर को दो चरणों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। भारतीय जनता पार्टी भी पूरे ताकत के साथ अपने प्रचार में जुटी हुई हैं तो वहीं छत्तीसगढ़ से भी प्रवासी प्रभारी के रूप में विधयाकों, सांसदों व शीर्ष नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। पंडरिया विधायक भावना बोहरा को पूर्वी सिंहभूमि और जमशेदपुर महानगर जिला अंतर्गत बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, एवं जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा के प्रवासी प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी हैं। जिम्मेदारी मिलते ही भावना बोहरा लगातार सभी विधानसभा में लगातार जनसंपर्क कर रहीं हैं उसके साथ ही पंडरिया विधानसभा की जनता से भी लगातार संपर्क में रहकर उनकी समस्याओं का निरकरण कर रहीं हैं। भावना बोहरा द्वारा लगातार सभी समाजों के प्रतिनिधियों व सदस्यों तथा समाज सेवी के साथ मिलकर एनडीए गठबंधन के लिए समर्थन जुटा रहीं हैं। योगी आदित्यनाथ की आम सभा, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के रोड शो के साथ ही केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के साथ भी उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए भाजपा के संकल्पों की जानकारी उन्हें दी। भावना बोहरा सभी मंडलों व बूथ में जाकर कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों के साथ बैठक कर स्थानीय मुद्दों पर भी चर्चा कर रहीं हैं वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार में जनहित की योजनाओं, विकास कार्यों एवं भाजपा के संकल्पों को जनता तक पहुंचाकर भाजपा के पक्ष में समर्थन जुटा रहीं हैं। इसके साथ ही वे अलग-अलग समाज के प्रमुखों और पदाधिकारियों के साथ भी भेंट कर सामाजिक विषयों पर चर्चा कर भाजपा के समर्थन में अपील कर रहीं हैं। पार्टी एवं संगठन द्वारा मिले दायित्वों का भावना बोहरा पूरी कर्मठता से पालन कर रही हैं तो वहीं भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचा रही हैं।

# जिले में धान खरीदी की तैयारी पूरी, कलेक्टर ने चंदखुरी और थनौद उपार्जन केंद्र में व्यवस्था का लिया जायजा

- 87 सहकारी समितियों के 102 उपार्जन केंद्रों में होगी धान खरीदी
- पहले दिन 14 नवम्बर को 60 हजार क्विंटल धान खरीदी जाएगी

पायनियर संवाददाता ⮜ दुर्ग
www.dailypioneer.com





जिले में शासन के दिशा-निर्देश के अनुरूप धान खरीदी की पूरी तैयारी कर ली गई है। 87 सहकारी समितियों के 102 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से खरीफ वर्ष 2024-25 में पंजीकृत 1,14,651 किसानों से अनुमानित 6,48,484 मे. टन धान का उपार्जन किया जाएगा। विगत वर्ष 1,05,778 किसानों से 5,87,369 मे. टन धान उपार्जन किया गया था। उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी 14 नवम्बर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक समर्थन मूल्य पर की जाएगी। धान पतला के लिए 2320, धान मोटा 2300 एवं धान सरना 2300 रुपये प्रति क्विंटल दर निर्धारित है। पहले दिन 14 नवम्बर को जिले के 88 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की शुरुवात होगी। उक्त केन्द्रों में टोकन प्राप्त 1206 किसानों से 60 हजार क्विंटल धान खरीदी की जाएगी। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज सहकारी समिति चंदखुरी और थनौद के उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने किसान पंजीयन, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, नमी मापी यंत्र, बारदाने की उपलब्धता, कम्प्यूटर एवं आपरेटर, विद्युत व्यवस्था, सीसी टीवी आदि की जानकारी ली। साथ ही व्यवस्था में किसी प्रकार से चूक न हो इसके लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। कलेक्टर ने मौके पर कम्प्यूटर में किसान का रकबा पंजीयन एवं उनके द्वारा बेची जा रही धान तथा रकबा समर्पण का अवलोकन भी किया। कलेक्टर को सहकारी समिति चंदखुरी के समिति प्रबंधक ने अवगत कराया कि उपार्जन केन्द्र चंदखुरी में 1142 पंजीकृत किसानों से 60 हजार 500 क्विंटल धान खरीदी जाएगी। केन्द्र में 55 हजार बारदाने उपलब्ध है। अन्य आवश्यक तैयारी कर ली गई है। सहकारी समिति थनौद के समिति प्रबंधक ने बताया कि उपार्जन केन्द्र थनौद में पंजीकृत 1455 किसानों से 80 हजार क्विंटल धान खरीदी जाएगी। 58 हजार बारदाने केन्द्र में उपलब्ध है। 14 नवम्बर को टोकन प्राप्त 4 किसानों से 288 क्विंटल धान खरीदी कर शुरुवात होगी। कलेक्टर चौधरी ने समिति प्रबंधकों से कहा कि पहले दिन धान बेचने आने वाले किसानों का भव्य स्वागत किया जाये। अन्य दिनों में भी किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की परेशानियां न हो इसका पूरा ध्यान रखा जाये। उन्होंने उपार्जन केन्द्र के प्रवेश द्वार, किसानों के धान ढेरी और कम्प्यूटर कक्ष में सीसी कैमरा लगाने तथा सीसी कैमरा मॉनिटरिंग हेतु समितिवार टीम गठित करने प्रभारी खाद्य नियंत्रक को निर्देशित किया। इस अवसर पर प्रभारी खाद्य नियंत्रक टी.एस. अत्रि, डी.एम.ओ. भौमिक बघेल, सी.सी.बी. के नोडल अधिकारी हृदेश शर्मा, समिति प्रबंधक किरण कौशल एवं राजकुमार साहू व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# सक्ती में श्याम जन्मोत्सव की निशान यात्रा में उमड़ा श्याम प्रेमियों का उत्साह

## हजारों की संख्या में श्याम प्रेमियों ने उठाये निशान

पायनियर संवाददाता ⮜ सक्ती
www.dailypioneer.com





सक्ती शहर के श्री श्याम परिवार एवं श्री राधाकृष्ण मंदिर सेवा समिति द्वारा 12 नवंबर की सुबह श्री श्याम जन्मोत्सव के पावन मौके पर शहर के श्री रामचंद्र मारवाड़ी पंचायती मंदिर से भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया, इस निशान यात्रा में जहां हजारों की संख्या में महिलाओं एवं श्याम प्रेमियों ने निशान उठाकर अपनी आस्था की यात्रा प्रारंभ की, तो वहीं आयोजन समिति की ओर से एक श्याम प्रेमी को एक निशान निशुल्क उपलब्ध करवाया गया तथा यह यात्रा शहर के हटरी चौक, नवधा चौक, अग्रसेन चौक, हटरी-हॉस्पिटल रोड, बुधवारी बाजार, कोरबा रोड होते हुए श्री राधा कृष्ण मंदिर पहुंची, पूरे यात्रा मार्ग में जहां आतिशबाजी एवं ढोल बाजे तथा आकर्षक झांकियो के साथ यह निशान यात्रा निकल रही थी, तो वहीं शहर वासियों ने भी श्याम प्रेमियों का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। श्री राधा कृष्ण मंदिर में निशान यात्रा के पहुंचते ही वहां आयोजन समिति द्वारा नृत्य झांकियो की प्रस्तुति दी गई तथा देश के प्रसिद्ध वृंदावन एवं मथुरा से आई नृत्ययांगनाओं ने आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी, इस दौरान श्याम प्रेमी महिलाएं पूरे कार्यक्रम को देखने डटी रही, श्री राधा कृष्ण मंदिर से वापस आने के लिए श्री श्याम परिवार द्वारा निशुल्क वाहन की व्यवस्था की गई थी, वहीं 12 नवंबर की रात्रि 7:00 बजे से श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में भव्य श्री श्याम जन्मोत्सव कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है,जिसमें देश के प्रख्यात भजन गायक अपनी प्रस्तुति देंगे तो वहीं श्री श्याम नाम की ज्योत प्रज्वलित होगी तो वही बाबा श्याम का दरबार सजेगा एवं सवामनी के प्रसाद के साथ ही भंडारा प्रसाद का भी आयोजन किया गया है।

# धान खरीदी की बेहतर निगरानी के लिए बनेंगे कंट्रोल रूम : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ⮜ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर राहुल देव ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप आवश्यक प्रगति लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने धान खरीदी की तैयारी के संबंध में जानकारी लेते हुए जीरो शॉर्टेज का लक्ष्य हासिल करने पूरी तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी व्यवस्था की बेहतर निगरानी के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित कमांड सेंटर में कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है, ताकि धान खरीदने में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर अंकुश लगाया जा सके। कलेक्टर ने पोर्टल में किसानों के पंजीयन के संबंध में जानकारी ली और कहा कि संबंधित अधिकारी पंजीयन में आ रही समस्याओं का चिन्हांकन करें। कोई भी पात्र किसान धान पंजीयन और विक्रय करने से ना छूटे। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारी को स्क्रैप व्हीकल प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करते हुए समय सीमा में रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी से विभागीय योजनाओं के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत 13 हजार 780 लोगों का सर्वे कर लगभग 13 हजार लोगों को लाभान्वित किया जा चुका है। इस वर्ष भी बेहतर कार्य योजना बनाकर 05 हजार से अधिक लोगों को लाभान्वित करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि आमजन बड़ी दूर-दूर से अपनी समस्याओं के लिए जनदर्शन में आते हैं, इसलिए आधार, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, धान खरीदी संबंधी समस्याओं के लिए काउंटर लगाए जाएं, ताकि आमजनों को त्वरित लाभ मिल सके।

# सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच का शपथ ग्रहण एवं दीपावली मिलन समारोह सम्पन्न




पायनियर संवाददाता ⮜ सक्ती
www.dailypioneer.com

मारवाड़ी युवा मंच सेंट्रल द्वारा दीपावली मिलन एवं नवीन कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह होटल आदित्य में रविवार को आयोजित किया गया, कार्यक्रम बाबूजी सियाराम अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अमर सुल्तानिया, समाजसेवी राधेश्याम बंका, संस्था के प्रथम अध्यक्ष हरीश अग्रवाल के आतिथ्य में संपन्न हुआ। पूर्व अध्यक्ष नारायण अग्रवाल ने अपने कार्यकाल सत्र 2022 -2024 के अध्यक्षीय पुरस्कार से सदस्यों को सम्मानित किया, कार्यक्रम में राज्य अलंकरण महाराजा अग्रसेन पुरस्कार से सम्मानित सियाराम अग्रवाल का मंच द्वारा सम्मान किया गया,कार्यक्रम का सफल संचालन पंकज अग्रवाल ने किया,कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित अतिथियों एवं सभी सम्मानित सदस्यों का बहुत बहुत आभार, जिन्होंने अपना बहुमूल्य समय निकालकर मंच को गौरवान्वित किया। शाखा अध्यक्ष नितेश अग्रवाल ने इस दौरान कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार इस कार्यकारिणी को आप लोगों का भरपूर आशीर्वाद, प्यार और सहयोग मिलता रहेगा, पुनः आप सभी सदस्यों का हृदय से धन्यवाद करता हूँ, एवं कार्यक्रम में अगर कोई भूल हुई होगी तो मैं उसके लिए क्षमाप्रार्थी हूं,रायपुर सेंट्रल के सचिव पुष्परंजन जैन मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनीं लोगों की समस्याए शिकायत और मांग

पायनियर संवाददाता ⮜ धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिले के दूर-दराज से पहुंचे लोगों की समस्याए शिकायत और मांग संबंधी आवेदनों को बारी-बारी से प्राप्त किया तथा इन प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनदर्शन में स्कूल में बोर खनन, फौती प्रकाशन, आधार नंबर सुधरवाने, त्रुटि सुधार, मुआवजा दिलाने, वार्ड परिसीमन कराने, आबादी जमीन दिलाने, सीसी रोड निर्माण, आर्थिक सहायता प्रदाय करने इत्यादि संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।


# वनरक्षक के 1484 पदों पर भर्ती हेतु शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षण 16 नवम्बर से

**धमतरी।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में वनरक्षक के 1484 पदों पर सीधी भर्ती हेतु वर्ष 2023-24 में आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। राज्य में कुल 17 नोडल वनमण्डलों रायपुर, महासमुंद, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, कवर्धा, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, सरगुजा, जशपुर, कोरिया, कांकेर, कोण्डागांव, जगदलपुर, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर में 16 नवम्बर 2024 से शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षण प्रारंभ होगा।

# अद्भुत, ऐतिहासिक, अद्वितीय धार्मिक अनुष्ठान, भंडारा प्रसाद का भी आयोजन होगा

पायनियर संवाददाता ⮜ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com







छत्तीसगढ़ प्रदेश में पहली बार माता शबरी की नगरी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश की प्रसिद्ध धर्म की नगरी शिवरीनारायण में 8 नवंबर से प्रारंभ हुआ धार्मिक अनुष्ठान अभी तक का सबसे बड़ा अद्भुत एवं अद्वितीय आयोजन है, इस आयोजन में जहां छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग सह परिवार पहुंचकर इस धार्मिक अनुष्ठान का पुण्य प्राप्त कर रहे हैं, तो वहीं व्यास पीठ पर महामंडलेश्वर अमृतानंद सरस्वती भरत महाराज अपने मुखारविंद से धर्म प्रेमियों को कथा का रसपान कर रहे हैं, इस पूरे धार्मिक अनुष्ठान की खास बात यह है कि इसमें सवा करोड़ शिवलिंग निर्माण के साथ ही सामूहिक तुलसी विवाह एकादशी उद्यापन कार्यक्रम, 10 महाविद्याओं का प्रयोग, सहित ऐसे- ऐसे अद्वितीय, धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं, जो कि छत्तीसगढ़ में एक साथ, एक ही स्थान पर पहले कभी नहीं हुए तथा सवा करोड़ शिवलिंग निर्माण में जहां पूरे क्षेत्र के लोग सुबह से लेकर देर रात तक शिवलिंग निर्माण कर रहे हैं, तो वहीं प्रतिदिन बनने वाले इस शिवलिंग को महानदी में विसर्जित कर पुनः नए शिवलिंग का निर्माण किया जा रहा है। तथा इस पूरे आयोजन में आने वाले लोगों के लिए बहुत ही सुंदर आवास एवं भंडारा प्रसाद की व्यवस्था की गई है,तो वहीं पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवरीनारायण के धर्म प्रेमीयो सहित पराशक्ति ज्योतिष पीठम परिवार एवं महिला मंडल के सभी सदस्य जुटे हुए हैं,तथा 11 नवंबर को भी जहां भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का प्रसंग संपन्न होने के साथ ही कार्यक्रम के पश्चात 10 महाविधाओं के प्रयोग की भी पूजा अर्चना महामंडलेश्वर अमृतानंद सरस्वती महाराज, पंडित वसंत दुबे तथा पंडित उमाशंकर दुबे महाराज के कुशल सानिध्य में की गई, तथा प्रतिदिन कार्यक्रम स्थल पर बनाए गए अलग-अलग स्थल पर महाविद्याओं के प्रयोग के साथ ही पुराण भी संपन्न हो रही है, तथा धर्म नगरी से आए विद्वान पंडितों की टोली जहां पूरे आयोजन को मूर्त रूप देने में लगी हुई है, तो वहीं भगवान शबरी की नगरी शिवरीनारायण के महानदी के किनारे अद्भुत वृहद पंडाल का निर्माण किया गया है तथा इस पंडाल में जहां लगभग 10000 की संख्या में लोग प्रतिदिन कथा श्रवण कर रहे हैं तो वहीं 12 नवंबर को सामूहिक तुलसी विवाह एवं एकादशी का उद्यापन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, जिसमें 108 जोड़े शामिल हो रहे हैं, तथा माता तुलसी जी की देर रात बारात निकलेगी तो वहीं 13 नवंबर भंडारा प्रसाद का भी आयोजन होगा। साथ ही इस पूरे आयोजन में पहुंचे धर्म प्रेमियों का भी कहना है कि ऐसा धार्मिक अनुष्ठान हमने कहीं नहीं देखा तथा माता शबरी की नगरी जो कि भगवान श्री रामचंद्र जी का इतिहास इस शिवरीनारायण से जुड़ा हुआ है, तथा इस शिवरीनारायण से ही राम वन गमन पथ भी दर्शित है साथ ही महानदी के किनारे हो रहे इस अनुष्ठान को लेकर जहां प्रतिदिन लोग आस्था के साथ शिवलिंग का निर्माण कर रहे हैं, तो वहीं 14 नवंबर को इस पूरे आयोजन का समापन होगा तथा दूर दराज से पहुंचे लोगों में जहां आस्था उमड़ रही है तो वहीं शिवरीनारायण शहर के धर्म प्रेमी भी इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में तन मन धन से जुटे हुए हैं वहीं इस संबंध में महामंडलेश्वर अमृतानंद सरस्वती जी भरत महाराज का कहना है कि यह धार्मिक अनुष्ठान सभी भक्त गणों के सहयोग से संपन्न हो रहा है एवं उन्होंने अपने जीवन में देश के सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों पर ऐसे अनुष्ठान किए हैं तथा यह अनुष्ठान अपने आप में एक ऐतिहासिक एवं यादगार है, जिसमें शामिल होने भक्तों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है, वहीं आयोजन के दौरान प्रतिदिन जहां प्रसाद का वितरण हो रहा है तो वही भंडारा प्रसाद में भी सैकड़ो की संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं, इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में पराशक्ति ज्योतिष पीठम परिवार शक्ति के सारे सदस्य जुटे हुए हैं, तो शक्ति शहर की महिला मंडल के सदस्य भी इस पूरे आयोजन में जुटे हुए हैं।

# देवउठनी के दिन गौ को भोजन कराया न प अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ⮜ जैजैपुर
www.dailypioneer.com





नगर पंचायत जैजैपुर में नगर पंचायत अध्यक्ष सोनसाय देवांगन ने देव उठनी एवं तुलसी विवाह के शुभ मुहूर्त पर गोठान में जाकर गौ माता को भोजन कराया इसमें बढ़ चडकर नगर पंचायत जैजैपुर के लोग हिस्सा लिए इस तरह सर्वप्रथम आज तुलसी विवाह, अन्नकूट त्यौहार के उपलक्ष में गौठान में नगर पंचायत अध्यक्ष सोनसाय देवांगन पहुंचकर एवं उनके पार्षदगण एवं नगरवासी गौठान पहुंचकर सर्वप्रथम गौ की पूजा करने के बाद उन्हें भोजन कराया गया। छत्तीसगढ़ में इसे गन्ना त्यौहार के रूप में भी लोग मानते हैं। इस दिन घर घर में छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाते हैं एवं अपने पड़ोसी एवं रिश्तेदार को भी बाटते हैं और खूसी का इजहार करते है। जिसमें मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष सोनसाय देवांगन, गोपी कुमार सिंह ठाकुर, नरसिंह सिंह साहू, नीलकंठ सोनी, प लखन लाल शर्मा डिगम्बर साहू, सचिन सिंह ,डॉक्टर प्रसाद ,शत्रुघ्न केवट ,विष्णू साहू के साथ अनेक गणमान्य एवं पार्षद गण भी उपस्थित रहे। देव उठनी के बारे में नगर पंचायत अध्यक्ष ने विस्तार से बताया एवं सभी ने पहले बार गौठान में गौ को भोजन करने पर हर्ष जाहिर किया। नगर में इस तरह का कदम पहली बार को देखने को मिला।

## नियम विरुद्ध नाली व सड़क पर अवैध कब्जा हटाने दिया आवेदन, जनदर्शन में 95 आवेदन प्राप्त हुए

# गाड़ी किराया का भुगतान नही किए जाने पर जनदर्शन में की शिकायत

पायनियर संवाददाता ⮜ दुर्ग
www.dailypioneer.com





कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जनदर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 95 आवेदन प्राप्त हुए। फरीद नगर सुपेला भिलाई निवासी ने नियम विरुद्ध नाली व सड़क पर किये गये अवैध कब्जा को हटाने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि कैलाश नगर वार्ड 21 में टाइल्स व मार्बल विक्रय की तीन मंजिला कामर्शियल इमारत का निर्माण किया गया है। इस संबंध में भवन निर्माण अधिकारी व जोन 2 के कार्यालय जाकर तथा पत्र देकर इसकी शिकायत भी की गई थी। निर्माणकर्ता ने मुख्य रोड पर नाली के उपर पक्का स्लेब ढलाई करके 15 फीट कब्जा कर लिया है। साथ ही सड़कों पर सामानों को रखा जा रहा है तथा वाहनों को खड़ा किया जाता है, जिससे आना जाना मुश्किल हो गया है। मुख्य रोड से मुड़कर क्रिश्चियन कॉलेज जाने वाले इस रोड पर दो बड़े अपार्टमेंट हैं जिसके आवागमन का यह एक मात्र रास्ता है। इसी मोड़ से क्रिश्चियन कॉलेज सहित अन्य स्कूलों, कालेजों की बड़ी बसों तथा ट्रकों को इस अतिक्रमण से अपने वाहनों को मोड़ने में कठिनाइयां हो रही हैं और हमेशा रोड में जाम की स्थिति बनी रहती है। इस पर कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम भिलाई को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मरौदा रिसाली नगर भिलाई निवासी ने गाड़ी किराया का भुगतान नही किए जाने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत उनका टाटा एस गाड़ी खाना लाने और ले जाने के लिए उपयोग होता है, किंतु एक वर्ष से संबंधित विभाग द्वारा गाड़ी किराया का भुगतान नही किया गया है, जिसके चलते गाड़ी का किश्त जमा करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को तत्काल भुगतान की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पुरानी बस्ती कोहका, वार्ड क्र. 13, भिलाई निवासियों ने आबादी पट्टा दिलाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि 2017-18 में आबादी क्षेत्र में पट्टा वितरण किया गया था, तब इस क्षेत्र में निवासरत लोगों को भी पट्टा वितरण किया गया। किंतु इस क्षेत्र में कई वर्षो से निवासरत अन्य लोगों को पट्टा प्रदान नही किया गया, जिसके कारण हम लोग असहज महसूस करते है। इस पर कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम भिलाई को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

# शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनरूप होगी धान खरीदी

## 14 नवम्बर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक

पायनियर संवाददाता ⮜ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन छ.ग. शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुरूप होगी। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को परिपत्र जारी कर धान उपार्जन हेतु शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन कराने के निर्देश दिये हैं, ताकि वास्तविक कृषकों से उनके द्वारा उपजाये गये धान की खरीदी की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को धान खरीदी में अनियमितता पाये जाने पर प्रकरण अनिवार्य रूप से तैयार कर आवश्यक कार्यवाही के लिए न्यायालय कलेक्टर को प्रस्तुत करने निर्देशित किया है। खाद्य नियंत्रक से मिली जानकारी अनुसार धान उपार्जन की समयावधि 14 नवम्बर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक है। धान उपार्जन के अंतिम कार्य दिवस में धान की अंतिम आवक संध्या 5.00 बजे के पूर्व हो सकेगी। अंतिम कार्य दिवस में किसी भी प्रकार का टोकन जारी नहीं किया जायेगा। कृषकों से 21 क्विंटल तक प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदी की जाएगी। जिन कृषकों के द्वारा ग्राम के औसत उपज से अधिक टोकन प्राप्त किया जाएगा। उन टोकनों की जांच होगी। टोकन की जांच करने के लिए गिरदावरी की जांच के अतिरिक्त भौतिक रूप से कृषकों के पास उक्त धान की उपलब्धता की भी जांच होगी।

# शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने निभाई शिक्षक की भूमिका

## विद्यार्थियों को सिखाया कृत्रिम उपग्रह का विज्ञान

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने महासमुंद जिले के उड़ीसा सीमा से सटे वनांचल क्षेत्रों में स्थित विभिन्न विद्यालयों का अचानक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रों की शैक्षिक प्रगति, स्कूलों की सुविधाओं और शैक्षिक गतिविधियों का गहन अवलोकन किया। बच्चों के उत्साही उत्तरों से प्रभावित होकर परदेशी ने उनकी समझ और ज्ञान की सराहना की। निरीक्षण के दायरे में आने वाले स्कूलों में हायर सेकेंडरी स्कूल बेलसोंडा, प्राथमिक शाला ओंकारबंद, पीएमश्री स्कूल खोपड़ी, मिडिल एवं हाई स्कूल खोपली, मिडिल और हाई स्कूल कसेकेरा, मिडिल स्कूल कुलिया, और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुनसुनिया शामिल थे। निरीक्षण के



दौरान परदेशी ने कुछ समय के लिए शिक्षक की भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों को कृत्रिम उपग्रह के बारे में समझाया। उन्होंने बच्चों से विज्ञान, भूगोल और सामान्य ज्ञान से जुड़े सवाल पूछे। बच्चों से भारत के महान वैज्ञानिकों, इंद्रधनुष के रंगों की संख्या, छत्तीसगढ़ के जिलों और पड़ोसी राज्यों के बारे में सवाल किए गए, जिनका बच्चों ने सही जवाब दिया। छोटे बच्चों से रंगों और फलों से जुड़े सवाल भी पूछे गए, जिनमें अधिकांश बच्चों ने सही उत्तर दिए। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुनसुनिया की छात्राओं ने शिक्षा सचिव से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से रक्षाबंधन पर्व पर हुई मुलाकात का अपना अनुभव साझा किया जिसे छात्रों ने एक अविस्मरणीय पल बताया। इस पर सचिव ने कहा कि आज की बालिकाएं और महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं, वे सुई से लेकर हवाई जहाज तक उड़ा रही हैं। यह समाज में महिला सशक्तिकरण का एक शानदार उदाहरण है। निरीक्षण में शौचालयों की तालाबंदी देखकर परदेशी ने प्रधानपाठक और प्राचार्य को नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि सभी सुविधाएं बच्चों के लिए सुलभ होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन से प्राप्त सामग्री बच्चों के उपयोग के लिए खुली और उपलब्ध रहनी चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने शौचालयों में स्वच्छता बनाए रखने और उन्हें स्कूल समय में खुला रखने के निर्देश के साथ ही परिसर की साफ-सफाई, पुस्तकालय का अधिकतम उपयोग, प्रयोगशाला का उपयोग, शिक्षकों की समय पर उपस्थिति, शिक्षक डायरी का संधारण और शासन के दिशा-निर्देशों का समयानुसार पालन करने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के अवसर पर रायपुर संभाग के संयुक्त संचालक राकेश पांडे, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, आलोक चांडक, जिला मिशन समन्वयक कमल नारायण चंद्राकर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# अंग्रेजी को बढ़ावा देने शिक्षा विभाग ने स्टेपअप फॉर इंडिया के साथ किया एमओयू

पायनियर संवाददाता ➤ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com

जिले में स्कूली छात्र छात्रों के अंग्रेजी बोलने सुनने और समझने की क्षमता को बढ़ाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर एवं स्टेप अप फॉर इंडिया एनजीओ के मध्य निःशुल्क समझौता ज्ञापन हुआ है। इसके तहत पायलट मोड पर मनेन्द्रगढ़ ब्लॉक के सभी प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल में अंग्रेजी भाषा के ऊपर कार्य किया जाना है। कार्य की प्रगति के आधार पर भविष्य में पूरे जिले में कार्य



किया जाना प्रस्तावित है। स्टेप अप फॉर इंडिया एनजीओ कई वर्षो से राज्य स्तर पर कार्य कर रहा है। एमसीबी जिला में यह पायलट प्रोजेक्ट एक्सिस बैंक फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित है।

# नशामुक्त अंतर्गत रिसदा में नई दिशा अभियान का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर नशा से बचने हेतु नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत नई दिशा कार्यक्रम प्रति सप्ताह जागरूकता शिविरों का आयोजन स्कूल, कॉलेज, ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। इसी तारतम्य में हायर सेकेण्डरी स्कूल रिसदा (बलौदाबाजार) जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 221 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। उप संचालक समाज कल्याण अरविंद गेड़ाम ने बताया कि नशा एक व्यक्ति करता है और बरबाद उसका पुरा परिवार हो जाता



है। अगर नशे की लत से छुटकारा पाना है तो एक दृढ़ संकल्प लेकर अथवा एक सकारात्मक सोच लेकर नशे को छोड़ना पड़ेगा इस हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नशामुक्ति केन्द्र भी सहयोग करता है। नशामुक्ति केन्द्र में मनोचिकित्सक उपलब्ध है, दवाईया भी दी जाती है एवं सकारात्मक सोच को अपने मन में रखकर नशे को जिन्दगी से विदा देना है, अन्यथा इस नशे की लत हमें जिन्दगी से विदा कर देगी। सरकार इन पीड़ित को नशे के चुंगल से छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाती है, शराब और गुटखें पर रोक लगानें के प्रयास करती है। नशा एक ऐसी बिमारी है जो समाज को खोखला करती है एंव इससे कई परिवार नष्ट हो रहे है, इसलिए नशे से दुर रहे। नशा मुक्त भारत अभियान, मानसिक स्वास्थ्य एवं महिला उत्पीड़न के बारे में बताया गया साथ ही साथ नशामुक्ति हेतु संकल्प भी लिया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को अपने परिवार, मोहल्ले आस-पास के वातावरण को नशे से मुक्त करने हेतु जानकारी दी गई है एवं संकल्प वाचन किया गया। खैरघटा स्थित नशामुक्ति केन्द्र में प्रतिदिन योगाभ्यास, पूजा पाठ एवं सामाजिक कार्यक्रम कराया जाता है। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जीवन जीने की कला जिसे अंग्रेजी में आर्ट ऑफ लिविंग कहा जाता है इसके संबध में भी जानकारी बच्चों को दी गई जिससे वह अपना जीवन सहजता एवं सरलता से यापन कर सके एवं जीवन की कठनाईयों का सामना कर सकें। इस अवसर पर मनोचिकित्सक सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल, सखी वन स्टॉप सेन्टर सुश्री तुलिका परघनिया एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, स्कूल के प्राचार्य एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर गड़पिछवाड़ी कांकेर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांकेर के सचिव भास्कर मिश्र ने बच्चों को बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा दिवस भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए समर्पित है। इसके अलावा शिविर में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत भारत में 6 से 14 वर्ष के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करने, बच्चों को पढ़ाई और खेलने के लिए समय का सही उपयोग करने तथा उन्हें 'गुड टच, बैड टच' के संबंध में भी जानकारी दी गई, ताकि वे अपनी सुरक्षा को लेकर सजग और जागरूक रहे।

# डॉ अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कमल विहार रायपुर में




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ का पहला आयुर्वेदिक हॉस्पिटल डॉ अभिमन्यु आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कर कमलो से कमल विहार रायपुर में बुधवार को होने जा रहा है। यह हॉस्पिटल 20 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल है यहाँ पेन, पाइल्स, पंचकर्म, पीडिया, गायनी व स्किन संबंधी समस्त रोगों के उपचार की सुविधा उपलब्ध रहेगी, फिजियोथेरेपी की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी। हॉस्पिटल के डॉयरेक्टर डॉ अभिमन्यु साहू ने बताया कि हमारा डॉ अभिमन्यु पेन रिलीफसेंटर पिछले 5 वर्षो से रायपुर के समता कॉलोनी में संचालित है जहां पिछले 5 वर्षो में जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के दर्द के लगभग 12500 मरीजों का सफलतापूर्वक ईलाज किया जा चुका है जिसकी सबसे बड़ी ख़ासियत है, यह ईलाज पूर्णतः आयुर्वेदिक है जिसके कोई साईड इफेक्ट नहीं है तथा लागत भी कम आती है। डॉ अभिमन्यु साहू ने बताया हमारे यहां ना सिर्फ छ.ग. बल्कि भारत के विभिन्न हिस्सो जैसे उड़ीसा, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात से मरीज आते है कुछ मरीज विदेशो से भी सलाह लेते है उनकी तकलीफ दूर करने के लिए हमने 2 वर्षे पहले अष्ठवेदा टेलीमेडीसीन सुविधा की शुरूवात की, इस सुविधा का सैकडो मरीज लाभ उठा रहे है। हम हमारी बहुत सी दवाईयां पिछले 4 वर्षो से खुद ही निर्मित कर रहे है ताकि मरीज़ों को सर्वोत्तम दवा व उपचार मिल सके, यह दवाईयां बाजार में आयुर्जीनोमिक्स बोटेनिकल के नाम से उपलब्ध है।

# रासेयो शिविर पण्डीपारा में जंक फूड और कोल्ड ड्रिंक का सेवन न करने की गई अपील



पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलेगांव राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सात दिवसीय विशेष शिविर पण्डीपारा हरनपुरी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोरर के द्वारा ग्रामवासियों एवं शिविरार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर बीमार लोगों का ईलाज किया गया। इसके पूर्व नेत्र सहायक डॉ अशोक यादव द्वारा जानकारी देते हुए बतलाया गया कि हमारी आँखें सबसे ज्यादा सेंसिटिव होती है हमारी आंखों की अतिरिक्त केयर की जरूरत होती है। इसकी सुरक्षा हेतु वर्ष में एक बार नेत्र जांच के लिए लोगों को प्रेरित करते हुए नेत्रदान करने की अपील की। आर एच ओ कल्पना दत्ता और अर्चना ठाकुर द्वारा संक्रामक रोग एवं गैर संक्रामक बीमारी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया गया कि हमारे खानपान और रहन-सहन अव्यवस्थित होने की वजह से ही आजकल संचारी बीमारी के मुकाबले गैर संचारी बीमारियों से बहुत ज्यादा मौतें हो रही है। आर एच ओ किरन कुमार जैन के द्वारा फास्ट फूड, जंक फूड, सॉफ्ट ड्रिंक के ज्यादा सेवन की वजह से हमारा शरीर एसिडिक हो रहा है जिसकी वजह से हमारा शरीर बहुत सारे रोगों का घर बन रहा है। नियमित योगाभ्यास करने और संयमित जीवन जीने की अपील की गई। इस अवसर पर विमल राम दर्रो, रैनसिंह दर्रो, के एल कटेंद्र, जागृति ध्रुव, पुकेश्वर साहू, सरोज दुग्गा, शिविरार्थी एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।


**कार्यालय अस्पताल अधीक्षक एवं एकेडेमिक इंचार्ज**
**डी.के.एस. पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्युट एवं रिसर्च सेन्टर रायपुर (छ.ग.)**
(वेबसाईट-www.pgiraipur.org ई-मेल-dkspgi@gmail.com)

क्रमांक/5013/डी.के.एस.रा./स्था-1/2024 रायपुर, दिनांक 04/11/2024

**// रूचि की अभिव्यक्ति //**

दाऊ कल्याण सिंह स्नाकोत्तर संस्थान एवं अनुसंधान केन्द्र रायपुर छ.ग. के विभिन्न वार्डो में स्थापित समस्त 18 नग हेमिलटन वेन्टीलेटर मॉडल C2 एवं C3 मशीनों का मरम्मत करवाया जाना है। अस्पताल में स्थापित 18 नग हेमिलटन वेन्टीलेटर मॉडल C2 एवं C3 मशीनों के मरम्मत हेतु कार्यालीन समय सुबह 10:30 से सायं 5:00 बजे तक अभ्यर्थी द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है। हेमिलटन वेन्टीलेटर मशीनों की विस्तृत जानकारी चिकित्सालय के वेब साईट मे उपलब्ध है। समस्त 18 नग हेमिलटन वेन्टीलेटर मशीनो के मरम्मत दर की सूचीं सीलबंद लिफाफों में अस्पताल अधीक्षक एवं ऐकेडमिक इंचार्ज के नाम से दिनांक 20.11.2024 सायं 5.00 बजे तक स्पीड पोस्ट एवं कोरियर के माध्यम द्वारा पंजीकृति फर्मो से प्राक्कलन दर आमंत्रित है। निविदा को दिनांक 21.11.2024 को दोपहर 2.00 बजे चिकित्सालय के क्रय समिति के द्वारा खोली जायेगी।

**अस्पताल अधीक्षक**
डी.के.एस.पोस्ट ग्रेज्युएट इंस्टीट्युट एवं रिसर्च सेन्टर
सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, रायपुर (छ.ग.)
G-242503718/3


# बाल लैंगिक शोषण के खिलाफ अर्पण संस्था का अभियान

## जिले के 1684 शिक्षकों ने इस अभियान में लिया सहभाग

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

जिला और मुंबई स्थित अर्पण संस्था ने बाल लैंगिक शोषण को रोकने के लिए कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीएमसी की प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में व्यक्तिगत सुरक्षा शिक्षा कार्यक्रम शुरू करने के लिए शिक्षकों की क्षमता निर्माण प्रशिक्षण 11 नवम्बर को आयोजित किया है। इसका प्राथमिक उद्देश्य प्रमुख हितधारकों (शिक्षक) बाल लैंगिक शोषण के मुद्दे को संबोधित करने के लिए प्रासंगिक ज्ञान और कौशल के साथ प्रशिक्षित करना है। इस प्रशिक्षण के साथ, शिक्षक माता-पिता तथा भागीदारों के लिए इस विषय पर एकता सत्र आयोजित करेंगे। तथा बच्चों को उनकी आयु अनुसार जानकारी देने में सक्षम होंगे और असुरक्षित परिस्थितियों का करने के लिए बच्यों को प्रभावी ढंग से तैयार करेंगे उन्हें उपयुक्त समर्थन देंगे। इस तरह, इस अभियान से बच्चों के लिए एक सुरक्षित माहौल तैयार करने में मदद मिलेगी। 'अर्पणश् एक पुरस्कार विजेता गैर-सरकारी संस्था (एनजीओ) है। यह मुंबई सहित विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है। यह संस्था को बाल लैंगिक शोषण से मुक्त करने की दिशा में काम कर रही है। अर्पण भारत की सबसे बड़ी गैर सरकारी संस्था है, जो बच्चों सहित वयस्कों के लिए बाल लैंगिक शोषण पर रोकथाम एवं हस्तक्षेप प्रशिक्षण सेवाएं उपलब्ध कराती है। सन 2000 से अ के कार्यों के बच्चों और वयस्कों पर हुआ है। अभियान का ये चरण दंतेवाड़ा जिले के दंतेवाड़ा, गीदम कटेकल्याण और कुआकोंडा के शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया है।

### रोकथाम के पाठों और कौर बच्चे के खुलासे के मामले को कैसे संभालें?

खुलासे के प्रकार और बाल लैंगिक पर नवीनतम जानकारी की प्रस्तुति दी जाएगी। ने को संभालते समय शिक्षकों को किन कौशलों का इस्तेमाल करना चाहिए, इस प्रशिक्षण को संचालित करने में अर्पण संस्था के अनुभवी प्रशिक्षक सायली जाधव, मिलिंद मुरुडकर दिनेश रेग्म, सुशिल मोहिते, नूपुर लांडगे, प्रशांत गीते, संकिता शिंदे, सुरज एगडे, योगेश जावले, मनस्वी कुंडू शांतिलाल रिकियो और विलय आणलाचे मार्गदर्शन देंगे। इस प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने में एस. सी. ई. आर. टी. छ. ग. रायपुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बच्चों को व्यक्तिगत सुरक्षा सिखाने के लिए आप हमारी वेबसाइट पर भी जा सकते हैं।

### बाल लैंगिक शोषण का परिचय

शोषण और बाल लैंगिक शोषण के प्रकार इनके आंकड़े बाल लैंगिक शोषण के अधिनियम और इसके प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। अल्पकालीन और दीर्घकालीन प्रभाव है। लैंगिक शोषण को रोकने के लिए रोकथाम कार्यक्रम 'व्यक्तिगत सुरक्षा शिक्षा' आधारित व्यक्तिगत सुरक्षा शिक्षा कार्यक्रम, ऑनलाइन ई-लर्निंग कोर्स का परिचय, जानकारी देकर बच्चों को सशक्त बनाने के तरीके पर एक प्रस्तुति दी जाएगी।

# पीडब्ल्यू स्कूल ऑफ स्टार्टअप्स ने पहले बैच के बाद आरम्भ 2.0 के लिए आवेदन खोले



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

फिजिक्स वाला की पहल, पीडब्ल्यू स्कूल ऑफ स्टार्टअप्स, ने अपने पहले बैच आरम्भ 1.0 को पूरा किया है, जिसका उद्देश्य भारत भर के नए उद्यमियों को एक साथ लाना है। पहले चरण की समाप्ति के बाद, दूसरा बैच आरम्भ 2.0 के लिए आवेदन खुल चुके हैं, जो 19 नवंबर, 2024 से नोएडा कैंपस में शुरू होने वाला है। पीडब्ल्यू स्कूल ऑफ स्टार्टअप्स का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देना और भारत के भविष्य के उद्यमियों को अपने विचारों को आगे बढ़ाने में सहायता प्रदान करना है। पीडब्ल्यू स्कूल ऑफ स्टार्टअप्स नए उद्यमियों को सलाह और वित्तीय संसाधनों के साथ समर्थन करने का प्रयास कर रहा है। यह पांच-दिवसीय रेजिडेंशियल प्रोग्राम ने भारत के विभिन्न स्थानों से प्रतिभागियों का स्वागत किया, जिनमें बिहार के मोतिहारी से लेकर केरल के कोच्चि तक प्रतिभागी शामिल हैं। आरम्भ 1.0 ने प्रतिभागियों को एक शानदार सीखने का अनुभव प्रदान किया, जिसमें बॉम्बे शेविंग कंपनी के सीईओ शंतनु देशपांडे, आईआईएम और डीटीयु के प्रोफेसर, पी डब्लू के चीफ टेक्नोलॉजी और प्रोडक्ट ऑफिसर, विनीत गोविल और वीपी-प्रोडक्ट, योगेश शुक्ला जैसी इंडस्ट्री से जुड़ी हस्तियों के सत्र शामिल थे। इन मेंटर्स ने स्टार्टअप स्किल्स पर व्यवहारिक जानकारी साझा की, जिसमें यूनिट इकॉनॉमिक्स, एमवीपी (मिनिमम वायबल प्रोडक्ट) डेवलपमेंट, ब्रांड बिल्डिंग और प्रभावी पिचिंग जैसे विषयों पर चर्चा की गई।


**कार्यालय प्रमुख अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर**

**// (केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**

Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 160677 प्रथम आमंत्रण 04.11.2024 | कुदमुरा से श्यांग मार्ग (राज्यमार्ग क्रमांक 16) के कि.मी. 24/2 से 35/10 लंबाई 12.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। (जमा मद कार्य)। | 922.99 |
| 2 | 160810 प्रथम आमंत्रण 04.11.2024 | बी.टी.आई. चौक नहर पुल से खोखसा आर.ओ.बी. तक सी.सी. मार्ग का चौड़ीकरण एवं डिवाईडर कार्य लंबाई 1420 मीटर। (जमा मद कार्य)। | 251.75 |
| 3 | 160845 तृतीय आमंत्रण 05.11.2024 | नाबार्ड योजनांतर्गत् लैंगा सैला सेमरा जिल्दा मार्ग पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य लंबाई 14.30 कि.मी. का कार्य। | 1899.31 |
| 4 | 160888 प्रथम आमंत्रण 06.11.2024 | जिला महासमुंद के भगत सरायपाली से रायगढ़ सीमा मार्ग लंबाई 5.50 कि.मी. का निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित। (महासमुंद संभाग महासमुंद) | 794.12 |
| 5 | 160890 प्रथम आमंत्रण 06.11.2024 | जिला रायपुर के शंकर नगर, खम्हारडीह कचना मार्ग लंबाई 4.75 कि.मी. का चौड़ीकरण का निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित। (विधानसभा संभाग रायपुर) | 1135.22 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 03 दिनांक 18.11.2024 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 27.11.2024 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

**मुख्य अभियंता**
**केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ**
**कार्यालय प्रमुख अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग,नवा रायपुर,अटल नगर**
G-242503707/7


# इस वर्ल्ड डायबिटीज डे पर अपनी रोजाना डाइट में बादाम को करें शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



हर साल 14 नवंबर को वर्ल्ड डायबिटीज डे मनाया जाता है। इस दिन दुनिया भर में डायबिटीज को लेकर जागरूकता बढ़ाई जाती है और इसकी अच्छे से देखभाल करने की आवश्यकता पर जोर दिया जाता है। भारत, जिसे दुनिया की डायबिटीज कैपिटल के रूप में जाना जाता है, एक बढ़ती चुनौती का सामना कर रहा है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के एक हालिया अध्ययन से पता चला है कि 101 मिलियन भारतीयों को डायबिटीज है, जबकि 136 मिलियन लोग प्री-डायबिटिक हैं। यह खासतौर से हमारे द्वारा खाए जाने वाले भोजन में बदलाव लाकर, डायबिटीज की असरदार प्रबंधन रणनीतियों को अपनाने के महत्व को उजागर करता है। डायबिटीज को काबू में रखने का एक तरीका यह भी है कि हमें बादाम जैसे पौष्टिक फूड को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। बादाम में 15 आवश्यक पोषक तत्व होते हैं, जिनमें प्रोटीन, अनसैचुरेटेड फैट्स और डाइटरी फाइबर शामिल हैं। ये पोषक तत्व ब्लड शुगर लेवल को बनाए रखने में मदद करते हैं। शोध से पता चला है कि बादाम खाने से ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। खासकर टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों के लिए यह बहुत फायदेमंद होता है। बादाम खाने से कार्बोहाइड्रेट युक्त खाद्य पदार्थों के खाने के बाद ब्लड शुगर लेवल तेजी से नहीं बढ़ता है। इसके अलावा, बादाम खाने से टाइप 2 डायबिटीज से पीडित लोगों के शरीर में सूजन कम करने में मदद मिलती है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा नोटिस संख्या:** Sr.DEE-G-R-OTP-24-25-19 **दिनांक:** 04.11.2024
**कार्य:** इलेक्ट्रिकल (जी) कार्य का भाग - रायपुर मंडल के **(1) भानुप्रतापपुर** एवं **(2) अंतागढ़** में गुड्स शेड का सुधार। **निविदा मूल्य:** ₹ 41,89,946/-, **बयाना राशि:** ₹ 83,800/, **निविदा जमा:** दिनांक **06.12.2024** के **11:30** बजे तक।
निविदा दस्तावेजों की अधिक जानकारी/खरीद, पात्रता मानदंड और उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया सीनियर डीईई/जी/आर के कार्यालय से संपर्क करें या वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों को देखें / डाउनलोड करें। इन निविदाओं के विरुद्ध मैन्युअल ऑफर की अनुमति नहीं है और प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (RS&G),**
**द.पू.म. रेलवे,**
**रायपुर**
PR/R/SR.DEE(RS&G)/FL/160
South East Central Railway @secrail



**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, दिनांक **11.04.2016 को मेसर्स अमृत होम्स प्रा. लि. रायपुर. छ. ग.** के द्वारा एक मकान मय भूमि जिसका खसरा नं.15006/4, मकान नबंर 97, प्लाट का रकबा 2473, जो कि वाके मौजा अमलीडीह, पटवारी हल्का नबंर 69, तह-व जिला रायपुर में स्थित है को **श्रीमति कशिश परवानी** पत्नि श्री दिलीप परवानी निवासी सिविल लाईन रायपुर छ.ग. के पक्ष में विक्रय विलेख निष्पादित किया गया था।

यह कि उसके पश्चात् **श्रीमति कशिश परवानी** ने उपरोक्त संपत्ति को **श्रीमति रूचि प्रेमचदंनानी** पत्नि श्री दिनेश प्रेम चदंनानी रायपुर को विक्रय कर दिया था, जिसका पंजीयन दिनांक 21.05.2019 को किया गया है।

तपश्चात् **श्रीमति रूचि प्रेमचदंनानी** ने उपरोक्त संपत्ति को **श्री कुवरदीप सिंह अरोरा एवं श्रीमति रविन्द्र कौर अरोरा रायपुर** को दिनांक 15.12.2021 को विक्रय कर दिया है। तदपश्चात् **कुवरदीप सिंह अरोरा एवं श्रीमति रविन्द्र कौर अरोरा रायपुर** ने उपरोक्त संपत्ति को **श्री सुशील कुमार अग्रवाल पिता श्री रामदास अग्रवाल निवासी, जोरा, रायपुर** को दिनांक 10.08.2023 को विक्रय कर दिया है।

यह कि पूर्व विक्रय विलेख दिनांक 11.04.2016 की मूल प्रति कहीं गूम हो गई है, तथा बहुत प्रयास के बाद भी नहीं मिल रही है। जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट तेलीबांधा थाना रायपुर में 11.11.2024 को की गई है। यह कि उपरोक्त संपत्ति को बंधक रखकर **मेसर्स एसकेए मेटल प्रा.लि.** के द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन मेरे पक्षकार **ऐक्सिस् बैंक लिम. ब्रान्च रायपुर** में प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त गुम हुऐ विक्रय विलेख दिनांक 11.04.2016 एवं उपरोक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति या बैंक, वित्तीय या गैर वित्तीय संस्था या कोई अन्य किसी भी प्रकार का हक दावा संबंधी कोई अपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अन्दर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज के उपस्थित होकर अपत्ति करे म्याद अवधि के पश्चात् कोई भी दावा अपत्ति शुन्य व अवैध मानी जावेगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचना जाने।
रायपुर छ.ग.
दिनांक 12.11.2024

**भवदीय**
**विजय राठौर, अधिवक्ता**
ऑफिस :- भारत गैस गोडउन के पीछे
लक्ष्मी नगर, पचपेडी नाका, रायपुर (छ.ग.)
मो. : 9425202167



**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प.क्र./202411201500006/अ-6/2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ईश्वर नाग पिता सुकलधर नाग जाति गांडा निवासी-भेलवांपदर पारा कोण्डागांव, तहसील व जिला-कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर-कोण्डागांव के मोहल्ला-भेलवांपदर पारा में स्थित भूखण्ड क्रमांक 626/41 में से क्षेत्रफल 15 वर्गमीटर भूमि राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत् 30 वर्षीय पट्टा तुलाबती पति सुकुलधर जाति गांडा के नाम पर दर्ज है। आवेदक द्वारा अपनी माता तुलाबती पति सुकुलधर की दिनांक 22/05/2018 को मृत्यु होने के कारण छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 के तहत् आवेदित भूमि से फौती का नाम खारिज कर उनके वैध वारिसों का नाम दर्ज किये जाने हेतु तलवाना, राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत् प्राप्त 30 वर्षीय पट्टा की छायाप्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 22.11.2024 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/11/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
**नजूल अधिकारी**

# लॉज संचालक सहित दो युवकों पर पीटा एक्ट के तहत कार्रवाई, आपत्तिजनक हालत में कमरों में मिले थे

## रविवार को सायबर सेल-पुलिस ने रेड की, कोतवाली में दर्ज हुआ मामला

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पुराना बस स्टैंड में मौजूद दिगंबर लॉज से संचालक सहित दो युवकों को रंगरेलियां मनाते हुए पकड़ा गया है। मामले में देर शाम सायबर सेल ने कार्रवाई की। रात तक कोतवाली थाने में अपराध कायमी की कार्रवाई हुई। पीटा एक्ट के तहत इस प्रकरण में लॉज संचालक प्रीमन जैन उर्फ अप्पू (42), चिखली निवासी कुणाल शर्मा उम्र (18) और हरियाणा निवासी रीतिक रोड (18) को रिमांड पर भेजा गया है। लंबे समय से पुलिस को पुराना बस स्टैंड स्थित लॉज में देहव्यापार की शिकायतें मिल रही थी। यह इलाका लॉजेस में अनैतिक गतिविधियों के लिए बदनाम है। पहले भी यहां से युवक-युवतियों को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया है और संचालकों पर भी कार्रवाई हुई है। लेकिन यह सिलसिला फिर शुरु हो जाता है। बहरहाल, रविवार को की गई कार्रवाई में पुलिस ने संचालक और दो युवकों को तीन महिलाओं के साथ संदिग्ध अवस्था में पकड़ा और उन्हें लेकर सीधे थाने पहुंची। यहां कानूनी प्रक्रियाओं के बाद मामला दर्ज किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 4, 5, 7 अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 सीट अधिनियम पूर्ननिर्मित के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई है। आरोपियों के कब्जे से 4400 रुपए नगदी, 6 मोबाइल के अलावा 4 निरोध के पैकेट भी बरामद हुए हैं।

**कई मामलों में आरोपी रहा है अप्पू**-मुख्य आरोपी प्रीमन जैन उर्फ अप्पू ऐसे कई मामलों में पहले भी कार्रवाई का सामना कर चुका है। इसके खिलाफ थाना कोतवाली राजनांदगांव मे धारा 294, 323, 506, धारा 13 जुआ एक्ट, धारा 294, 323, 506 भादवि, धारा 294, 506, 385 के मामलों में आरोपी रहा है। 6 बार धारा 151, 107, 116(3) के उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई है।

**कई होटलों की शिकायत, यहां भी कार्रवाई जरुरी** -शहर के कुछ पॉश होटलों में भी कई तरह की प्रतिबंधात्मक गतिविधियों की शिकायतें आम हैं।

ऐसे होटल जुआ, हुक्काबार और बगैर लाइसेंस के शराब परोसने के मामले को लेकर चर्चाओं में रहते हैं। बीते कुछ सालों में ऐसे दो होटलों पर पुलिस ने कार्रवाई भी की थी जिसमें प्रतिबंधात्मक गतिविधियां पाई गईं थीं। शहर के बीच एक बड़ा होटल तो हमेशा ही हुक्काबार, जुआ के लिए केंद्र बना रहता है। यहां नगर के भ्रांत परिवारों के युवाओं के अलावा दूसरे शहरों के लोग भी जुटते हैं। अब जब ऐसे मामलों पर पुलिस ने कार्रवाई शुरु की है तो इन होटलों की जांच और उस पर एक्शन की जरुरत है।

## श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ बुधवार को



**राजनंदगांव।** खाटू वाले श्याम प्रभु का जन्मोत्सव कार्तिक शुक्ल एकादशी 12 नवंबर को संपूर्ण भारतवर्ष में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। श्री श्याम महिला मंडल की स्थानीय इकाई द्वारा इस अवसर पर फागुन शुक्ल द्वादशी को श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का भव्य आयोजन अनेक वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। आज 13 नवंबर बुधवार को श्री अग्रसेन भवन में भव्य महोत्सव की व्यापक तैयारियां की गई है। श्री श्याम महिला मंडल द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 13 नवंबर बुधवार को दोपहर 2:00 बजे से श्री अग्रसेन भवन में संगीतमय श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का कार्यक्रम आयोजित है। संबलपुर उड़ीसा की श्याम दीवानी श्रीमती अनुराधा पुरी एवं श्याम सेवक श्री राजीव पुरी की जोड़ी द्वारा अपनी मधुर वाणी से श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का वाचन कर अमृत वर्षा की जाएगी।

# नगर पंचायत घुमका के लिए अधिसूचना जारी

## शराब दुकान खोलने का रास्ता भी साफ

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

घुमका को नगर पंचायत गठित कर दिया गया है। 04 नवंबर की तारीख पर अधिसूचना जारी की गई है। इसमें ग्राम पंचायत घुमका की सीमा को नगर पंचायत की सीमा निर्धारित किया गया है। यहां की जनसंख्या 4078 है। इधर, 08 नवंबर को घुमका को जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 01 घोषित किया गया था। नगर पंचायत घोषित किए जाने के बाद अब यहां शासकीय शराब दुकान खोले जाने का रास्ता भी साफ होता दिखाई दे रहा है। घुमका को नगर पंचायत बनाए जाने की घोषणा पर भाजपा सरकार ने अमल करते हुए इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। कुछ ही दिनों पहले ग्रामीण व भाजपा नेताओं



के प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मिलकर जल्द गठन की प्रक्रिया पूरी करने की मांग रखी थी। तब उप मुख्यमंत्री साव ने आश्वासन दिया था कि यह प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जाएगी।

**कलेक्टर से मिले ग्रामीण, शराब दुकान की मांग**-इधर, सोमवार को घुमका के पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने कलेक्टर से मुलाकात की। उन्होंने ग्राम में अवैध शराब बिक्री का हवाला देते हुए शासकीय शराब दुकान के प्रस्ताव पर अमल की मांग की। गौरतलब है कि शहीदों के सम्मान में गौरव ग्राम का तमगा मिलने के बाद यहां शराब दुकान खोले जाने पर नीतिगत समस्याएं आ रही थी। लेकिन नगर पंचायत की अधिसूचना जारी होने के साथ ही ये बाध्यता खत्म हो जाएगी।

**क्षेत्र क्र. 01 में होगा संशोधन**-घुमका को नगर पंचायत घोषित किए जाने के साथ ही एक बड़ा पेंच आ गया है। जिला पंचायत के लिए नए परिसीमन के बाद घुमका को जिला पंचायत क्षेत्र क्र.01 के तौर पर गठित करते हुए अधिसूचना जारी की जा चुकी है। अब इसे नगर पंचायत बनाए जाने की अधिसूचना के साथ ही परिसीमन में संशोधन आवश्यक हो जाएगा।

## नारायण बहोरे का निधन



**डोंगरगांव नगर।** नगर के वयोवृद्ध नागरिक क़िलापारा निवासी नारायण प्रसाद बहोरे भोपाल वाले का 8 नवंबर को रात्रि में देहावसान हो गया। वे लगभग 80 वर्ष के थे। स्व बहोरे पुनीत बहोरे भोपाल निवासी के पिता थे। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रेम गोस्वामी के ससुर तथा अवध गोस्वामी, विनोद गोस्वामी, सुरेंद्र गोस्वामी एवं देवेंद्र गोस्वामी के समधी थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। स्व बहोरे का अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजनों व रिश्तेदारों के अलावा सामाजिकजन सहित स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

# कैसे फिल्टर होता है शहर का पानी, प्रशिक्षु अधिकारियों ने सिस्टम देखा

## आयुक्त ने फिल्टर प्लांट की जानकारी दी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



लाल बहादुर शास्त्री प्रशिक्षण अकादमी मसूरी से आए अखिल भारतीय सेवा के प्रशिक्षु प्रशासनिक अधिकारी 7 दिवसीय जिले के भ्रमण के लिए रविवार को राजनांदगांव पहुंचे। प्रशिक्षु अधिकारी भ्रमण के प्रथम दिन निगम सीमाक्षेत्र भ्रमण के दौरान मोहारा स्थित जल संयंत्रगृह का निरीक्षण कर जलशोधन प्रक्रिया की जानकारी ली। प्रशिक्षु अधिकारी रविन्द्र कुमार, अंकुश बीका, अदिति चौधरी, अभिषेक अभय ओजार्डे, अनुराग चोपड़ा, प्रिया अग्रवाल, ऐश्वर्या नेली श्यामला, प्रखर कुमार एवं आनंद शर्मा ने जल संयंत्रगृह मोहारा का निरीक्षण कर निगम के अधिकारियों से चर्चा कर जलशोधन की प्रक्रिया देख विभिन्न विषयों पर जानकारी ली। जलशोधन की जानकारी देते बताया गया कि मोहारा स्थित शिवनाथ नदी से इंटकवेल के माध्यम से जलशोधन हेतु रॉ वाटर लेकर प्रतिदिन 54 मिलियन लीटर पानी क्रमशः 27 एमएलडी, 10 एमएलडी पुराने प्लांट तथा अमृत मिशन द्वारा वर्तमान में निर्मित 17 एमएलडी फिल्टर प्लांट में जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया की जाती है। इसके पश्चात फिटकरी व क्लोरिन डालकर पानी को किटाणु रहित किया जाता है। उन्होंने बताया कि पानी के उपचार में फिल्टर बेड का इस्तेमाल, तरल पदार्थ से ठोस पदार्थो को अलग करने के लिये किया जाता है। फिल्टर बेड के जरिये पानी को छिद्रपूर्ण माध्यम या फिल्टर से गुजारा जाता है। शुद्धिकरण पश्चात शहर के 14 टंकी में भरने के पश्चात पाईप लाईन के माध्यम से शहर में पेयजल सप्लाई की जाती है।

# बीड़ी नहीं दी तो बदमाशों ने घेरकर चाकू से किए जानलेवा वार, ऑक्सीजोन में वारदात

## बसंतपुर पुलिस ने नाबालिग सहित 6 आरोपियों को दबोचा, तीन चाकू बरामद किए

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शहर से लगे मोहारा स्थित ऑक्सीजोन में युवकों के झुंड ने बीड़ी न देने पर दूसरे युवकों पर जानलेवा हमला कर दिया। सोमवार शाम की इस घटना के बाद बसंतपुर पुलिस ने एक नाबालिग सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें शुभम सौदागर (19), विक्की नेवारे (20), रोहित देवांगन (20), हिरेन्द्र यादव (22) और चेतन कश्यप (19) शामिल हैं।

बदमाशों के पास से तीन धारदार चाकू भी जब्त किए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ बसंतपुर पुलिस ने आर्म्स एक्ट व बीएनएस के तहत अन्य धाराओं पर मामला कायम किया है। 5 आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया है। सोमवार की शाम ऑक्सीजोन में चाकूबाजी की घटना घटी। चौखड़िया पारा निवासी प्रार्थी शिवकुमार डीमर (20) ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ घुमने गया हुआ था। इस बीच घटनास्थल पर बदमाशों का झुंड बाइक पर उनके पास पहुंचा। उन्होंने युवकों से बीड़ी मांगी। जब बीड़ी न होने की बात युवाओं ने कही तो आरोपी गाली-गलौच पर उतारु हो गए। विक्की यादव ने नरसिंग ढीमर पर चाकू से हमला कर दिया। बीच बचाव करने आए शिवकुमार को भी दूसरे बदमाशों ने मिलकर चाकू से घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। हमले में नरसिंग को कमर के ऊपर, पैर और हांथ पर गंभीर चोटें आई हैं। घायलों का इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है। पुलिस ने फौरिया तौर पर आरोपियों की शिनाख्त और उनकी तलाश शुरु की। एक-एक कर पुलिस की अलग अलग टीम ने आरोपियों को धर दबोचा। बदमाशों के पास से तीन बड़े धारदार चाकू बरामद किए गए हैं। इनके खिलाफधारा- 296, 351 (2) 115 (2), 3 (5) ब्रहस, 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

0 संवेदनशील हो चुका ऑक्सीजोन शिवनाथ नदी किनारे बनाए गए ऑक्सीजोन में बदमाशों की मौजूदगी आए दिन बनी रहती है। यह शराबखोरी और नशे का अड्डा बना हुआ है। ग्रुप में असामाजिक तत्व यहां जुटकर गांजा, नशे की गोलियों का सेवन करते हैं। दिन दहाड़े यहां शराबखोरी जारी रहती है। यह इलाका जुआ के लिए भी जाना जाने लगा है। कुल मिलाकर जिस ऑक्सीजाने को शहरवासियों को हरियाली के करीब लाने विकसित किया गया था वहां अब नशे की बहार है। इसके चलते ही यह क्षेत्र बेहद संवेदनशील हो चुका है।

# अभिषेक सिंह ट्रांसपोर्ट नगर की समस्याओं से रूबरू हुये



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

क्षेत्र के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ट्रांसपोर्ट नगर की जन समस्या से रूबरू हुए। उन्होंने कार्यरत लोगों से चर्चा की। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सदस्यों से भी मुलाकात कर उनके साथ बैठक की तथा पूरे परिसर में व्याप्त समस्याओं का मुआयना किया। इस दरमियान सिंह को सड़क, पानी की समस्या से लोगों ने अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि शहर की महत्वकांक्षी परियोजना के तहत पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने 08 वर्ष पूर्व ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना की थी जिससे ट्रांसपोर्ट नगर पूरी तरह आबाद हो गया था। किन्तु स्थापना के बाद रख-रखाव की तरफ किसी का ध्यान नहीं था। इसे समझकर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह सोमवार को ट्रांसपोर्ट नगर पहुंचे, वहां के लोगों से मेल-मुलाकात की।

नगर निगम आयुक्त से चर्चा कर ट्रांसपोर्ट नगर में व्याप्त समस्याओं को दुरूस्त करने का निर्देश दिया। इस दौरान सिंह के साथ भाजपा उत्तर व दक्षिण मंडल के अध्यक्ष अतुल राजयादा व तरूण लहरवानी, गिन्नी चावला, सुमीत भाटिया, प्रवीण शुक्ला, हर्ष रामटेके सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पानी टंकी निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने का टास्क, धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा

पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि जिलाधिकारी मुख्यालय छोड़ने के पूर्व विधिवत अनुमति और अवकाश स्वीकृति के उपरांत ही मुख्यालय से बाहर प्रस्थान करें। उन्होंने कड़ी निर्देश देते हुए कहा कि तीन दिवस से अधिक दिवस की अवकाश स्वीकृति के लिए विधिवत अनुमति लेकर ही मुख्यालय से अन्यत्र प्रस्थान करेंगे। कलेक्टर ने जिले में धान खरीदी की तैयारी और व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि जिले में धान खरीदी के लिए सभी मूलभूत आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर लेवें। उन्होंने गिरदावरी की सही तरीके से जांच और सत्यापन करने, पंजीयन का सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने धान खरीदी केंद्रों में आवश्यक रूप से पर्याप्त मात्रा में बारदानों की व्यवस्था करने, सीमावर्ती जिले से अवैध धान के परिवहन पर रोक लगाने के लिए चेक पोस्ट की व्यवस्था करने, धान खरीदी केंद्रों के निरीक्षण के लिए निगरानी दल का गठन करने के निर्देश दिए गए हैं। धान खरीदी केंद्रों में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सीसीटीवी की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयावधि में पानी टंकी का निर्माण करने और पाइपलाईन बिछाकर घर-घर में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने कहा है। मोटर पंप संचालन के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, इसमें किसी प्रकार की कोताही ना हो, इसका विशेष ध्यान रखें।

## श्रीमती शोभा शर्मा का निधन



**राजनांदगांव।** श्रीमती शोभा शर्मा का आकस्मिक निधन आज 12 नवंबर को दोपहर 3.30 बजे हो गया है। वे अटल मंच के संरक्षक प्रेमचंद शर्मा की धर्मप ी, प्रेस क्लब कोषाध्यक्ष बसंत शर्मा, एनबी प्रिंटर्स के संचालक आशीष शर्मा की माता जी थी। उनकी अंतिम यात्रा 13 नवंबर की सुबह 9 बजे ओसवाल लाइन स्थित निवास स्थान से मठपारा स्थित मुक्ति धाम के लिए प्रस्थान करेगी।

# हड़ताल का बहाना, नहीं खुल रही राशन दुकान पीडीएस हितग्राहियों को नहीं मिल रहा राशन

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



सोसायटियों में तालाबंदी के हालात से पीडीएस हितग्राही परेशान हैं। राशन दुकानों का संचालन करने वाले हड़ताल पर चले गए हैं। जिसके चलते समय पर राशन उपलब्ध नहीं हो रहा है। नवंबर माह का राशन हितग्राहियों को अब तक नहीं मिल पाया है। खाद्यान वितरक हड़ताल का बहाना बना रहे हैं। किसी भी महीने का ऐसा कोई दिन नहीं है जो समय में वितरण चालू हुआ हो। हमेशा सेल्समैन अपने मनमाफिक्र राशन का वितरण शुरु करते हैं। कई बार भीड़ बढ़ जाती है। कड़ी धूप में भरी दोपहरी में लोगों को लाइन में लगवाने के बाद मशीन में खराबी का बहाना बनाकर उन्हें लौटा दिया जाता है।

कई बार राशन दुकान में आपसी वाद-विवाद की स्थिति बन जाती है। छुरिया में लगभग 1200 से 1300 कार्डधारी हैं। बताया जाता है कि सेल्समेन लाममेटा व छुरिया दो जगह का वितरण प्रणाली का दुकान संभलता है। जिसके कारण भी यह स्थिति निर्मित होती है। बार गरीब परिवार को समय में राशन नहीं मिलने से किराना दुकान में महंगी दाम में चावल खरीदना पड़ रहा है।

## संतोष अग्रवाल, अशोक ने ली शपथ

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के नए पदाधिकारीयों का शपथ ग्रहण एवं दीपावली मिलन समारोह 8 नवंबर को रायपुर के एस एन पैलेस में संपन्न हुआ। शपथ अधिकारी एवं समारोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल ने शपथ ग्रहण के पूर्व संबोधित किया। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल ने नवीन कार्यकारिणी समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल को सबसे पहले शपथ दिलाई। इसके पश्चात राजनांदगांव अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल को प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष , अशोक लोहिया व विमल अग्रवाल को प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं लक्ष्मण लोहिया को प्रांतीय प्रचार प्रसार प्रभारी के रूप में मनोनयन कर शपथ दिलाई गई।

## मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी, जल्द नतीजे की उम्मीद

# खरीदी के लिए पंजीयन जारी... समिति कर्मियों की हड़ताल के बीच धान खरीदी की तैयारी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिले में धान खरीदी कार्य की तैयारी चल रही है। समर्थन मूल्य पर 14 नवम्बर से धान खरीदी कार्य प्रारंभ हो जाएगी। कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी का कार्य शुरु होगा। राजनांदगांव जिले में कुल धान उपार्जन केन्द्रों की संख्या 96 है। केन्द्रों में विपणन संघ द्वारा 1 लाख 50 हजार 669 बारदाना प्रदाय किया गया है। किसानों को भुगतान शाखाओं, एटीएम, माईक्रो एटीएम एवं मोबाईल बैंकिंग के माध्यम से की जाएगी। जिले में अब तक कुल 1 लाख 32 हजार 468 किसानों का पंजीयन हुआ है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने निर्देशित किया है कि, धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र में कांटा-बांट, नामतौल, बारदाना, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, रखरखाव, पेयजल, स्वास्थ्य किट, छांव, बायोमेट्रिक डिवाईस मशीन, मानव संसाधन सहित अन्य व्यवस्थाओं सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा उन्होंने आर्द्रतामापी यंत्र से धान की नमी को मापने कहा।

धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की सतत निरागनी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने धान खरीदी के लिए किसानों को ऑफलाईन एवं टोकन तुंहर दुआर मोबाईल एप से ऑनलाईन टोकन लेने कहा।

### रायपुर में बैठक, नतीजे का इंतजार

इधर, सहकारी समिति के प्रबंधकों की हड़ताल अब भी जारी है। खरीदी सिर पर है इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने नोडल अधिकारियों को धान खरीदी में संलग्न कर दिया है। जिला सहकारी कर्मचारी संघ 03 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहा है। इसमें 72 घंटे के भीतर शीघ्र धान का उठाव, भंडारित समस्त धान का 28 फरवरी तक मार्कफेड द्वारा उठाव, समिति के शॉर्टेज निरंक होने पर 2.5त्न समिति को और 2.5त्न खरीदी में कार्यरत कर्मचारियों को देने, परिवहन स्तर पर होने वाली कमी की वसूली मार्केफेड और परिवहनकर्ता द्वारा किए जाने की मांग रखी गई है। इन मांगों पर शासन स्तर पर प्रतिनिधि मंडल से राजधानी में सिलसिलेवार बैठक हो रही है। उम्मीद की जा रही है कि सोमवार की रात तक इस पर सकारात्मक नतीजा आ जाएगा।

# 29 वर्षीय रेसीडेंट डॉक्टर की हार्ट अटैक से मौत

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव स्थित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय की रेसीडेंट डॉक्टर 29 वर्षीय भाविका ठाकुर की हृदयाघात से मौत हो गई। घटना सोमवार सुबह करीब 10 बजे की है। परिजनों के मुताबिक मृतक महिला चिकित्सक रोज की तरह नियमित ड्यूटी के लिए घर से मेडिकल कॉलेज जाने की तैयारी में थी। उसी दौरान सीने में दर्द हुआ और कुछ सेकंड में ही वह घर के सामने गिर पड़ी। मेडिकल कॉलेज पहुंचने से पहले महिला चिकित्सक ने दम तोड़ दिया। बताया गया कि, स्थानीय गौरीनगर की रहने वाले की 29 साल की डॉ. भाविका ठाकुर मेडिकल कॉलेज में बतौर जूनियर रेसीडेंट कैजुअल्टी में पदस्थ थीं। वह सेवानिवृत्त प्राचार्य दीपक ठाकुर की बेटी थीं। भाविका ने मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव से ही एमबीबीएस किया था। डिग्री लेने के पश्चात वह मेडिकल कॉलेज में ही संविदा पर कार्यरत थी। वे पीजी कोर्स के लिए भी चयनित हो चुकी थी और उसकी तैयारियां कर रही थीं। जानकारी के मुताबिक कुछ वर्ष पूर्व भाविका की माता माधुरी ठाकुर का भी असमय निधन हुआ था। माधुरी ठाकुर भी जिला चिकित्सालय में लैब टेक्निशियन के पद पर कार्यरत थीं।

# शासन कि हजारों करोड़ कि सिलिंग जमीन को बेचने वालों पर क्या हो सकती है कारवाई?

## 2022 मे तहसील कार्यालय द्वारा सिलिंग जमीन के नामांतरण के प्रतिवेदन को वापस किया

- परंतु सिलिंग जमीन के मामले मे फर्जी प्रतिवेदन तैयार करने वाले पर नही हुआ कारवाई

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

सिलिंग जमीन से जुडे मुद्दे अगला अंक प्रकाशन करने हेतु कुछ अहम मुददे निकलकर आया है जिसमे शासन कि हजारों करोड़ कि जमीन को किस षड्यंत्र के तहत नीजि हाथो मे नामांतरण डायवर्सन व राजिस्ट्री कर नीजि जमीन के रुप मे बिना किसी अधिकार व आदेश के कागजी हेर-फेर कर विक्रय कर दिया गया है। गौरतलब है कि भारी पैमाने पर सिलिंग जमीन के विक्रय किये जाने कि जानकारी प्रशासन को लगाने पर कलेक्टर द्वारा इससे सम्बंधित खरीदी बिक्री कि गई जमीन कि राजिस्ट्री रद्द किये जाने का निर्देश भी जारी किया गया है परंतु इसका निश्चित नीति निर्धारण क्या होगा यहां निश्चित नही हो पाया है।


1977-78 में सिलिंग भूमि के रुप में शासन के नाम भूमि विक्रय

**सिलिंग जमीन को बेचने वालों पर क्या होगी दंडात्मक कारवाई**-कई एकड सिलिंग जमीन जिसकी मार्केट वेल्यू आज के समय मे करोड़ों रुपये का है ऐसे बेशकिमती जमीन को शासन के बिना किसी आदेश व निर्देश के सिलिंग भूमि के रुप में शासन के नाम दर्ज भूमियों को बेचने वालों पर शासन क्या कारवाई करेगी यह भी सवालों के घेरे मे है अगर उक्त मामले मे कोई कठोर कारवाई नही होती है तो आम जनता के नजर मे यह संदेश जाना निश्चित होगा कि शासन कि नीति नियम कानून प्रभावशाली लोगों के हाथ की कठपुतली है जिसे जैसा चाहे सक्षम लोगों के द्वारा तोडा मरोड़ा जा सकता है अगर जनधारणा को शासन प्रशासन को झूठलाना होगा तो ऐसे मामलो मे सक्त कारवाई किया जाना आवश्यक है जिससे इस तरह के भ्रष्टाचारों पर रोकथाम लगाया जा सके गौरतलब है कि 2012 के विधानसभा कारवाई मे क्षेत्र के पूर्व चैतराम साहू द्वारा सिलिंग जमीन से जुडे मुद्दे पर मांगे गया जवाब पर भ्रामक जानकारी दे दी गई जबकि ग्राम पटपर के बी-1 वर्ष 1977-78 में मध्यप्रदेश शासन के नाम दर्ज सिलिंग भूमियों को बिना किसी आदेश के रिकार्ड में सुधार कर सन 1985-86 मे ही अधिकतर सिलिंग भूमियों को विक्रय किये जा चुके था परंतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, कलेक्टर व राजस्व विभाग सचिव के रिकार्ड मे 14 दिसम्बर 2012 के विधानसभा में सभी सिलिंग जमीन शासन के आधीन होने कि भ्रामक जानकारी दिया गया।

**2022 मे तहसील कार्यालय द्वारा सिलिंग जमीन के नामातंरण वापस किया**-गौरतलब है कि सन 2022 में तात्कालिक तहसीलदार ज्योति मसीयारे ने अपने द्वारा किये लगभग एक दर्जन नामांतरण के खसरा नम्बरों के सिलिंग से संबधित होने की जानकारी होने पर अनुविभागीय अधिकारी से पुनर्विलोकन की अनुमति लेकर नामांतरण को खारिज किया गया था इस नामांतरण प्रकरण में तात्कालिक हल्का पटवारी द्वारा सिलिंग भूमि के विषय में जानकारी होते हुए भी तहसील न्यायालय में सिलिंग भूमि के संबंध में गलत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था। तहसीलदार ने नामांतरण तो खारिज कर दिया मगर झुठा प्रतिवेदन देने वाले हल्का पटवारी पर कोई कार्यवाही नही की गई। इससे स्पष्ट होता है कि स्थानीय प्रशासन के नजर मे जो सिलिंग जमीन है वह शासन का है जिसका नामांतरण डायवर्सन व राजिस्ट्री अवैधानिक है परंतु उक्त प्रक्रिया पूर्व के राजस्व अधिकारियों द्वारा बिना आदेश व अधिकार के विक्रय किया एक गम्भीर अपराध कि श्रेणी मे माना जा सकता है जिसके कारण शासन की खुद जमीने निजी हाथो मे भुइँया एप के रिकॉर्ड मे दर्शा रहा है।







**रायपुर।** श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के वार्षिक उत्सव 2024 में विद्यार्थियों ने खूब दिलचस्पी से अलग-अलग प्रतियोगिता में भाग लिया, रंगोली और फोटोग्राफी जैसी रोचक गतिविधि का आयोजन हुआ। ललित कला प्रदर्शनी का आज उद्घाटन किया जाएगा। सभी विद्यार्थी एवं शिक्षकों की कलाओं का प्रदर्शन होगा।

# रायपुर में कायस्थ समाज का दीपावली मिलन समारोह समाज को गौरवान्वित करने वालों का हुआ सम्मान

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

कायस्थ समाज रायपुर एवं सुषेण वैध स्मृति सेवा समिति रायपुर के युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन हुआ, इसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये 42 युवक युवतियों ने अपना परिचय दिया इसकी कड़ी में रात 8 बजे से कायस्थ समाज का दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह शुरू हुआ। भगवन चित्रगुप्त जी की पूजा अर्चना के बाद तलाश-ए-हमसफर 2024 पत्रिका का विमाचन हुआ, पत्रिका में 1100 युवक युवतियों का बायोडाटा पत्रिका में दिया गया है। समाज के प्रतिभाशाली एवं समाज को गौरान्वित करने वाले निम्न व्यक्तियों का सम्मान हुआ। निक्की श्रीवास्तव मंडल, राहुल सिन्हा,



मनीषा श्रीवास्तव, इं.संदीप कुमार वर्मा, डॉ. सुपर्णा श्रीवास्तव, डॉ. श्रीश वर्मा, डॉ. सुपर्णा श्रीवास्त, डॉ. रवि आर.सक्सेना सरप्राईज गेम एवं संगीत की प्रस्तुति में लोगों को बांधे रखा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश श्रीवास्तव रिटायर्ड लीगल एडवाईजर राज्यपाल, अध्यक्षता संजय श्रीवास्तव प्रदेश महामंत्री भाजपा, विशेष अतिथि ए.पी. सिंह, अनिल व्यास, रामप्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. अनिल वर्मा, राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, पी.के.खरे, अभय श्रीवास्तव, नन्दूलाल श्रीवास्तव दुर्ग, राजेश श्रीवास्तव दुर्ग मंचासीन रहे। मंच का संचलान डॉ. रीतू श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के लगभग 550 व्यक्तियाँ सम्मिलित हुये कार्यक्रम के अंत में सुषेण वैद्य स्मृति सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. अनिल वर्मा ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए आभार व्यक्त किया। पूनम श्रीवास्तव ने कहा कि इसी तरह के सफल कार्यक्रम भविष्य में भी हमारे समाज द्वारा संचालित किए जाते रहेंगे, जिससे आगे आने वाली पीढ़ी को प्रेरणा मिले। उक्त जानकारी राजेश श्रीवास्तव संयोजक कायस्थ समाज रायपुर द्वारा दी गयी।

# भगवान श्री शिवरीनारायण मंदिर के महा भंडारा में भोग प्रसाद पाने श्रध्दालुओं की लगी रही भीड़

## दोपहर 12 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक चलता रहा भंडारा

पायनियर संवाददाता ◀ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी जी का मूल स्थान एवं माता शबरी जी की पावन जन्मभूमि शिवरीनारायण में श्री गोपाष्टमी का महापर्व धूमधाम के साथ भक्तिमय वातावरण मे श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ का प्रमुख धार्मिक तीर्थ नगरी शिवरीनारायण के मुख्य मंदिर श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर में गोपाष्टमी के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं का जत्था दर्शन पूजन करने के लिए उमड़ा। दिनभर श्रद्धालुओ ने श्री शिवरीनारायण भगवान जी का दर्शन पूजन कर आशिर्वाद प्राप्त किया। गोपाष्टमी के महत्व और उपयोगिता



के संदर्भ में जानकारी देते हुए। श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित हरीश तिवारी भोगहा ने बताया कि गायों को हिंदू धर्म में धर्म और संस्कृति की आत्मा माना जाता है धार्मिक मान्यता है कि गौ माता के अंदर 33कोटि देवी देवताओं का निवास रहता है इसीलिए गाय को हिंदू धर्म में गौ माता कहा जाता है। भगवान श्री कृष्ण जी लगभग दस वर्षों तक नंगे पांव रहकर गो चरण का कार्य किया था क्योंकि गौ माता नंगे पर ही चलती है इसीलिए श्री कृष्ण भगवान जी भी नंगे पांव रहकर गौ चरण का कार्य करते थे श्री धाम वृंदावन में भगवान श्री कृष्ण जी के नंगे पैरचलने के कारण वृंदावन की रज पावन हो गया श्रद्धालु भक्त जनश्री धाम वृंदावन के रज को अपने मस्तक पर लगाकर स्वयं को धन्य समझते हैं।

# वसंत मसाला ने अनिल कपूर को ब्रांड एंबेसडर बनाकर नए लोगो और पहचान के साथ की एक नई शुरुआत

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




मसाला उद्योग में 54 वर्षों से अग्रणी, वसंत मसाला ने बॉलीवुड के प्रतिष्ठित अभिनेता अनिल कपूर को अपना नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करते हुए, अपनी नई टैगलाइन प्यार तो होना ही था के साथ एक नई पहचान बनाई है और साथ ही लोगो डिज़ाइन लॉन्च की है। यह टैगलाइन वसंत मसाला के उत्पादों की क्वालिटी को दर्शाते हुए भारतीय परिवारों के बीच प्यार और मजबूत बंधन का संदेश देती है। अनिल कपूर पहली बार अपने भाई संजय कपूर के साथ वसंत मसाला की ब्रांड फिल्म में नजर आएँगे। इस फिल्म में भारतीय मसालों के उत्तम स्वाद के माध्यम से परिवारों को जोड़ने की सुंदर भावना प्रदर्शित की गई है। यह भावनात्मक जुड़ाव वसंत मसाला के नए संदेश और इसके प्रति ब्रांड की छवि को और गहराई से दर्शाता है। वसंत मसाला के सीएमडी, चंद्रकांत भंडारी ने इस साझेदारी पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, वसंत मसाला का उद्देश्य सदैव भारतीय घरों में शुद्धता और स्वाद का प्रसार करना रहा है। अनिल कपूर का ब्रांड एंबेसडर होना परंपरा और आधुनिकता का एक अनोखा मिश्रण है, जो हमें मौजूदा ग्राहकों के साथ संबंध मजबूत करने और नए ज़माने की गृहिणियों से जुड़ने में मदद करेगा। अनिल कपूर ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, वसंत मसाला से जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है। इस ब्रांड की टॉप क्लास क्वालिटी और इसका समर्पण भारतीय परिवारों के बीच प्रेम और परंपराओं के बंधन को और गहरा बनाएगा।

# प्रदीप टंडन पीएचडी की राज्य परिषद के चेयरमैन नियुक्त हुए

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

पीएचडीसीसीआई चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज पिछले 119 वर्षों से भारतीय उद्योग, व्यापार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए लगातार मुख्य स्त्रोत के रूप में काम कर रहा है। चैम्बर दूरदर्शी, सक्रिय, गतिशील एवं अखिल भारतीय शीर्ष संगठन है,जो उद्योग की प्रगति के लिए सरकार के साथ भागीदार के रूप मे कार्य करता है। पीएचडी सीसीआई भारतीय अर्थव्यवस्था की प्रगति, सदभाव और एकीकृत विकास को बढ़ावा देने के लिए मजबूत राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के साथ जमीनी स्तर पर काम करता हैं, ये संगठन भारतीय अर्थव्यवस्था को अगले स्तर पर ले जाने के लिए कई क्षेत्रों में 1,50,000 से अधिक छोटे बड़े एवम मध्यम उद्योगों से जुड़ा हुआ है। पीएचडीसीसीआई भारत और विदेशों में दूतावास और हाय कमीशन के साथ मिलकर



अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं और व्यावसायिक अवसरों को लाने के लिए भी काम कर रहा हैं। पीएचडीसीसीआई का अंतरराष्ट्रीय कार्यालय बहरीन में 6 जीसीसी देशों के लिए स्थापित है। पीएचडी सीसीआई ने पार्टियों के बीच हस्ताक्षरित 100 से अधिक समझौता ज्ञापनों के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उद्योग संघों और संगठनों को सहयोजित किया हैं। देश में क्षमता निर्माण की दिशा में अपने प्रयास में पीएचडी चैंबर जर्मनी के कोनराड एडेनायर फाउंडेशन के सहयोग से केंद्रित उद्यमशीलता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित भी करता हैं। चैंबर का मुख्यालय दिल्ली में हैं और उसके क्षेत्रीय कार्यालय तमिलनाडु,उड़ीसा और पश्चिम बंगाल को छोड़कर सभी राज्यों में स्थापित है।

# नेटफ्लिक्स ने क्राईम ड्रामा नीरज पांडे के सिकंदर का मुकद्दर का ट्रेलर जारी

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

नेटफ्लिक्स ने क्राईम ड्रामा, नीरज पांडे के सिकंदर का मुकद्दर का ट्रेलर जारी कर दिया है। इसमें जिमी शेरगिल, अविनाश तिवारी, और तमन्ना भाटिया मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म का निर्माण फ्राईडे स्टोरीटेलर्स ने किया है। सिकंदर का मुकद्दर में एक हीरे की चोरी की गुत्थी सुलझाने के लिए एक पुलिस अधिकारी की दिलचस्प कहानी दिखाई गई है। लेकिन वो यह किस कीमत पर करता है? लगातार बढ़ते तनाव के बीच सवाल उठता हैः क्या तीनों संदिग्ध वास्तव में दोषी हैं, या फिर इस कहानी में कुछ और छिपा है, जो दिखाई नहीं दे रहा? इस फिल्म के बारे में नीरज पांडे ने बताया कि वो एक जुनून और रहस्य की एक ऐसी कहानी बुनना चाहते थे, दो दर्शकों को रोमांचित कर दे। उन्होंने कहा मैं एक स्टोरीटेलर के रूप में हमेशा से एक रोमांचक, दिलचस्प और मनोरंजक कहानी पेश करना चाहता था। सिकंदर का मुकद्दर वही कहानी है। इस फिल्म के निर्देशन का अनुभव




अच्छा था, और कलाकारों ने पूरी तत्परता के साथ अपने किरदार निभाए। नेटफ्लिक्स और फ्राईडे स्टोरीटेलर्स के बीच की इस पार्टनरशिप को मजबूत करते हुए हम यह कहानी पूरे विश्व में अपने दर्शकों के समक्ष रखने के लिए उत्साहित हैं। रुचिका कपूर शेख, डायरेक्टर ओरिज़नल फिल्म्स, नेटफ्लिक्स इंडिया ने कहा हम सिकंदर का मुकद्दर पेश करने के लिए उत्साहित हैं। यह फिल्म एक दिलचस्प क्राईम थ्रिलर है, जो अंत तक दर्शकों की दिलचस्पी बनाकर रखेगी। इस फिल्म में मानवीय व्यवहार का गहरा चित्रण किया गया है, और न्याय एवं जीवित रहने के संघर्ष में लोग किस हद तक जा सकते हैं, यह टटोला गया है।

# अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में पीजी और यूजी कोर्सेस के लिए आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय अपने दो वर्ष के पोस्ट-ग्रैज्युएट प्रोग्राम्स के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है। इन एमए प्रोग्राम्स में एमए एजुकेशन, एमए डेवलपमेंट, मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (एमपीएच), एमए अर्ली चाइल्ड-हुड केअर एवं एजुकेशन शामिल हैं। साथ ही चार वर्षों के बीए ऑनर्स और बीएससी ऑनर्सके लिए भी आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। ये प्रोग्राम अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बेंगलूरु और भोपाल कैम्पस में चलाए जाएंगे। इन प्रोग्राम्स का लक्ष्य विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध कराते हुए उनमें विषय विशेषज्ञता व सामाजिक प्रतिबद्धता का निर्माण करना है। उन्हें सार्थक करिअर की तलाश के लिए प्रेरित करना और शिक्षा की राह पर आगे बढ़ाना इन कोर्सेस का उद्देश्य है। भोपाल कैम्पस में दो वर्षीय स्नातकोत्तर प्रोग्राम के लिए एमए-एजुकेशन व एम.पी.एच.-मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ और चार वर्षीय स्नाकोत्तर प्रोग्राम के लिए अर्थशास्त्र, अंग्रेज़ी, इतिहास और समाज विज्ञान में बीए ऑनर्स व बायोलॉजी में बी.एस-सी. ऑनर्स शामिल है। बेंगलुरू कैम्पस में दो वर्षीय स्नाकोत्तर प्रोग्राम के लिए एमए-एजुकेशन, एमए-अर्ली चाइल्ड-हुड केअर एण्ड एजुकेशन, एमए-डेवलपमेंटस्टडीज़, एम.ए.-अर्थशास्त्र और चार वर्षीय स्नाकोत्तर प्रोग्राम के लिए अर्थशास्त्र, अंग्रेज़ी, इतिहास, दर्शन, समाज विज्ञान, दर्शन-राजनीति व अर्थशास्त्र में बी.ए. ऑनर्स तथा बायोलॉजी, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिकी, मनोविज्ञान, इन्फोर्मेशन विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान व सतत विकास में बी.एस-सी. ऑनर्स शामिल है। विद्यार्थियों को फील्ड-प्रैक्टिस के ज़रिए जीवन के वास्तविक अनुभवों से गहराई से जोड़ा जाता है। उन्हें इन्टर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं और मेंटरिंग के साथ फील्ड-वर्क प्रोजेक्ट भी करवाए जाते हैं। अकादमिक विकास, भाषाओं को सीखने, इन्टर्नशिप, व्यावसायिक विकास और प्लेसमेंट आदि के लिए विद्यार्थियों की जरूरी मदद की जाती है। कैम्पस में आयोजित किये जाने वाले वर्कशॉप, सेमिनार, गेस्ट-लेक्चरर जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए विद्यार्थियों को, तरह-तरह के अनुभवों व विचारों से परिचित करवाया जाता है। विद्यार्थी हमारे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

# धमतरी शहर मंडल में भाजपा कार्यशाला संपन्न




पायनियर संवाददाता ◀ कुरूद
www.dailypioneer.com

धमतरी शहर मंडल में भाजपा कार्यशाला संपन्न हुआ, जिसमें शहर चुनाव अधिकारी के रूप में संगठन के विस्तृत जानकारी एवं शक्ति केंद्र प्रभारी सह प्रभारी का गठन कर जिला अध्यक्ष के अनुशंसा से घोषणा किया, आगामी 25 नवंबर को समस्त बूथों में अध्यक्ष एवं कमेटी का चुनाव प्रक्रिया सर्वसम्मति कराने प्रभारियों से निवेदन किया पश्चात राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा मंडल, जिला एवं प्रदेश के संगठन चुनाव पर्व संपादन हेतु जानकारी दिया, भाजपा धमतरी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से बुथ से लेकर मंडल तक सर्व सम्मति से चुनाव प्रक्रिया कराने भी निवेदन किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, शहर चुनाव सह अधिकारी नरेन्द्र रोहरा, पूर्व जिला अध्यक्ष निर्मल बरडिया, ज़िला महामंत्री अविनाश दुबे, जिला उपाध्यक्ष कविन्द्र जैन, पूर्व ज़िला महामंत्री कुमार रणसिंह, मंडल अध्यक्ष विजय साहु, महिला मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी हेमलता शर्मा, सरला जैन, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष चन्द्रकला पटेल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष कैलाश सोनकर, रेशमा शेख, पूर्व मोर्चा जिला अध्यक्ष विजय मोटवानी, मंडल महामंत्री अखिलेश सोनकर, नीलेश लुनिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, पार्षदगण, पूर्व पार्षदगण, मंडल जिला के पदाधिकारीगक्ष, बुथ के अध्यक्षगण, मंडल के पदाधिकारीगण, मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण सहित भाजपा धमतरी के जुझारू एवं जाँबाज कार्यकर्तागण सम्मिलित हुए।

## करैत के डसने से मरणासन्न हालत में पहुंच गया था मानविक, विशेषज्ञ डॉक्टरों ने बचाई मासूम की जान

# मेडिकल कालेज अस्पताल में मासूम को मिला जीवनदान

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय के मेडिकल कालेज अस्पताल में जहरीले करैत के डसने से मरणासन्न हालत में पहुंच चुके एक मासूम को नया जीवन मिला है। सर्पदंश से पीड़ित बालक का शरीर जहर से लकवाग्रस्त हो रहा था जो कि 42 घंटे बेहोश था और उसे 3 दिनों तक वेंटीलेटर में रखा गया था जहां विशेषज्ञ डाक्टरों की निगरानी में अब बच्चे के चेहरे में मुस्कान लौट आई है। मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ के खरसिया ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले औरदा गांव के निवासी तुलेश्वर चैहान के 3 साल के बेटे मानविक चैहान को सोते समय घर में ही सुबह पांच बजे के करीब जहरीले करैत सांप ने दाहिने हाथ की उंगली में काट लिया। परिजन बच्चे को सिविल अस्पताल खरसिया लेकर गए। वहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार कर बच्चे को बेहतर ईलाज के लिए संत बाबा गुरु घासीदास स्मृति शा.चिकित्सालय रायगढ़ रेफर कर दिया गया। बच्चे को



सुबह लगभग 8 बजे के आसपास संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शा. चिकित्सालय रायगढ़ के आपातकालीन विभाग में अत्यंत गंभीर स्थिति में भर्ती कराया गया।

**दोनों पलकों को मार चुका था लकवा**-बच्चे के शरीर में सॉप का जहर फैल चुका था, बच्चे की आँखों की दोनों पलकों में लकवा मार चुका था, सांस लेने में तकलीफ हो रही थी, मुँह से झाग आ रहा था, बच्चे के हाथ-पैर ठंडे पड़ गए थे एवं नाड़ी भी कमजोर हो रही थी। बच्चे को आपातकालीन विभाग में ही बाल्य एवं शिशुरोग विभाग के आपातकालीन ड्युटी में उपस्थित डाक्टरों द्वारा त्वरित ईलाज प्रारंभ कर बच्चे को श्वास की नली डालकर कृत्रिम ऑक्सीजन की मशीन (वेंटीलेटर)में डाला गया तत्पश्चात बच्चे को चिकित्सकों की आपातकालीन टीम द्वारा बच्चे के आई.सी.यू.वार्ड में शिफ्ट किया गया।

**विशेषज्ञ डाक्टरों का प्रयास हुआ सफल**-बच्चे के ईलाज के दौरान एंटी स्नैक वेनम, आइनोट्रोप उपयुक्त एंटीबायोटिक एवं वेंटीलेटर में रखा गया था। गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉ.एल.के.सोनी, विभागाध्यक्ष बाल्य एवं शिशुरोग, डॉ.गौरव क्लॉडियस (असिस्टेंट प्रोफेसर),डॉ.अंशुल विक्रम श्रीवास्तव (एस.आर.), डॉ.दुष्यंत कुमार सिदार (जे.आर), डॉ. मेघा पटेल (जे.आर), डॉ.लीना पैंकरा (जे.आर), डॉ.आशीष मोटवानी (जे.आर) एवं डॉ.शालिनी मिंज (जे.आर) एवं स्टॉफ नर्सों की विशेष निगरानी में रखा गया जहां डॉक्टर एवं स्टॉफ नर्सों की अथक प्रयासों से बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार आना शुरू हुआ।

**एक सप्ताह तक चला उपचार**-मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायगढ़ के डॉक्टरों ने एक हफ्ते तक गहन इलाज कर उसकी जान बचाई और नया जीवनदान दिया। करैत भारत में पाए जाने वाले सर्वाधिक जहरीले सांपों में से एक है। इसका जहर न्यूरोटॉक्सिक होता है। जिससे नर्वस सिस्टम पर असर पड़ता है। सही समय पर इलाज न मिले तो जान बचने की गुंजाइश कम होती है। ऐसे में एक छोटे मासूम बच्चे की रायगढ़ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में मिले उचित इलाज से जान बचाई जा सकी।

**पूरे शरीर में फैल चुका था जहर**-मरणासन्न हालत में उसे मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में इलाज के लिए जब भर्ती कराया गया तो सांप का जहर पूरे शरीर में फैल चुका था उसकी स्थिति काफी गंभीर हो चुकी थी। शरीर में लकवे का असर दिख रहा था और सांस लेने में भी तकलीफ हो रही थी। शुरुआती 40 से 42 घंटे तक वह पूरी तरह से होश में नहीं आया था और उसे वेंटीलेटर में रखना पड़ा था।

**बच्चे को भेज दिया गया घर**-बच्चे के शरीर में सांप के जहर का असर कम होने के उपरांत बच्चे को 3 दिवस पश्चात वेंटीलेटर से बाहर निकाला गया। वेंटीलेटर से बाहर निकलने के पश्चात् बच्चे के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हुआ। एक हफ्ते तक चले गहन इलाज से बच्चे के स्वास्थ्य में पूर्ण सुधार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दिया गया।

**डाक्टरों के प्रयास से बची बेटे की जान-तुलेश्वर**-किसी भी माता-पिता के लिए अपने बच्चे को जिंदगी और मौत से लड़ते देखना बहुत हृदयविदारक होता है। नन्हा मानविक अपने माता पिता की इकलौती संतान है। करैत के डसने से उसकी हालत इतनी खराब हो चुकी थी कि शुरुआती 40 से 42 घंटे तक वह पूरी तरह से होश में नहीं था। लेकिन मेडिकल कॉलेज में स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम के साथ सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होने से उसका बेहतर इलाज संभव हुआ। पिता तुलेश्वर चैहान कहते हैं कि डॉक्टरों के प्रयासों से उसके बच्चे की मुस्कान वापस लौट आई।

# महिला के साथ छेड़छाड़ व वीडियों वायरल करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

पायनियर संवाददाता ◀ कांकेर
www.dailypioneer.com

महिला का वीडियो बनाकर उसे परेशान करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी अनुसार पखांजूर थानांतर्गत प्रार्थिया ने थाना में लिखित आवेदन कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 10 नवम्बर के 7.30 बजे आरोपी गोस्टो डाकुआ पिता सत्यरंजन डाकुआ निवासी पी.व्ही.03 शारदानगर के द्वारा प्रार्थिया के निजी जिन्दगी में प्राईवेट कृत्य को देखना पीछा करना महिला की लज्जा की अनादर करना वीडियो बनाकर लैंगिग प्रर्दशन का प्रकाशन, एकान्ता का उल्लंघन किया है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 205/2024 धारा 77, 78, 79 बीएनएस 66 (ड) 67 (ए) आईटी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक कांकेर इंदिरा कल्याण ऐलेसेला के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक




पखांजूर प्रशांत शुक्ला, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पखांजूर रवि कुमार कुजुर तथा थाना प्रभारी पखांजूर निरीक्षक लक्ष्मण केंवट के मार्गदर्शन में प्रार्थिया महिला का वीडियो बनाकर वायरल करने वाले आरोपी गोस्टो डाकुआ पिता सत्यरंजन डाकुआ उम्र 25 वर्ष निवासी पी.व्ही.03 शारदानगर थाना पखांजूर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक लक्ष्मण केंवट, उपनिरी तरूण कुमार मइति, उपनिरी रामचन्द्र साहू, सउनि विजय कुलदीप, 108 दाऊलाल सूर्यवंशी, तुलसी मण्डावी का योगदान रहा।

# दुल्हन की तरह सज गया जशपुर... भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर 'माटी के वीर पदयात्रा' में केंद्रीय मंत्री, सीएम साय और 10 हजार यूथ होंगे शामिल

## केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया मुख्य अतिथि और अध्यक्षता करेंगे मुख्यमंत्री साय









पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य पर जशपुर में 13 नवंबर को आयोजित भगवान बिरसा मुंडा ''माटी के वीर पदयात्रा'' कार्यक्रम में केंद्रीय युवा कार्यक्रम, खेल, श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष के तौर पर विष्णुदेव साय शामिल होगें और 10 हजार से अधिक माई भारत यूथ वालंटियर्स के साथ पदयात्रा करेंगे। भगवान बिरसा मुंडा 'माटी के वीर पदयात्रा' में विशिष्ट अतिथि के तौर पर वित्त, आवास एवं पर्यावरण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी तथा जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग, कृषि विकास एवं कृषि कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिक विभाग मंत्री रामविचार नेताम, खेल एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री टंक राम वर्मा, सांसद राधेश्याम राठिया, सरगुजा क्षेत्र विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक गोमती साय, जशपुर विधायक रायमुनी भगत, राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियम्वदा सिंह जूदेव शामिल होंगी। पदयात्रा की शुरूआत पुरना नगर मैदान से होगी एवं विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए समापन रणजीता स्टेडियम में होगा।

### पूरे संभाग के जनजातीय कला

इस पदयात्रा के लिए पूरे जिले में तैयारियां तीव्र गति से की जा रहीं हैं। इस पदयात्रा में पूरे संभाग की जनजातीय संस्कृति, नृत्यों, आभूषण, व्यंजन एवं परम्पराओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें पुरनानगर पेट्रोल पंप के निकट बस्तर के आये गौर सिंग नाचा दल द्वारा स्वागत के साथ संभाग के सभी जिलों के हस्तशिल्प से बने आभूषणों का प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें जशपुर के बांस के पी?ा, छिन्द की चटाई, छोपी माहुल पत्ती की टोपी, छिन्द एवं कांसा की टोकरी, खोमरा (गुंगु), अम्बिकापुर की काष्टकला, बांसशिल्प कला, गोदना कला, सूरजपुर की बांस कला, बलरामपुर की वाद्ययंत्र, देवगुड़ी, जनजातीय आभूषण, मनेन्द्रगढ़ कोरिया की लकड़ी की बनी वस्तुओं का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही सभी जिलों के बने जनजातीय व्यंजनों का भी प्रदर्शन होगा।

### बालाछापर के कार्यक्रम

बालाछापर में पदयात्रा का स्वागत मुंडा नृत्य द्वारा किया जाएगा। वहीं गम्हरिया स्थित काष्ठागार के समीप काष्ठ कला के लाइव प्रदर्शन के साथ माई भारत कियोस्क पंजीयन, एवं जनजातीय खेलों का आयोजन होगा। इसके साथ ही करमा नृत्य द्वारा पदयात्रा का स्वागत किया जाएगा। गम्हरिया में दिया, खप्पर एवं हवनकुंड के निर्माण का प्रदर्शन किया जाएगा। अघोर पीठ के निकट गहिरा गुरु के भक्त ों द्वारा गहिरा भजनों का पाठ किया जाएगा। इसके साथ ही मुंडारी नृत्य दल द्वारा नृत्य करते हुए पदयात्रा की अगुवाई की जाएगी। रंगोली ढाबा के निकट जनजातीय दलों द्वारा जयद्वा नाचा एवं करमा नृत्य के अतिरिक्त सरगुजा संभाग में रहने वाली विशेष पिछड़ी जनजातीय समुदाय पहाड़ी कोरवा, बिरहोर, पंडों एवं बैगा जनजाति के लोगों के द्वारा अपनी पारम्परिक वेशभूषा एवं संस्कृति का प्रदर्शन किया जाएगा।

### डोड़काचौरा बस्ती के कार्यक्रम

डोड़काचौरा बस्ती में कोरिया जिले के दल द्वारा शैला नृत्य एवं करमा नृत्य करते हुए पदयात्रा की अगुवाई करते हुए छिन्द की टोकरी, बांस की कलाकृति बनाने की जनजातीय कला का प्रदर्शन किया जाएगा। बांकी नदी पर स्थित पुल पर अम्बिकापुर के शैला नृत्य दल द्वारा पदयात्रा की अगुवाई करते हुए जनजातीय खेलों जैसे कबड्डी एवं खोखो का प्रदर्शन किया जाएगा। जैन मंदिर के समीप महादेवनाचा करते हुए बगीचा के दल के द्वारा पदयात्रा की अगुवाई की जाएगी जहां बांस की कलाकृति निर्माण के प्रदर्शन के साथ शास्त्रीय भजन संगीत का प्रदर्शन किया जाएगा।

### बिरसामुंडा चौक के कार्यक्रम

बिरसा मुंडा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनकी जीवन पर प्रकाश डालती आकर्षक प्रदर्शनी के साथ बगीचा के दल द्वारा मुण्डारी नृत्य द्वारा पदयात्रा का स्वागत किया जाएगा। महाराजा चौक पर करमा नृत्य एवं गुदुम बाजा के साथ सिहार पताई की टोपी निर्माण का प्रदर्शन किया जाएगा। ऐतिहासिक काली मंदिर एवं बालाजी मंदिर के निकट कैशव रामायण मण्डली के द्वारा रामायण पाठ द्वारा लोगों को अभिभूत किया जायेगा। वहीं जनजातीय दलों द्वारा अगरबत्ती एवं फूल माला निर्माण का प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं बाला साहब देशपाण्डे उद्यान के निकट सूरजपुर के बायर नाचा दल द्वारा एवं अम्बेडकर चौक में मनेंद्रगढ़ के सुआ दल द्वारा पदयात्रा की अगुवाई की जाएगी। कुमार दिलीप सिंह जूदेव की प्रतिमा के पास नगा?ा बाजा के साथ नारायणपुर जिले के नृत्य दल द्वारा ककसार नृत्य का प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं रणजीता स्टेडियम में जनजातीय समाज के युवाओं एवं माई भारत युवा स्वयंसेवकों को संबोधित किया जाएगा।

# श्री बालाजी मेडिकल साइंस में वार्षिक सांस्कृतिक समारोह 'अविरल' का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

मोवा स्थित श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'अविरल' का आयोजन आज से 16 नवम्बर तक महाविद्यालय के सभागार में किया जाएगा। आज दोपहर 2 बजे फाईन आर्टस का उद्घाटन एस.बी.आई.एम. की एम.डी. डॉ. नीता नायक करेंगी। इस अवसर पर फाईन आर्टस की विभिन्न प्रतियोगिता में इंदू चटर्जी, शमिता चक्रवर्ती एवं के.के. अग्रवाल, निर्धायक के रूप में मौजूद रहेंगे। वहीं सांस्कृतिक समारोह का उद्घाटन आज दोपहर 3 बजे सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथी के रूप में पं. जेएनएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. विवेक चौधरी शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम में आज संगीत की विभिन्न स्पर्धा आयोजित की जाएगी। जिसमें सुगम गायन, सुगम वादन, समूह गान एवं युगल गान की स्पर्धा शामिल है। वहीं शाम को 'फैशन शो' का आयोजन किया जाएगा। जिसमें छात्र एवं छात्राओं के लिये मिस्टर एवं मिस, एसबीआईएमएस का चयन होगा। ग्रुप इवेंट में थीमबेस्ड फैशन शो होगा जिसे चार बैच के विद्यार्थी प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही 14 एवं 15 नवम्बर को एकल एवं समूह नृत्य के साथ-साथ लघुनाटक की भी स्पर्धा होगी। 15 नवम्बर को सायंकाल 4 बजे साहित्यिक एवं फाईन आर्टस की स्पर्धाओं में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथी डॉ.यू.एस. पैकरा, संचालक चिकित्सा शिक्षा होंगे। सांस्कृतिक समारोह का मुख्य कार्यक्रम 16 नवम्बर को होगा। जिसमें विभिन्न स्पर्धाओं में प्रथम पुरस्कार प्राप्त प्रस्तुतिओं का मंचन होगा। इस दिन सांस्कृतिक स्पर्धाओं के विजेताओं के साथ-साथ संस्था के मेधावी विद्यार्थियों को पद्म वितरित किये जायेंगे। जिसमें विद्यार्थियों के अभिभावक भी मौजूद रहेंगे। आयोजन के अंतिम दिन पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि राज्य के वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षा श्री बालाजी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. देवेन्द्र नायक एवं एमडी डॉ. नीता नायक करेंगी। विशिष्ट अतिथियों में डीन डॉ. देवश्री सरकार, डायरेक्टर सीए नितिन पटेल, डॉ. बीरेन्द्र पटेल, डॉ. पुष्पेन्द्र नायक, भोजराम पटेल, शोभेन्द्र पटेल, डॉ. दीपक जायसवाल एवं डॉ. कुलदीप छाबड़ा होंगे। वहीं सांस्कृतिक समिति के सभापति डॉ. मानिक चटर्जी, सचिव तेजस नायक, फाईन आर्टस समिति की चेयरपर्सन डॉ. नीरजा अग्रवाल, सचिव अभिषेक पटेल, साहित्यक परिषद् के सभापति डॉ. उमेश तिवारी, सचिव अमृत सिंह के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया जा रहा है।

# मतदाताओं को जागरूक करने कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह तथा एसएसपी संतोष सिंह के नेतृत्व में निकली स्वीप बाइक रैली

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




दक्षिण विधानसभा उप चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह तथा एसएसपी संतोष सिंह के नेतृत्व में स्वीप बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली कलेक्टोरेट परिसर रायपुर से आकाशवाणी चौक, टिकरापारा चौक, संजयनगर, संतोषीनगर, मठपुरैना, रायपुरा, सुंदरनगर, लाखेनगर, पुरानीबस्ती, कालीबाड़ी चौक, चंगोराभाठा, कुशालपुर, बुढ़ातालाब, सदरबाजार, कोतवाली थाना चौक, जयस्तंभ चौक, घड़ी चौक मोतीबाग चौक, व्हाइट हाउस नगर निगम गार्डन में समाप्त हुई। जहां पर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने उपस्थित प्रबुद्धजनों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला स्वीप नोडल अधिकारी विश्वदीप सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# जनजातीय गौरव दिवस पर प्रस्तुति देने आदिवासी नर्तक दल रायपुर पहुंचे



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 14 एवं 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस पर राज्य स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। दो दिवसीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित 17 राज्यों के आदिवासी नर्तक दल मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। जनजातीय गौरव दिवस पर अपने नृत्य की प्रस्तुति देने नर्तक दलों छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं। अरूणाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, तेलंगाना, राजस्थान और सिक्किम के आदिवासी नर्तक दल रायपुर पहुंच चुके हैं। अरूणाचल प्रदेश के नर्तक दल आदिलोक नृत्य नाटिका, उत्तराखंड के नर्तक दल झींझी, होली, हन्ना और दिया नृत्य, तेलंगाना के नर्तक दल माथुरी जनजाति नृत्य, राजस्थान के नर्तक दल वालर गरासिया गैर नृत्य और सिक्किम के नृतक दल सुब्बा लोक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति देंगे।

# चालू खरीफ वर्ष के लिए धान खरीदी व्यवस्था की प्रारंभिक तैयारियां पूर्ण : मंत्री दयालदास बघेल

## किसानों को धान विक्रय में सहूलियत के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था के निर्देश



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि प्रदेश के किसानों से धान खरीदी की योजना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में राज्य में 14 नवंबर से धान की खरीदी शुरू होने जा रही है। धान खरीदी के लिए सभी आवश्यक प्रारंभिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मंत्री बघेल ने अपने रायपुर स्थित निवास कार्यालय में राज्य स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी व्यवस्था की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने मंत्री बघेल को अवगत कराया कि धान उपार्जन के संबंध में संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। राज्य में 2739 उपार्जन केन्द्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान क्रय किया जायेगा। खाद्य मंत्री बघेल ने बताया कि इस खरीफ सीजन के लिए प्रदेश में पंजीकृत कुषकों की संख्या 27,01,109 है। इस वर्ष 1,35,891 नये किसान पंजीकृत हुए हैं, जिससे 1,36,263 हेक्टेयर नवीन रक्बों का पंजीयन किया गया है। कुल 34,51,729 हेक्टेयर रक्बे में पंजीयन अनुसार धान उपार्जन का अनुमान है। सभी उपार्जन केन्द्रों में बायोमैट्रिक डिवाईस के माध्यम से उपार्जन की व्यवस्था की गई है। छोटे, सीमांत और बड़े कृषकों के द्वारा उपजाये गए धान को निर्धारित समर्थन मूल्य में खरीदा जाएगा। इसके लिए 07 नवंबर से ही टोकन आवेदन की व्यवस्था आरंभ कर दी गई है। खरीदी सीजन में लघु एवं सीमांत कृषकों को अधिकतम 2 टोकन एवं बड़े कृषकों को 3 टोकन की पात्रता होगी। मंत्री बघेल ने बताया कि धान खरीदी अवधि 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 के दौरान किसान अपना धान खरीदी केन्द्रों में लाकर समर्थन मूल्य पर विक्रय कर सकते है। खरीदी केंद्रों में तौल हेतु इलेक्ट्रानिक कांटा-बांट की व्यवस्था किया गया है। खरीदी केंद्रों से धान का उठाव मिलर एवं परिवहनकर्ता के माध्यम से समयानुसार कराने के निर्देश दिये गये है। सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था से लेकर छांव, पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि धान उपार्जन केन्द्रों में शिकायत एवं निवारण के लिये हेल्प लाइन नंबर भी चस्पा कर दिये गये हैं।

### मुख्यमंत्री साय ने गजानन माधव मुक्तिबोध की जयंती पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार गजानन माधव मुक्तिबोध की 13 नवम्बर को जयंती पर उन्हें नमन किया है। साय ने कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हिन्दी साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर और इस युग के महान कवि गजानन माधव मुक्तिबोध जी की कर्मभूमि छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी राजनांदगांव रही है।कवि, आलोचक, निबंधकार, कहानीकार तथा उपन्यासकार के रूप में उन्होंने अमूल्य साहित्य की रचना की है। उन्हें आधुनिक हिंदी कविता के अग्रदूतों में से एक माना जाता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गजानन माधव मुक्तिबोध को स्मरण करते हुए कहा है कि मुक्तिबोध ने साहित्य की अनेक विधाओं में अपनी लेखनी से अमिट छाप छोड़ी है।


एनएमडीसी स्टील लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
नगरनार, जगदलपुर, छत्तीसगढ़ – 494001
CIN: U27310CT2015GOI001618

30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अ–लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश

भारतीय रुपए-करोड़ में

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त छमाही | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30-सितम्बर-2024 | 30-जून-2024 | 30-सितम्बर-2023 | 30-सितम्बर-2024 | 30-सितम्बर-2023 | 31-मार्च-2024 |
| | | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 1,522.35 | 2,022.91 | 277.41 | 3,545.26 | 277.41 | 3,048.99 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ / (हानि) (कर विशिष्ट, तथा / अथवा असाधारण मदों बंद चालनों से पूर्व) | (828.93) | (772.01) | (174.66) | (1,600.94) | (174.66) | (2,201.02) |
| 3 | अवधि के लिए कर से पूर्व निवल लाभ / (हानि) (विशिष्ट, तथा / अथवा असाधारण मदों बंद प्रचालनों के पश्चात) | (828.93) | (772.01) | (174.66) | (1,600.94) | (174.66) | (2,201.02) |
| 4 | अवधि के लिए कर पश्चात निवल लाभ /(हानि) (विशिष्ट तथा / अथवा असाधारण मदों के पश्चात) | (595.37) | (547.25) | (131.10) | (1,142.62) | (131.10) | (1,560.32) |
| 5 | अवधि के लिए कुल समेकित आय {(अवधि के लिए (कर पश्चात) (लाभ / (हानि) सहित तथा अन्य समेकित आय (कर पश्चात)} | (595.37) | (547.25) | (131.10) | (1,142.62) | (131.10) | (1,560.32) |
| 6 | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक का अंकित मूल्य रु.10/-) | 2,930.61 | 2,930.61 | 2,930.61 | 2,930.61 | 2,930.61 | 2,930.61 |
| 7 | अन्य इक्विटी (बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | 11,415.04 | 12,010.41 | 13,986.87 | 11,415.04 | 13,986.87 | 12,557.65 |
| 8 | नेटवर्थ | 14,345.65 | 14,941.02 | 16,917.48 | 14,345.65 | 16,917.48 | 15,488.26 |
| 9 | प्रति शेयर अर्जन (प्रत्येक रु.10/-) मूल (रुपए मे) | (2.03) | (1.87) | (0.45) | (3.90) | (0.45) | (5.32) |
| 10 | डाइल्यूटेड (रुपए मे) | (2.03) | (1.87) | (0.45) | (3.90) | (0.45) | (5.32) |

टिप्पणी:
i) कंपनी ने 31.08.2023 से अपना वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर दिया है।
ii) उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 और 52 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर तिमाही और अर्ध-वार्षिक परिणामों के विस्तृत प्रारूपों का एक उद्धरण है। तिमाही और अर्ध-वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों (www.nseindia.com and www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट www.nmdcsteel.nmdc.co.in पर उपलब्ध हैं।

एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के निदेशक मंडल की ओर से
हस्ता/-
(अमिताभ मुखर्जी)
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) एवं निदेशक (वित्त) डिन नं. 08265207

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 12 नवंबर 2024







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403